सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:43

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.0 न्यू | 11.4 अधि |
| धर्मशाला | 4.5 न्यू | 12.6 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77378.91 |
| निफ्टी | 23431.50 |
| सोना | 79,470 |
| चांदी | 93,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 12 जनवरी 2025 | 29 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 25, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



विक्रमादित्य ने नवनिर्मित पशु चिकित्सालय भवन का किया लोकार्पण

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### एआई सम्मेलन में शामिल होने फ्रांस जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले माह फ्रांस में 10-11 फरवरी को होने वाले एआई एक्शन सम्मेलन में शिरकत करेंगे। यह जानकारी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दी। इस सम्मेलन में एआई को लेकर अंतरराष्ट्रीय विमर्श होगा। मैक्रों ने कहा कि पीएम मोदी का यह अहम दौरा होगा, क्योंकि हम सभी एआई ताकतों से इसे लेकर चर्चा करना चाहते हैं। सम्मेलन में नवाचार, टैलेंट पर फोकस किया जाएगा और इससे फ्रांस और यूरोप को वैश्विक एआई परिदृश्य में केंद्र में रखा जाएगा।



### शमी की भारतीय टीम में वापसी, बुमराह को आराम

**मुंबई।** इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी हो गई है। वह वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के 14 महीने बाद इंटरनेशनल मैच खेलेंगे। वहीं, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया है। **टीमः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती व वॉशिंगटन सुंदर।

### निकोलस मादुरो तीसरी बार बने वेनेजुएला के राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला में निकोलस मादुरो ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में क्यूबा, निकारागुआ के राष्ट्रपति शामिल हुए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति के रूप में तीसरी बार शपथ लेने के बाद मादुरो ने संवैधानिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए व्यापक वार्ता प्रक्रिया का आह्वान किया। उनके मुताबिक यह वेनेजुएला को और लोकतांत्रिक बनाएगा।



### बारामूला में लश्कर के तीन सदस्य गिरफ्तार

**जम्मू।** सेना के जवानों ने उत्तरी-कश्मीर के बारामूला जिले में लश्कर के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पट्टन इलाके के पास वाहनों की नियमित जांच के दौरान वाहन से एक एके-47 राइफल, 256 राउंड गोला-बारूद के साथ तीन मैगजीन, 21 राउंड गोलियों के साथ एक पिस्टल और अन्य सामान भी बरामद किया। बडगाम जिले के खानसाब निवासी फैयाज अहमद अहंगर, खितांगन बारामूला के बशारत सुल्तान माग्रे और कुपवाड़ा जिले के चौकड़ी तंगधार निवासी रईस अहमद नजर को गिरफ्तार किया है।



### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सरकार के बड़े-बड़े दावे हवा हवाई साबित हो रहेः जयराम -पेज 3
- बस में हरियाणा के युवक से 495 ग्राम चरस बरामद -पेज 9
- झावराणी से सड़क सुविधा से जुड़ा बगलामुखी मंदिर -पेज 10
- अमेरिका में आग से करोड़ों की संपत्ति स्वाह, 11 की मौत -पेज 13
- सीरीज जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम -पेज 14

# महाकुंभ में अभेद्य डिजिटल सिक्योरिटी, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों की नजर

**एजेंसी, प्रयागराज**

**महाकुंभ** को अभेद्य बनाने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। डिजिटल सिक्योरिटी और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों की नजर होगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 2700 से ज्यादा एआई सीसीटीवी महाकुंभ नगर में लगाए गए हैं, जो सीधे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे और उसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम को देंगे।

महाकुंभ में 37,000 पुलिसकर्मी और 14,000 होमगार्ड तैनात किए हैं। इसके साथ ही एनएसजी, एटीएस, एसटीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी चौकसी बरत रही हैं। सीसीटीवी और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में हर कोना रहेगा।




### योगी की घोषणा, सभी जिलों से चलेंगी बसें

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संगम स्नान के लिए प्रदेश के सभी जिलों से बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। यूपी रोडवेज की ओर से 7000 बसें चलाने की तैयारी है। वहीं, मेला क्षेत्र के लिए 550 शटल बसें भी चलाई जा रही हैं।

### टोल प्लाजा पर नहीं लगेगा टोल टैक्स

**नेशनल** हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को एक बड़ी राहत देते हुए प्रयागराज-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंधियारी टोल प्लाजा को 28 फरवरी तक टोल टैक्स से मुक्त कर दिया है।

### महाकुंभ में निर्मल अखाड़े की आज होगी एंट्री

**निर्मल** अखाड़ा पूरी भव्यता के साथ महाकुंभ मेले में रविवार को प्रवेश करेगा। कीडगंज स्थित आश्रम से निर्मल अखाड़े की शोभायात्रा छावनी में प्रवेश करेगी। निर्मल अखाड़े के संत, महंत, महामंडलेश्वर और आचार्य शोभायात्रा में शामिल होंगे।

### महाकुंभ में दान दी बच्ची का संन्यास वापस, महंत निष्कासित

**प्रयागराज** महाकुंभ में दीक्षा लेने वाली 13 साल की लड़की का संन्यास 6 दिन में ही वापस हो गया। दीक्षा दिलाने वाले महंत कौशल गिरि को जूना अखाड़े से 7 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने नाबालिग को गलत तरीके से शिष्य बनाया था।



### योगी ने रामलला के चरणों में झुकाया शीश




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर अयोध्या पहुंचकर दर्शन और पूजन किया। मुख्यमंत्री ने साधु संतों के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया और नृत्य गोपाल दास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वर्षगांठ समारोह की शुरुआत यजुर्वेद के पाठ से हुई। दोपहर 12:20 बजे भगवान की भव्य आरती हुई। इसके बाद भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। वहीं, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी।

# हड़ेटा में चीड़ के जंगल में बनेगा नवजीवन नेचर पार्क

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया चार करोड़ की परियोजना का शिलान्यास

**विक्रम ढटवालिया, हड़ेटा**

**नादौन** विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित हड़ेटा के चीड़ के जंगल में चार करोड़ की लागत से नेचर पार्क का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड लाइवलीहुड जनरेशन परियोजना (नवजीवन) की आधारशिला रखी। इसके लिए 2 करोड़ पहले चरण में जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के लिए नया पटवार सर्किल खोलने का ऐलान भी किया।

उन्होंने कहा कि जोल-सप्पड़ में बना रहे मेडिकल कॉलेज के कैंपस में 85 करोड़ की लागत से कैंसर अस्पताल का निर्माण हो रहा है। इसके लिए राशि जारी कर दी है। इसके बाद सीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस परियोजना के तहत चिल्ड्रन पार्क, वॉकिंग ट्रेल, योगा की सुविधा, कैफेटेरिया, वॉच टावर व तीन कॉटेज सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना से क्षेत्र में इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और उनकी आय में भी वृद्धि होगी। (अनंत ज्ञान)

**पटवार सर्किल खोलने का किया ऐलान**




हड़ेटा में नवजीवन नेचर पार्क का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### भाजपा सरकार ने बिना स्टाफ खोले संस्थान

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हमीरपुर जिले में सभी सड़कों को टू लेन बनाने का सिलसिला शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने बिना स्टाफ और संसाधनों के सरकारी संस्थान खोल दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार कर रही है। स्वास्थ्य संस्थानों में अत्याधुनिक मशीनें स्थापित करने के लिए 1500 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। आईजीएमसी शिमला में 27 करोड़ से पैट स्कैन और टांडा, हमीरपुर, नेरचौक चिकित्सा महाविद्यालय और अटल सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान चमियाणा में '3-टेस्ला' एमआरआई मशीनें स्थापित की जा रही हैं।

# रोहतांग दर्रा, कोकसर और अटल टनल में बर्फबारी




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। शनिवार को ऊंचाई वाली चोटियों पर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। रोहतांग दर्रा, कोकसर और अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के आसपास हल्की बर्फबारी हुई है, जबकि कुल्लू व शिमला में सुबह से बादल छाए हुए रहे। पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद प्रदेशभर में ठंड बढ़ गई है। वहीं, वीकेंड पर कुल्लू-मनाली घूमने आए पर्यटकों ने बर्फबारी का खूब आनंद उठाया।

अटल टनल होकर कई पर्यटक लाहौल पहुंचे। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 12 जनवरी को मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी व निचले पर्वतीय मैदानी क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई है। 13 से 15 जनवरी तक मौसम साफ रहेगा। 16 व 17 जनवरी को फिर से कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है।

### मैदानी क्षेत्रों में शीतलहर और कोहरे का अलर्ट

**आगामी** 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। अगले तीन दिन तक राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। 12 से 15 जनवरी तक सुबह और देर रात के समय निचले पहाड़ी-मैदानी क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने का अलर्ट जारी किया है।

### न्यूनतम तापमान

| | |
|---|---|
| शिमला | 6.0 डिग्री |
| भुंतर | 1.6 डिग्री |
| कल्पा | 0.2 डिग्री |
| धर्मशाला | 4.5 डिग्री |
| ऊना | 4.4 डिग्री |
| मनाली | -0.9 डिग्री |
| डलहौजी | 4.0 डिग्री |
| कुफरी | 4.8 डिग्री |
| कुकुमसेरी | -4.9 डिग्री |
| नारकंडा | 3.1 डिग्री |
| रिकांगपिओ | 2.6 डिग्री |
| समदो | -5.9 डिग्री |
| कसौली | 5.4 डिग्री |
| ताबो | -10.2 डिग्री |
| बजौरा | 3.2 डिग्री |

### असम में 10 माह का बच्चा एचएमपीवी से संक्रमित

**डिब्रूगढ़।** असम में 10 महीने का बच्चा 'ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस' (एचएमपीवी) से संक्रमित पाया गया है। असम में यह पहला मामला है। अधिकारियों ने बताया कि बच्चे का डिब्रूगढ़ स्थित असम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एएमसीएच) में इलाज हो रहा है और अब उसकी हालत स्थिर है। एएमसीएच के अधीक्षक डॉ. ध्रुबज्योति भुइयां ने कहा कि लाहौल स्थित आईसीएमआर-आरएमआरसी से परीक्षण के नतीजे मिलने के बाद एचएमपीवी संक्रमण की पुष्टि हुई। देशभर में अभी तक 16 मामले आ चुके हैं। गुजरात में 4, महाराष्ट्र में 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, यूपी, राजस्थान, असम और बंगाल में एक-एक केस आया है।

# कैग का खुलासा, दिल्ली में 2,026 करोड़ का शराब घोटाला

## प्रेसवार्ता में बोले अनुराग ठाकुर- केजरीवाल ही शराब घोटाले के किंगपिन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कैग रिपोर्ट के 10 निष्कर्षों को मीडिया के समक्ष रखा और शराब घोटाले के जरिए हुए 2,026 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान के लिए आम आदमी पार्टी की जमकर आलोचना की।




अनुराग ने कैग रिपोर्ट को पेश न करने को लेकर आम आदमी पार्टी से तीखे प्रश्न करते हुए अरविंद केजरीवाल पर जनता को ठगने के आरोप लगाए। उन्होंने केजरीवाल को शराब घोटाले का किंगपिन बताया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025 है, लेकिन शराब घोटाला 2026 करोड़ का हुआ है। 'आप' ने कहा था कि पाठशाला बनाएंगे,लेकिन पाठशाला की जगह मधुशाला जरूर बना दी। 10 वर्षों की घोटालों की यात्रा 'आप' के 'पाप' की यात्रा है। आम आदमी पार्टी की सरकार के 8 मंत्री जेल गए, 15 विधायक जेल गए, 1 सांसद जेल गया और मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री भी जेल गए हैं। उन्होंने कहा कि शराब नीति के उद्देश्यों के साथ खिलवाड़ हुआ, विशेषज्ञ पैनल की राय को मंत्रियों के समूह ने नजरअंदाज किया, शिकायतों के बावजूद संस्थाओं को बोली लगाने की अनुमति दी गई, बोली लगाने वालों की वित्तीय स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया, लाइसेंस जारी करने के दौरान भी नियमों का उल्लंघन किया गया, उल्लंघन करने वालों को कोई सजा नहीं दी गई और मूल्य निर्धारण में भी पारदर्शिता की कमी पाई गई।

### 'आप के पाप'

- निष्कर्ष 1 : 2,026 करोड़ की राजस्व हानि
- निष्कर्ष 2 : नीति के उद्देश्यों से विचलन
- निष्कर्ष 3 : विशेषज्ञ पैनल की सिफारिशों को जीओएम ने नजरअंदाज किया
- निष्कर्ष 4 : शिकायतों के बावजूद सभी संस्थाओं को बोली लगाने की अनुमति दी
- निष्कर्ष 5 : बोलीदाताओं की वित्तीय स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया
- निष्कर्ष 6 : लाइसेंस जारी करने में उल्लंघन
- निष्कर्ष 7 : उल्लंघनों पर जुर्माना नहीं लगाया गया
- निष्कर्ष 8 : मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता की कमी
- निष्कर्ष 9 : कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर कैबिनेट और एलजी की मंजूरी नहीं ली गई
- निष्कर्ष 10 : आबकारी नियमों को अनुमोदन के लिए विधानसभा के समक्ष नहीं रखा गया

# आबकारी नीति पर कैग रिपोर्ट ने खोली केजरीवाल की पोल: नड्डा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली सरकार की आबकारी नीति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट ने जानबूझकर की गई 'चूक' को उजागर किया है, जिससे सरकारी खजाने को 2,026 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। नड्डा ने 'एक्स' पर कहा कि सत्ता के नशे में चूर, कुशासन में डूबे, लूट का 'आप'दा मॉडल पूरी तरह से उजागर है और वह भी शराब जैसी चीज पर।' 'आप' सरकार को सत्ता से बाहर करने और उसके गलत कामों के लिए दंडित किए जाने में बस कुछ ही सप्ताह बाकी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति तैयार करने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। दोनों को कई महीने जेल में बिताने के बाद जमानत पर रिहा किया गया। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। वहीं, 'आप' के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि रिपोर्ट कहां है? भाजपा खुद कहती रहती है कि कैग की कोई रिपोर्ट पेश नहीं की गई है।



**प्रसंग** अंग्रेजों ने माना आरामगाह और अब पांच पहाड़ियों पर बसे शहर में उमड़ रहे देश-विदेश के पर्यटक

# अंग्रेज ऑफिसर के बसाए डलहौजी ने खुद बनाई पहचान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

**ब्रिटिश** हुकूमत के ऑफिसर तत्कालीन वायसराय लॉर्ड डलहौजी के नाम पर बसे डलहौजी शहर की कहानी बेहद रोचक है। बेशक यह शहर अंग्रेज ऑफिसर ने बसाया, लेकिन समय के बदलते चक्र के साथ इस शहर ने अपनी खूबसूरती के दम पर अलग ही पहचान बना ली।

पांच पहाड़ियों कठलौंग, पोट्रेन, तेहरा, बकरोटा और बलुन पर बसे डलहौजी शहर को निहारने देश-विदेश के पर्यटक यहां पहुंचते हैं। न्यू ईयर सेलिब्रेशन पर यहां पर्यटकों का हुजूम उमड़ता है। बर्फ देखने की चाह में भी सर्दियों के दिनों में यहां बेशुमार पर्यटक आते हैं। लॉर्ड डलहौजी ने जब 1854 में इस शहर को बसाया और विकसित किया था, तब यह किसी ने नहीं सोचा था कि एक दिन यह शहर विश्व के पर्यटन मानचित्र पर छा जाएगा। हालांकि, लॉर्ड डलहौजी कभी भी डलहौजी नहीं आए, लेकिन अंग्रेज सैनिक और नौकरशाह अपनी गर्मी की छुट्टियां बिताने यहां जरूर आते थे यानी अंग्रेजों ने गर्मियों में डलहौजी को अपनी आरामगाह माना था। (अनंत ज्ञान)




### नेताजी, टैगोर और भगत सिंह के चाचा की यादें

**आजादी** की लड़ाई के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने बीमारीकाल का समय डलहौजी की हसीन वादियों में ही गुजारा। कविराज रवींद्रनाथ टैगोर ने अपनी पहली कविता की रचना डलहौजी में रहकर ही की थी। शहीद-ए-आजम भगत सिंह के चाचा सरदार अजीत सिंह भी यहीं शहीद हुए थे, जिनकी याद में आज भी स्थानीय क्षेत्रवासी हर वर्ष 15 अगस्त को मेले के रूप में मना कर उन्हें याद करते हैं।

### डलहौजी शहर का नाम बदलने पर सियासत

**लॉर्ड** डलहौजी के नाम पर बसे शहर का नाम बदलने की मांग भी उठी थी। हालांकि, इस मसले पर विरोध हुआ और मामले ने राजनीतिक रंगत ले ली। भाजपा व कांग्रेस मसले पर आमने-सामने हुई थी। राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने तत्कालीन राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को बकायदा खत लिखकर दलील दी थी कि इस शहर का नाम बदलकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर कर दिया जाए। स्वामी ने लिखा था कि वर्ष 1992 में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भी इसे लेकर एक अधिसूचना जारी की थी, लेकिन बाद में कांग्रेस सरकार ने उसे रद्द कर आदेश पलट दिया था।

# डार्क वेब, क्रिप्टो करंसी व ड्रोन देश के लिए बने चुनौती: शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि डार्क वेब, क्रिप्टो करंसी, ऑनलाइन मार्केटप्लेस और ड्रोन देश के लिए चुनौती बने हुए हैं और इनको लेकर सख्त कदम उठाने होंगे। शाह ने मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि सरकार ने न केवल मादक पदार्थों के कई नेटवर्क को खत्म करने में सफलता पाई है, बल्कि उनसे जुड़े आतंकवाद को भी नष्ट किया है।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, गुजरात और उत्तर प्रदेश में नार्को-आतंकवाद के कई मामलों का भंडाफोड़ किया गया है और ये बड़ी उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और विकास के लिए राज्यों और केंद्र सरकार व टेक्नोक्रेट के संयुक्त प्रयासों से इन समस्याओं का तकनीकी समाधान निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई को नई ताकत मिली है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से ग्रस्त युवा पीढ़ी के साथ कोई भी देश विकास के पथ पर आगे नहीं बढ़ सकता।



### 10 साल में मादक पदार्थ की जब्ती में सात गुना वृद्धि

**शाह** ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मादक पदार्थ की जब्ती में सात गुना वृद्धि हुई है जो एक बड़ी उपलब्धि है। मोदी सरकार ने सख्त कार्रवाई के जरिए मादक पदार्थ के पूरे तंत्र को नष्ट करने का कड़ा संदेश दिया है। शाह ने कहा कि 2024 में 16,914 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त करके देशभर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई की, जो नशा मुक्त समाज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. राहुल और डॉ. भरत ने विशेषज्ञता की हासिल



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ न्यू दिल्ली से चयनित डॉ. राहुल कुमार जबलपुर मध्य प्रदेश से तथा डॉ. भरत सिंह जयपुर राजस्थान से आए हुए डॉक्टरों ने अपनी एनोरेक्टल (क्षारसूत्र ) में विशेषज्ञता की। मंडी (हिमाचल प्रदेश) में नेशनल गुरु की उपाधि पा चुके गुरु डॉक्टर नागेंद्र पाल पटियाल के यहां प्रकाश देई मेमोरियल हॉस्पिटल में अपनी शोध एवं मोनोग्राफ सबमिट करवा के पूर्ण की है जो कि थाना, गोपालपुर, तहसील सरकाघाट जिला मंडी में स्थित है। बताते चलें डॉ. नागेंद्र पाल पटियाल ने अपनी सेवाएं भोरंज उपमंडल के सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल मन्वी व जिला आयुर्वेद अस्पताल हमीरपुर में दी है और सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने गांव थाना, गोपालपुर, तहसील सरकाघाट जिला मंडी में निजी अस्पताल स्थापित कर लोगों को सेवा कर रहे हैं, साथ नए प्रशिक्षुओं को सीखा कर पूरे समाज की सेवा कर रहे हैं।

### संस्था ने जरूरतमंदों को दी सहायता राशि



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी ने हर महीने की तरह इस महीने भी गरीब लोगों को 75000 रूपए की धनराशी वितरित की। इसमें वे सब लोग हैं, जो विभिन्न समस्यों के ग्रसित हैं और अपनी समस्या को हल करने में असमर्थ हैं। संस्था के संस्थापक डॉ. पीसी सैणी ने बताया कि संस्था गरीबों को समर्पित है और इसका ध्येय सिर्फ और सिर्फ गरीब व असहायों की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि यह संस्था लगभग पिछले 20 वर्षों से गरीब व असहाय लोगों की सेवा करती आ रही है। संस्था हर जरूरतमंद गरीब तक पहुंचना चाहती है।

### सभा ने विकलांग को प्रदान की व्हील चेयर



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा की समाजसेवी संस्था सर्व समाज कल्याण सभा अपनी समाजिक गतिविधियों के साथ-साथ समाजिक कार्यों को करवाने में बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। संस्था समाज सेवा के इसी क्रम को जारी रखते हुए इस संस्था द्वारा आज ग्राम पंचायत बड़ा के गांव चमराल के 73 वर्षीय विकलांग अजीत सिंह जरियाल को व्हील चेयर प्रदान की। इस दौरान संस्था के वॉइस प्रेजिडेंट अजीत शर्मा, वॉइस सेक्रेटरी परमजीत सिंह, संस्था के वयोवृद्ध सदस्य गुरदियाल सिंह, सुर्दशन सिंह जरियाल, पुरषोतम सिंह, तिलक राज, जगदीश पटियाल, जीत धीमान आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। संस्था के कोषाध्यक्ष सुदर्शन सिंह जरियाल ने बताया कि सर्व समाज कल्याण सभा बड़ा अब तक क्षेत्र के कई जरूरतमंद परिवारों की लड़कियों की शादियां करवाने में आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी है। हमारी यह संस्था पंचायत के विकास कार्यों को करवाने एवं क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं के साथ हमेशा आगे रहती है।

### रेडक्रॉस मेले के लिए योगदान देने की सराहना



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की मासिक बैठक सागर स्पोर्ट्स अकादमी भरेड़ी स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता कैप्टन राजिंदर सिंह बीडीसी चेयरमैन भोरंज ब्लॉक ने की। बैठक में सभी सदस्यों ने रेडक्रॉस यूनिट भोरंज द्वारा फरवरी 2025 में आयोजित किए जाने वाले रेडक्रॉस मेले के लिए योगदान देने की सराहना की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वरिष्ठ नागरिक भोरंज के सचिवालय में आयोजित किए जा रहे लोहड़ी महोत्सव में भाग लेंगे। बैठक में मनोहर लाल शर्मा, केएस भंडारी, जगदेव ठाकुर, महेश कौंडल, प्रताप शर्मा, बीसी कौशल, किशोर लाल और विद्यासागर शर्मा शामिल हुए।

### विद्यार्थी परिषद के शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला हमीरपुर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी व सेवार्थ एनजीओ के अध्यक्ष विनोद ठाकुर, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र शर्मा उत्तर क्षेत्रीय सह व्यवस्था प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विशेष रूप से हमीरपुर जिला संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अभाविप के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान, मानव सेवा में सर्वोत्तम दान है व रक्तदान करने हेतु युवाओं को बिना डरे आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेकर ऐसे ही कार्य समाज हित में करने चाहिएं। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित अभाविप के जिला संगठन मंत्री ने विद्यार्थी परिषद के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभाविप अपने स्थापना काल से लगातार विद्यार्थी हितों में कार्य करने के साथ-साथ समाज हित में भी कार्य कर रही है।

# पूर्व प्रधान से कोई नाराजगी नहीं, सहमति से ही हुआ है चुनाव

**हमीरपुर** में तकरीबन दो सप्ताह पहले हुए व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर इन दिनों टोका-टाकी का माहौल शुरू हो चुका है। पूर्व प्रधान अनिल सोनी और उनके समर्थक भी नाराज बताए जा रहे हैं, इसलिए कुछ व्यापारियों ने इन चुनावों को लेकर हस्ताक्षर अभियान चला रखा है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष **सुमित ठाकुर** से इस विवाद और व्यापारियों से जुड़ी हुई समस्याओं को लेकर कई मुद्दों पर बातचीत की। पेश हैं ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** के साथ हुई उनकी बातचीत के मुख्यांश:-

*सवाल: सदस्यता अभियान पूरा किए बगैर ही चुनाव बैठक हो गई, इस पर क्या विवाद है?*
**जवाब:** विवाद कोई नहीं है, जनरल हाउस की बैठक हुई। पूर्व प्रधान अनिल सोनी ने इस पर सहमति जताई थी। उन्होंने मेरे नाम पर हामी भरी थी। दूसरा कोई नाम नहीं था। इसलिए जो बैठक हुई, उसमें मेरे नाम का प्रस्ताव पारित हो गया और मुझे अध्यक्ष बना दिया गया।

*सवाल: पूर्व प्रधान अनिल सोनी तो इस बैठक में आए ही नहीं थे, उन्हें क्यों नहीं बुलाया गया?*
**जवाब:** उन्हें बुलाया गया था। वह किन्ही कारणों से बैठक में नहीं आ पाए, लेकिन उन्होंने मुझे अध्यक्ष बनने को लेकर अपनी सहमति दी थी। इसीलिए चुनाव बैठक में दूसरा कोई नाम नहीं आया था। वह नाराज नहीं हैं, उनके कुछ लोग बैठक में नहीं आए थे।

*सवाल: अब इस विवाद पर क्या करेंगे? क्या सदस्यता अभियान मुकम्मल होने पर जनरल हाउस का इरादा है?*
**जवाब:** बिल्कुल जी, मेंबरशिप ट्रायल अध्यक्ष बनेगा। तीन या चार महीनों में इस अभियान को मुकम्मल करके फिर जनरल हाउस व्यापारियों का होगा। उसमें वे जो भी तय करेंगे, वही होगा। यदि वे चाहेंगे कि फिर से चुनाव हो जाएं तो उसमें कोई संकोच नहीं।



*सवाल: ऑनलाइन व्यापार और ट्रेड मार्केट को लेकर क्या रवैया है व्यापार मंडल का?*
**जवाब:** ऑनलाइन व्यापार का मुद्दा गंभीर है। सेंटर गवर्नमेंट से इस पर व्यापारियों की बातचीत चल रही है। इसके अलावा ट्रेड फेयर को लेकर हम उसके विरोधी नहीं है, लेकिन क्वालिटी सामान मिले। लोगों को फायदा हो, तो ठीक है। टैक्स चोरी करके यदि घटिया सामान उसमें उपभोक्ताओं को परोसा जाएगा तो फिर व्यापार मंडल उसका विरोधी रहेगा, लेकिन अच्छे सामान को लोगों के घरों तक पहुंचाने के लिए यदि ट्रेड फेयर लगें तो ठीक है।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष से
**विशेष बातचीत**

*सवाल: व्यापारियों के लिए आप क्या करेंगे? व्यापार मंडल का उनके प्रति क्या दायित्व रहता है?*
**जवाब:** हमीरपुर में व्यापारियों का एक भवन बनाने की भी सोच है। इसमें ऑफिस भी होगा और मिल बैठकर उसमें व्यापारियों के हितों के लिए चर्चा हो सके। उन्हें उठने बैठने की सहूलियत मिल सके।

*सवाल: अतिक्रमण इस शहर की गंभीर समस्या है। व्यापार मंडल का रवैया क्या रहेगा?*
**जवाब:** मिल बैठकर बातचीत करेंगे। सामान बाहर रखने की जरूरत नहीं है। शहर के कुछ चुनिंदा व्यापारी ही ऐसा करते हैं। अच्छे से यदि दुकान के भीतर नाली तक डिस्प्ले कर बढ़िया से सामान को रखेंगे, तो सड़क तक फैलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रशासन और लोगों को राहत मिले, इस पर काम होगा।

*सवाल: सरकारी स्कीमों का बहुत सारे व्यापारियों को पता ही नहीं होता?*
**जवाब:** राज्य और केंद्र सरकार की कई बहुत सारी ऐसी योजनाएं रहती हैं, जो व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने में मददगार होती हैं, लेकिन बहुत सारे व्यापारियों को इनका ज्ञान ही नहीं होता। इसलिए इन पर भी जनरल हाउस में या फिर बैठकों में चर्चा करके उनका फायदा व्यापारियों को मिले, इस पर काम होगा।

*सवाल: अब तो नगर निगम बन गया है, फिर व्यापार मंडल का दायरा कहां तक होगा?*
**जवाब:** निश्चित रूप में नगर परिषद के दायरे में पहले हम लोग सीमित थे। अब नगर निगम का दायरा बढ़ गया है। 3000 के आसपास व्यापारी इसमें शामिल होंगे। इस दायरे को निश्चित रूप में बढ़ाना पड़ेगा। बाकी बैठक में तय होगा।

# हड़ेटा को पटवार सर्किल की सौगात

## सीएम ने नया पंचायत घर बनाने का भी किया ऐलान, सेरा में मौके पर निपटाईं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, नादौन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र के हड़ेटा में अपने प्रवास के दौरान कई सौगातें दीं। उन्होंने जहां हड़ेटा में नया पटवार सर्किल खोलने की घोषणा की तो वहीं, नया पंचायत घर बनाने का ऐलान भी किया।

वहीं, उन्होंने सेरा विश्रामगृह में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर निपटारा किया तथा कुछ समस्याओं को निपटाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उनसे कई प्रतिनिधिमंडल भी मिले। मुख्यमंत्री अपने नादौन स्थित मिनी सचिवालय भी गए, जहां उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर आयोजित उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में वर्चुअली हिस्सा लिया। बाद में मिनी सचिवालय परिसर में पत्रकारों से बातचीत की तथा कहा कि ज्वालामुखी से बाबा बालक नाथ मंदिर को जाने वाले सड़क मार्ग के किनारे पार्क बनाया जा रहा है, जिसका फायदा श्रद्धालुओं को होगा। यहां चीड़ का घना जंगल है। इस पार्क को बनाने के लिए सर्वे करवाया गया था और इस स्थान को इसके निर्माण के लिए बेहतर पाया गया।





सेरा विश्रामगृह में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री, (दाएं) मुख्यमंत्री अपने घर भगराण में पहुंचे और अपनी माता संसारी देवी के पांव छूकर उन्होंने आशीर्वाद लिया।

### हर विस क्षेत्र में खोले जा रहे डे-बोर्डिंग स्कूल

**हर** विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। चुनावी लाभ के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने 5,000 करोड़ रुपए की रेवड़ियां बांट दी और साधन संपन्न लोगों को भी सब्सिडी दे दी।

### नादौन को मंत्री के बजाए मिला मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से क्षेत्र की जनता उन्हें आशीर्वाद दे रही है। उन्होंने कहा कि गलोड़ की 12 पंचायतें परिसीमन के बाद जब नादौन विधानसभा क्षेत्र में सम्मिलित हुईं तो यहां की जनता कहती थी कि क्षेत्र से कभी कोई मंत्री नहीं रहा, लेकिन आज उनको मंत्री की बजाए मुख्यमंत्री मिला है।

**पंचायत की सीमा पर किया गया मुख्यमंत्री का स्वागत :** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नादौन से जब हड़ेटा गए तो रास्ते में आने वाली हर पंचायत की सीमा पर उनका काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। स्वागत करने वाली करीब एक दर्जन पंचायतों में किटपल, झलान, बदारन, धनेटा, मालग, बढेड़ा, पन्याली, लहड़ा, गलोड़ व हड़ेटा आदि शामिल हैं। वहीं, मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर आयोजित उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में वर्चुअली हिस्सा लिया जिसकी वजह से मुख्यमंत्री हड़ेटा में आयोजित कार्यक्रम में लेट पहुंचे। हड़ेटा में भारी संख्या में भीड़ उनका इंतजार कर रही थी।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में कांगड़ा सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा, सुमन भारती, कैप्टन पृथ्वी चंद, कैप्टन प्रेम चंद, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### सीमित विभागीय पदोन्नति के लिए कोटा तय करे सरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नई शिक्षा नीति के अनुसार पदोन्नति के लिए केवल वरिष्ठता को एकमात्र मापदंड नहीं माना जा सकता और एनसीटीई ने इसके लिए परीक्षा और दक्षता आधारित पद्धति बनाई है, जिसके तहत शिक्षकों हेतु राष्ट्रीय व्यावसायिक मापदंड तय किए हैं। प्रदेश में अब तक शिक्षकों की प्रमोशन केवल वरिष्ठता से होती है और प्रतिस्पर्धा या परीक्षा के लिए कोई स्थान नहीं है ।

सीमित सीधी प्रमोशन हेतु परीक्षा जैसा कोई प्रावधान नहीं है। एक बार सीधी भर्ती से हेडमास्टर नियुक्ति हुई थी, मगर सेवारत शिक्षकों के लिए प्रमोशन में परीक्षा आधारित कोई भी कोटा नहीं है। इस तरह हजारों शिक्षक बिना प्रमोशन रिटायर हो जाते हैं, जबकि वरिष्ठता आधारित प्रमोशन एक लंबे इंतजार की प्रक्रिया है जिसमें दशकों के बाद भी प्रमोशन मुश्किल से होती है। ऐसे में शिक्षा विभाग में परीक्षा आधारित पदोन्नति हेतु भी सीमित कोटा तय होना चाहिए जबकि प्रमोटी पदोन्नति कोटे को अगले कैडर में प्रमोटी शिक्षकों हेतु तय किया जाना चाहिए। यह मांग शनिवार को प्रमोटी शिक्षक संघ के चीफ पैटर्न विजय हीर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को इस बारे में ज्ञापन सौंपा।

# सांसद खेल महाकुंभ चरण-3 का शुभारंभ

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री वह हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से लगातार पांच बार के सांसद अनुराग ठाकुर की अनूठी पहल सांसद खेल महाकुंभ चरण 3.0 का शुभारंभ आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पांच विधानसभा में शनिवार को विधिवत रूप से हो गया है। हमीरपुर विधानसभा में भी सुपर मैग्नेट स्कूल के खेल मैदान में आज कबड्डी के मैच के साथ सांसद खेल महकुंभ की शुरुआत हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व में रहे हिमाचल सरकार में मंत्री वर्तमान भाजपा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी विक्रम ठाकुर के साथ गेस्ट ऑफ ऑनर के लिए हमीरपुर सदर के विधायक आशीष शर्मा पहुंचे।

मुख्य अतिथि विक्रम ठाकुर ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ भाग 3 के आयोजन के लिए अनुराग ठाकुर का अति धन्यवादी हूं और उनकी सोच को प्रणाम करता हूं कि बच्चों को किस प्रकार से उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन मैदान में हो, वे बच्चे किस तरीके से अगले जो स्तर हैं, वे चाहे जिला स्तर हो या राज्य स्तर हो, नेशनल लेवल की गेम हैं, उनमें गांव का बच्चे जा सकें। गांव का बच्चा जिसको अवसर नहीं मिला, वह आगे जा सके। उनको खेल महाकुंभ इस माध्यम से एक सुनहरी अवसर उन बच्चों को मिलता है। विक्रम ठाकुर ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि खेल महाकुंभ के माध्यम से हमारे हिमाचल प्रदेश के बच्चे आगे जाने में सफल होंगे। सांसद खेल महाकुंभ भाग तीन मंडल हमीरपुर का शुभारंभ हुआ, जिसमें 42 कबड्डी की टीमों ने भाग लिया।



खेल महाकुंभ चरण 3.0 के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों से मिलते विक्रम ठाकुर।

### सांसद अनुराग की अनूठी पहल से युवाओं को मिला फायदा : विक्रम ठाकुर

कबड्डी का पहला मैच हमीरपुर पब्लिक स्कूल और होली हार्ट के बीच में हुआ, इसमें विजेता होली हार्ट स्कूल टिक्कर रहा और दूसरा मैच गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल टिक्कर और गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल झगड़ियानी के बीच में हुआ, जिसमें झगड़ियानी स्कूल विजेता रहा। बची हुई टीमों का मैच आज सुपर मैग्नेट स्कूल हमीरपुर में होंगे।

इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, विजय पाल सोहारू, खेल महाकुंभ जिला संयोजक कपिल मोहन शामा, अजय रिंटू, रॉबिन, तेन सिंह, दीक्षित गौतम, राजकुमारी ठाकुर, नीना ठाकुर, वीना शर्मा, सुपर मैग्नेट स्कूल के प्रिंसिपल वाटिका सूद, कांत शर्मा कमलेश परमार मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित अन्य भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी युवा मोर्चा के पदाधिकारी महिला मोर्चा की पदाधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### करोट स्कूल के रोड सेफ्टी क्लब ने जागरूक करने के लिए करवाई प्रतियोगिताएं

# सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करोट में प्रधानाचार्य अनीता कुमारी की अध्यक्षता तथा रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी संजीव कुमार प्रवक्ता भौतिकी की विशेष उपस्थिति तथा निर्देशन में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आम जनमानस तथा विद्यार्थियों को जागरूक करने बारे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता आदि के साथ रैली भी निकाली गई।

इस अवसर सभी बच्चों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा मिठाई, मूंगफली, रेबड़ी आदि बांटकर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि सभी बच्चों और बड़ों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए, साथ ही दूसरों को भी इन नियमों को अपनाने के लिए प्रेरित तथा जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनीता कुमारी ने भी बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है, इसलिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, प्रदीप ठाकुर, अशोक ठाकुर, प्रदीप कुमार, अशोक राणा, पूनम, सलोचना, प्रोमिला, अरुणा कुमारी तथा मीना कुमारी, रमन, अनिल, अशोक ठाकुर, प्रवीण कुमार, सोनी रचना आदि अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा परमार्थ स्कूल: कै. रणजीत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** परमार्थ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककड़ियार का वार्षिक उत्सव शनिवार को मनाया गया, जिसमें सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि परमार्थ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उनके घर के पास ही बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर रहा है। इस स्कूल के मेधावी बच्चों ने सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है तथा स्कूली शिक्षा के बाद विभिन्न क्षेत्रों में भी ऊंचे मुकाम हासिल किए हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू बहुत ही सराहनीय निर्णय ले रहे हैं। इससे आम परिवारों के बच्चों को भी आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, नगर निगम हमीरपुर के मनोनीत पार्षद राकेश वर्मा और निशांत शर्मा, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# सेना दिवस कार्यक्रम के लिए राजेंद्र राणा ने दिए निमंत्रण

## जयराम ठाकुर मुख्यातिथि और अनुराग ठाकुर होंगे स्पेशल गेस्ट

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



सर्व कल्याणकारी संस्था द्वारा 15 जनवरी को सुजानपुर के ऐतिहासिक मैदान में आयोजित किए जा रहे सेना दिवस के कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर शिरकत करेंगे। इसके साथ-साथ हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर को स्पेशल गेस्ट ऑफ ऑनर के अंतर्गत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुलाया गया है।

बता दें कि भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के बैनर तले चलने वाली सर्व कल्याणकारी संस्था द्वारा 15 जनवरी को प्रात: 10 बजे भारतीय सेना दिवस समारोह का आयोजन सुजानपुर ऐतिहासिक मैदान में किया जा रहा है। इसके साथ-साथ लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) बीएस जसवाल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक और आर्मी के कई रिटायर्ड सैन्य अधिकारी गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। सर्व कल्याणकारी संस्था के संस्थापक राजेंद्र राणा ने शनिवार को सुजानपुर बाजार मुख्य बस स्टैंड अन्य चौक-चौराहा में पहुंचकर स्थानीय लोगों को कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। इसके साथ-साथ मकर संक्रांति एवं शुरू हुए नववर्ष की भी बधाई दी।

उन्होंने बताया कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पूर्व सैनिकों सहित संस्था के तमाम सदस्य कार्य कर रहे हैं आयोजित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। देश-प्रदेश के लोकप्रिय गायक अपनी मखमली आवाज से जनता का मनोरंजन करेंगे। सेना दिवस के इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों की परेड आकर्षण का केंद्र होगी। इसके साथ-साथ मुख्य बस स्टैंड से पूर्व सैनिकों सहित मुख्य अतिथियों को काफिला कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगा, जो देखने योग्य होगा।

**समस्या** लोगों को निजी टैक्सियों का लेना पड़ता है सहारा, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को होती है ज्यादा कठिनाई

# रविवार को निजी बसों के साथ-साथ परिवहन व्यवस्था रहती है ठप


**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

रविवार के दिन हमीरपुर जिले में परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। निजी ट्रांसपोर्ट की बसें बंद होने और हिमाचल परिवहन निगम (एचआरटीसी) के अधिकांश लोकल रूट्स पर बस सेवाएं ठप रहने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निजी बस ऑपरेटर रविवार को अपनी सेवाएं बंद रखते हैं, और एचआरटीसी डिपो हमीरपुर के लोकल रूट्स पर बसें न चलने से स्थिति और गंभीर हो जाती है।

जिला के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लोगों को आवाजाही के लिए भारी कीमत पर निजी टैक्सियों का सहारा लेना पड़ता है। यह समस्या हर रविवार को बढ़ जाती है और इसका सीधा असर उन यात्रियों पर पड़ता है जो अपने जरूरी काम के लिए सफर करने को मजबूर होते हैं।

स्थानीय बड़सर भाजपा मीडिया प्रभारी विकास शर्मा, राजेश, रमेश कुमार, उषा देवी, सीमा देवी, सुषमा देवी, अजय कुमार, मनीष कुमार, अशोक सहित अन्य लोगों का कहना है कि परिवहन सुविधा न होने के कारण उन्हें अपने आवश्यक कार्य छोड़ने पड़ते हैं, जबकि कुछ लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए महंगे टैक्सी किराए का भुगतान करने को मजबूर होते हैं। ग्रामीण इलाकों में समस्या और गंभीर हो जाती है, जहां निजी टैक्सियों की उपलब्धता भी सीमित होती है।

लोगों ने हिमाचल प्रदेश सरकार और परिवहन विभाग से मांग की है कि रविवार के दिन भी एचआरटीसी की बस सेवाओं को जारी रखा जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि निजी बस ऑपरेटरों को सप्ताह के इस दिन अपनी सेवाएं बंद न करने के लिए प्रेरित किया जाए। (अनंत ज्ञान)



हमीरपुर बस स्टैंड पर खड़ी निजी व सरकारी बसें।

### हर सप्ताह की परेशानी बनी समस्या

यह समस्या केवल कुछ एक क्षेत्र की नहीं है, बल्कि पूरे जिले के सभी रूट्स पर देखी जा रही है। उपमंडलों से लेकर सुदूरवर्ती गांवों तक लोग इस स्थिति से जूझ रहे हैं।

### प्रभावित जनजीवन और आर्थिक बोझ

रविवार को बस सेवाओं के ठप होने का सीधा असर न केवल यात्रियों की यात्रा योजनाओं पर पड़ता है, बल्कि स्थानीय कारोबार और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। लोगों ने परिवहन निगम और आरटीओ से अपील की है कि वे इस समस्या का स्थायी समाधान निकालें। यदि सरकार और प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाते हैं तो लोगों की परेशानियां कम होंगी और परिवहन व्यवस्था सुचारु हो सकेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### उपमुख्यमंत्री ने विधायक चंद्रशेखर के पिता के निधन पर किया शोक व्यक्त



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री गत देर सायं धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर के पिता काहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके पैतृक गांव बहरी पहुंचे। काहन सिंह का लंबी बीमारी के उपरांत गत दिनों जिला मंडी के धर्मपुर में उनके पैतृक स्थान बहरी में 82 वर्ष की आयु में देहांत हो गया था। उपमुख्यमंत्री ने विधायक चंद्रशेखर, उनकी माता जयवंती देवी तथा शोकाकुल परिवारजनों को ढाढस बंधाया और इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

### जेबीटी अध्यापकों की दृष्टिबाधित श्रेणी की काउंसलिंग 15 जनवरी को

**ऊना।** शिक्षा विभाग द्वारा कनिष्ठ बुनियादी अध्यापकों (जेबीटी) की दिव्यांग श्रेणी में आरक्षित पदों को प्रचलित भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुरूप अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड हमीरपुर या बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन धर्मशाला से अध्यापक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों से अनुबंध आधार पर भरे जाएंगे। यह जानकारी उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना सोमलाल धीमान ने दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग श्रेणी की दृष्टि बाधित वर्ग की काउंसलिंग 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे निदेशक, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक एवं विशेष योग्यजन सशक्ति करण शिमला में आयोजित होगी। दृष्टिबाधित वर्ग से संबंधित पात्र अभ्यर्थी अपना पूरे बायोडाटा फार्म, शैक्षणिक और व्यवसायिक योग्यता प्रमाण पत्रों और अन्य वांछित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। उपनिदेशक ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को कॉल लेटर प्राप्त नहीं हुए हैं, लेकिन उपरोक्त पदों के लिए पात्र हैं वे भी अपने संपूर्ण बायोडाटा फार्म में अपने स्थायी पते और शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों एवं अन्य वांछित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

### शिमला में बौद्ध मठों पर कार्यशाला और सेमिनार का आयोजन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** आईएएसएम बीटी ने एनआईओएस शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के साथ बौद्ध दर्शन और भोटी भाषा का बौद्ध मठों में बौद्ध भिक्षुओं के लिए आधुनिक शिक्षण के साथ का पाठ्यक्रम को मान्यता दी है। इसके उपलक्ष में 12 जनवरी को बार कांउसिल कुरियन हॉल उच्च न्यायालय, शिमला में सेमिनार व कार्यशाला का आयोजन विषय 'नालंदा बौद्ध दर्शन 21वीं सदी' एवं बौद्ध 'मठों की आधुनिक शिक्षा भारत सरकार से मान्यता प्राप्त' का शुभारंभ हिमाचल मंत्री विक्रमादित्य करेंगे। साथ ही लोचेन टुल्कु रिंपोछे एनआईओएस शिक्षा बोर्ड के निदेशक जगजीत सिंह और चंडीगढ़ से क्षेत्रीय निदेशक एस महेंद्र तथा विभिन्न मठों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मलिंग गोम्बू भारतीय हिमालय नालंदा बौद्ध परिषद ने दी।

### डॉक्टर संदीप शर्मा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया

**अनंत ज्ञान, जुब्बा।** कुसुंपटी विधानसभा क्षेत्र की पीरन पंचायत प्रधान किरण शर्मा तथा अन्य समाजसेवियों ने डॉ. संदीप शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पीरन पंचायत प्रधान किरण शर्मा, आंगनबाड़ी सहायिका पूनम ठाकुर व मातृ संगठन धाली बागड़ा की सुनीता, शीतला, शीला, ममता, कृष्णा, संतोष, आशा, अंजली, सरजू और सुमित्रा आदि ने बताया कि डॉ. संदीप शर्मा ने करीब 15 साल चायल (सोलन) में अपनी सेवाएं दी हैं। इस दौरान उन्होंने समाज हित में दिन-रात काम कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधान किरण शर्मा ने बताया कि डॉ. संदीप शर्मा द्वारा दी गई सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने बताया कि चूंकि यह स्थान सिरमौर, शिमला और सोलन की सीमा पर स्थित है, तो यहां पर डॉ. संदीप की ख्याति इतनी अधिक थी कि लोग इनसे इलाज करवाने के लिए दूर-दूर से आते थे।

### निजी होटल व सरकारी बैंक के अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पुलिस स्टेशन एसवी एंड एसीबी ऊना में एक निजी होटल व एक सरकारी बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उपरोक्त मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए के तहत अनुमति के साथ हिमाचल प्रदेश सरकार के सचिव (सतर्कता) से प्राप्त शिकायत पर एसवी एंड एसीबी में जांच के समापन के बाद दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने यह आरोप लगाया गया था कि होटल के मालिक ने सरकारी बैंक से कई ऋण लिए और बैंक के अधिकारियों ने अपनी स्वयं की ऋण नीतियों के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के दिशा-निर्देशों की भी खुलेआम अवहेलना की। बैंक द्वारा कुल 20 करोड़ रुपए का ऋण सीधे उधारकर्ताओं को किया गया।

### खैर के 23 पेड़ काटने पर वन विभाग ने दर्ज करवाई एफआईआर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर में वन परिक्षेत्र अधिकारी, वन परिक्षेत्र हमीरपुर जिला हमीरपुर की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार वन बीट हमीरपुर के महाल-मुठान भ्यांल में कुल 23 खैर के वृक्ष कटे हुए पाए गए। यह वृक्ष खसरा संख्या-102, 2 में पाए गए जो कि भूमि हिमाचल प्रदेश सरकार के अधीन है। कटे हुए दरख्तों की लकड़ी-वन उत्पाद मौका पर मौजूद नहीं है, केवल कटे दरख्तों का ठ्ठन व अन्य शाखाओं का बालन मौका पर मौजूद है। यह दरख्त ताजा कटे हुए प्रतीत होते हैं। थाना प्रभारी बाबू राम ने बताया कि सरकारी भूमि में खैर के पेड़ काटने का मामला आया है। मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# राज्य में पहली बार पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम किया लागू : सीएम सुक्खू

## गृह मंत्री के साथ मुख्यमंत्री ने मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित सम्मेलन में लिया वर्चुअल हिस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित सम्मेलन में वर्चुअल हिस्सा लिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित 'नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की।

सीएम सुक्खू ने सम्मेलन में नादौन से वर्चुअल भाग लिया और बढ़ते नशे के संकट से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश की प्रतिबद्धता पर बल दिया। सम्मेलन में नशीले पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें आठ उत्तरी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर विशेष ध्यान दिया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों में 340 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2012 में लगभग 500 मामलों से बढ़कर वर्ष 2023 में 2,200 मामले हो गए हैं। इसके अतिरिक्त, हेरोइन से जुड़े मामलों का प्रतिशत भी दोगुना हो गया है, जो वर्ष 2020 में 29 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024 में 50 प्रतिशत हो गया है।

उन्होंने सिंथेटिक दवाओं की चिंताजनक स्थिति का उल्लेख किया, जोकि दुष्प्रभावी होने के साथ-साथ इसकी रासायनिक संरचना के कारण नियंत्रित करना भी कठिन है। उन्होंने नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, विशेष रूप से अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में, जो अवैध गतिविधियों का केंद्र बन चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी अक्सर संगठित अपराध और आतंकवाद का कारण बनती है, जो देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए बढ़ा खतरा पैदा करती है।

उन्होंने कानून प्रवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य, पुनर्वास और न्यायिक सुधारों के समन्वयन से मादक पदार्थों को नियंत्रित करने के लिए हिमाचल प्रदेश की बहुआयामी रणनीति को भी रेखांकित किया। राज्य विधायिका ने एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 37 में संशोधन किया है, ताकि आदतन अपराधियों को जमानत हासिल करने की अनुमति देने वाली कानूनी खामियों को दूर किया जा सके। इस संशोधन से कानूनी ढांचा मजबूत हुआ है, जिससे यह अधिक कठोर और निवारक बन गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटांस (पीआईटी-एनडीपीएस) अधिनियम को राज्य में लागू करने के बाद अवैध तस्करी की रोकथाम शुरू कर दी गई है। यह अधिनियम मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में लगातार शामिल अपराधियों को हिरासत में लेने में सक्षम बनाता है। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने पिछले तीन वर्षों में 16 करोड़ रुपये की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति जब्त की है।



गृह मंत्री अमित शाह के साथ सम्मेलन में वर्चुअल भाग लेते सीएम सुक्खू व अन्य।

# सरकार के बड़े-बड़े दावे हवा हवाई साबित हो रहे : जयराम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के नेताओं के बड़े-बड़े दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। उनके हर दावे सरकार के झूठों की फेहरिस्त लंबी करते है और यह भी साफ हो जाता है कि सरकार में किसी प्रकार का समन्वय नहीं हैं। लाखों प्रशिक्षित बेरोजगार और अभ्यर्थी पूछ रहे हैं कि लंबित परिणाम निकलेंगे भी या अभी भी इंतजार ही करना पड़ेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब सरकार करोड़ों रुपए खर्च करके 11 दिसंबर को बिलासपुर में सरकार के गिरते पड़ते दो साल का जश्न मना रही थीं तो कुछ नेता अति उत्साह में गला फाड़-फाड़ कर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे।

इसी में एक दावा यह भी था कि एक महीने में कर्मचारी चयन आयोग में लंबित सभी परीक्षा परिणाम जारी किए जाएंगे। आज एक माह पूरा हो चुका है और उनके दावे के अनुसार एक भी परिणाम नहीं निकल पाया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि कहीं वह नेता सिर्फ अखबारी सुर्खियां पाने के लिए ऐसी टिप्पणी और बयानबाजी तो नहीं करते हैं या फिर उनकी आदत भी झूठ ही बोलने की हो गई है।

### नेता प्रतिपक्ष ने जेपी नड्डा से की भेंट

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य-परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इन दौरान नड्डा से हिमाचल प्रदेश के विकास संबंधी विषयों पर चर्चा हुई।

# प्रदेश में खनन माफिया हावी : सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में खनन माफिया हावी है। इस सरकार में माफिया राज की बल्ले-बल्ले है, बद्दी बारोटीवाला में एक निजी उद्योग के लिए 9.50 करोड़ रुपए की दीवार बनवाई जा रही है जिसमें से 7 करोड़ रुपए वह है जो केंद्र सरकार से प्रदेश की सड़कों के निर्माण हेतु गति शक्ति योजना के अंतर्गत आए थे। ऐसा क्या है जो प्रदेश सरकार एक निजी उद्योग पर इतनी मेहरबानियां कर रही है? उन्होंने कहा कि बद्दी व बरोटीवाला में खनन रूकने का नाम नहीं ले रहा है, पर इस विषय पर सरकार कुछ कर नहीं रही है। खनन मामलों में कई बार विधायकों का नाम सामने आने के बाद अब नगर परिषद बद्दी के एक कांग्रेसी पार्षद का नाम सामने आया है।

बाल्द नदी के निकटवर्ती क्षेत्रों के निवासियों ने इसकी एसपी बद्दी, एसडीएम और खनन अधिकारी को शिकायत भेजी है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से एसपी कार्यालय के निकट दिन-रात खनन जारी है, जब ग्रामीण विरोध करते हैं तो माफिया के लोग उन्हें डराते हैं।

# विक्रमादित्य ने नवनिर्मित पशु चिकित्सालय भवन का किया लोकार्पण

## सुन्नी में महिला मंडलों को बांटी सिलाई मशीनें

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सुन्नी में विकास खंड बसंतपुर के महिला मंडलों को सम्मानित करने के लिए महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। शनिवार को मेला ग्राउंड सुन्नी आयोजित इस कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिरकत करते हुए 70 करोड़ की लागत से सलापड़ तत्तापानी सुन्नी लुहरी सड़क के सुधार व उन्नयन कार्य, नोटिखड पुल, चेवड़ी खड्डु पुल का शिलान्यास और सुन्नी में नवनिर्मित पशु चिकित्सालय भवन का लोकार्पण भी किया।

खंड बसंतपुर की लगभग 81 महिला मंडलों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इस कार्य को प्रदेश सरकार द्वारा बखूबी निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर होना चाहिए। सड़कें ग्रामीण क्षेत्र की भाग्य रेखा माना जाता है और सरकार ने हर संभव प्रयास किए है प्रदेश के हर गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ा जाए। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई आयाम स्थापित किए गए है। उन्होंने कहा कि सुन्नी शहर को 24 घंटे पीने का स्वच्छ पानी मुहैया करवाने के लिए जल्द ही पेयजल योजना का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने रेललाइन के आवाज उठाने की भी बात कही और जल्द ही लंबित पड़े सुन्नी स्कूल के नए भवन के निर्माण के लिए बजट का प्रावधान भी शीघ्र किया जाएगा। बच्चों की सुविधा के लिए जल्द ही सुन्नी में लाइब्रेरी का निर्माण करवाया जाएगा।



उन्होंने सुन्नी बाजार की नालियों की दुर्दशा के सुधारने के लिए 5 लाख देने की भी घोषणा की। उन्होंने सुन्नी को नगर पंचायत से नगर परिषद बनाएं जाने पर सरकार की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि सुन्नी नगर परिषद को नई जनगणना के तहत आने वाले आंकड़ों के तहत के सुन्नी को नगर परिषद का दर्ज दिलवाया जाएगा।

उन्होंने सुनी में छोटे रिवर फ्रंट बनाए जाने के साथ सुन्नी को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की बात भी कही तथा सुन्नी में वॉटर स्पोर्ट्स के लिए निजी कंपनी को निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# युवाओं को नशों से दूर रखने के लिए यूथ क्लब ने करवाई खेल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुब्बल**



ठाकुर रामलाल राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में पढ़ने वाले छात्रों ने एक मिसाल पेश की है। इन छात्रों ने युवाओं को नशों की लत से दूर रखने के लिए यूथ क्लब जुब्बल के बैनर तले एक खेल प्रतियोगिता का आयोजित किया है। इस क्लब का मुख्य उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना व नशे के प्रति लोगों को जागरूक करना हैं। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 8 जनवरी को हुआ, जिसमें नायब तहसीलदार जुब्बल कंवर युद्ध अभय सिंह बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।

समापन समारोह के मुख्यातिथि के रूप में एसडीएम जुब्बल गुरमीत सिंह नेगी व पैरा बैडमिंटन एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष बलवंत झौहटा शामिल हुए।

# मारपीट कर 30 हजार छीनने पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** थाना नादौन में किशोरी लाल पुत्र स्व. बिरजू राम निवासी गांव त्रेटी, तहसील नादौन ने शिकायत दर्ज करवाई कि शुक्रवार को दो अज्ञात युवकों ने हमला कर उससे 30 हजार रुपए छीने। किशोरी लाल ने बताया कि वह गत दिवस मसेह खड्डु के रास्ते में पैदल जा रहा था, तो पीछे से एक नीले रंग का मोटरसाइकिल आया, जिस पर 2 लड़के जिनकी उम्र करीब 30-35 वर्ष थी, कहने लगे कि हमने भी मसेह खड्डु के पास जाना है और वो भी साथ चलते लगे।

थोड़ी दूर खड्डु में वीरान जगह होने पर एक लड़के ने कहा कि 500 रुपए निकाल, जिस पर शिकायतकर्ता ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं है। पैसे न देने पर उसने शिकायतकर्ता के सिर पर मार, जिससे वह नीचे गिर गया तथा उन दोनों ने जेब से 30,000 रुपए निकाल लिए। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# राज्यस्तरीय डिबेट में सुन्नी की स्नेहा शर्मा को पहला स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के पीएमश्री स्कूलों की राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' विषय के पक्ष में डिबेट में जबरदस्त दलीलें देकर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, सुन्नी की 12वीं की छात्रा स्नेहा शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया।

डिबेट में स्नेहा शर्मा का कहना था कि संविधान संशोधन के बाद जब यह विचार हकीकत में बदल जाएगा तो देश में विकास कार्यों में तेजी आएगी। स्वतंत्रता के बाद देश में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे, लेकिन कुछ विशेष राजनीतिक परिस्थितियों के कारण यह सिलसिला टूट गया। अब देश में हर महीने कहीं न कहीं कोई न कोई चुनाव होता रहता है और आचार संहिता के कारण लंबे समय तक विकास कार्य ठप पड़े रहते हैं। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उसके तर्कों की सराहना की।

# रोहडू की दिव्या लुधियाना अभिनव महिला उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित

**दशमी रावत, रोहड़ू।** शिमला जिले के उपमंडल रोहड़ू के छौहारा ब्लॉक के जगोठी गांव की महिला किसान डॉ. दिव्या शर्मा को कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोन-1 लुधियाना के स्थापना दिवस पर लुधियाना अभिनव महिला उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र शिमला की वैज्ञानिक डॉ. शिखा भागटा भी मौजूद रही। (अनंत ज्ञान)



# सर्वोदय रक्तदान शिविर में 50 यूनिट ब्लड एकत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्व. श्री भानु शर्मा की आदर्श और सेवा भावना को समर्पित 'सर्वोदय रक्तदान शिविर' का आयोजन जयनगर में शनिवार को किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। ब्लड डोनेशन कैंप के लिए सोलन अस्पताल से टीम जयनगर पहुंची थी।

इस दौरान युवाओं ने रक्तदान शिविर में भाग लिया और 50 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ. बालकृष्ण कौंडल और सुशील शर्मा रहे।



उनका कहना था कि आज अस्पतालों में रक्त की कमी के चलते कई मरीजों की जान जा सकती है।

रक्तदान महादान है, सभी को इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। ऐसे आयोजनों में रक्तदान करके किसी की जिंदगी बचाने का अवसर आपको मिल सकता है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद के लिए रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना है। आयोजनकर्ता टीम में रेखा शर्मा और उनके सहयोगी शामिल रहे।

# जिला कांगड़ा में मकर संक्रांति की छुट्टी खत्म करना गलत : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय सयोंजक प्रवीण शर्मा ने कांगड़ा जिला के उपायुक्त के फरमान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोहड़ी का त्यौहार कांगड़ा जिले में वर्षों से मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति के दिन हर कर्मचारी को छुट्टी मिलती रही है।

विदित है कि पुराने समय में सर्दियों के दिन में ठंड के कारण बहुत लोग काल का ग्रास बनते थे और जो लोग ठंड को सहन कर जिंदा रहते थे, उन्होंने इस दिन को एक त्यौहार के रूप में मनाना शुरू कर दिया। परंतु जिला उपायुक्त ने मकर संक्रांति की छुट्टी खत्म कर गोवर्धन पर्व की छुट्टी देने का एलान कर दिया, जबकि कांगड़ा में इस पर्व को बहुत कम लोग मानते है। उन्होंने कहा कि सरकारों के साथ-साथ आला अफसर भी प्रदेश के कर्मचारियों के अधिकारों का भक्षण कर रहे है।

# पहली बार हवाई यात्रा की और गोवा पहुंचे चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत जिला शिमला से 22 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट गोवा हवाई यात्रा करके पहुंच चुके है। जिंदगी में पहली बार चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट ने हवाई यात्रा की है। सभी चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट ने हवाई यात्रा का खूब आंनद लिया।

दरअसल में 9 जनवरी की सुबह चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट हवाई सफर करने के लिए इंदिरा गांधी इंटरनेशनल के टर्मिनल-३ पर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट को देखकर चिल्डन आफ स्टेट की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एयरपोर्ट पर दोड़ती तेज जिंदगी की रफ्तार की झलक ने चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को जीवन के एक अनोखे अनुभव का एहसास करवाया। इसके बाद बच्चे हवाई जहाज में बैठे और दिल्ली से गोवा पहुंचे।

गोवा में समुद्र के किनारे थ्री स्टार होटल में सभी चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट ठहरे है। 10 जनवरी को गोवा में चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट ने नार्थ गोवा, कलंगुट और अगुआड़ा किला भ्रमण किया, जोकि 17वीं सदी पुर्तगाली काल का निर्मित है। 11 जनवरी को साउथ गोवा में चर्च का भ्रमण किया और इसके एतिहासिक महत्व का जाना। चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट 14 जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे गोवा से चंडीगढ़ तक वापस हवाई यात्रा के माध्यम से पहुंचेगे।

**सम्मेलन** 10 लाख तिब्बती बच्चों को जबरन संचालित बोर्डिंग स्कूलों में कराया गया भर्ती

# तिब्बतियों पर थोपी जा रही चीनी कम्युनिस्ट विचारधारा

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन द्वारा मैक्लोडगंज में आयोजित शिक्षा विभाग के 8वें तिब्बती शिक्षा पर आम सम्मेलन में कहा गया है कि तिब्बत में चीनी सरकार की नीतियां मूल रूप से तिब्बती लोगों की वास्तविक आकांक्षाओं के साथ टकरा की स्थिति बनी हुई हैं।

तिब्बत में शिक्षा नीति को तिब्बतियों पर चीनी कम्युनिस्ट विचारधारा थोपने के लिए हथियार बनाया जा रहा है। तिब्बत को चीनीकृत करने के अपने व्यापक एजेंडे के तहत, लगभग दस लाख तिब्बती बच्चों को जबरन राज्य द्वारा संचालित बोर्डिंग स्कूलों में भर्ती कराया गया है, जिससे उन्हें उनके माता-पिता और पैतृक भाषा और संस्कृति से अलग कर दिया गया है।

इन स्कूलों में शिक्षा का माध्यम बदलकर चीनी कर दिया गया है, जिससे तिब्बती भाषा और संस्कृति का उन्मूलन जारी है। हाल ही में इसने मिडल और हाई स्कूल परीक्षाओं में तिब्बती भाषा को वैकल्पिक बनाने की योजना बनाई है, जिससे तिब्बती युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसरों से वंचित किया जा रहा है और उनके लिए अपनी राष्ट्रीय पहचान को बनाए रखना असंभव हो गया है।

मैक्लोडगंज स्थित निर्वासित तिब्बत सरकार के शिक्षा विभाग की और से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि हम तिब्बत में चीनी सरकार की कठोर नीतियों की कड़ी निंदा करते हैं और इन दमनकारी उपायों को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करते हैं। हालांकि निर्वासित तिब्बती कुल तिब्बती आबादी का केवल एक छोटा सा हिस्सा हैं, लेकिन 14वें दलाई लामा अवलोकितेश्वर के अवतार, करुणा के बोधिसत्व, पृथ्वी पर संपूर्ण बुद्ध की शिक्षाओं के अधिपति, सभी तिब्बती लोगों के रक्षक और हमारे सर्वोच्च नेता के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमने तिब्बती धर्म, संस्कृति और भाषा को संरक्षित और बढ़ावा देने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।



तिब्बत में उपयुक्त शिक्षा तक पहुंच से वंचित तिब्बतियों में से 27,083 मठों और धार्मिक संस्थानों में शामिल हो गए हैं, जबकि 34,866 तिब्बती बच्चों ने उन स्कूलों में दाखिला लिया है जो पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह की शिक्षा प्रदान करते हैं।

इसके अतिरिक्त, निर्वासन में पैदा हुए 100 तिब्बती बच्चों को तिब्बती भाषा और संस्कृति में शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा है। सभी तिब्बतियों, युवा और वृद्ध, को तिब्बती भाषा, धर्म और संस्कृति सीखने और उसका अभ्यास करने के लिए कुछ स्वतंत्र देशों की तुलना में बेहतर अवसर और सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

स्वतंत्र देशों में रहने वाले सभी तिब्बतियों को परम पावन दलाई लामा के मार्गदर्शन को गहराई से महत्व देना चाहिए और तिब्बत के अंदर रहने वाले तिब्बतियों के दृढ़ संकल्प और साहस से प्रेरित होकर अपने धर्म, संस्कृति और भाषा को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए पहले से कहीं अधिक प्रयास करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# कांगड़ा का लोक नृत्य झमाकड़ा

पहाड़ी राज्य हिमाचल देश व दुनियाभर में अपनी संस्कृति को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है। देवभूमि हिमाचल की अपनी अलग ही संस्कृति है। लोक कलाओं, विचारधाराओं एवं परंपराओं की सहज धारा को लोक संस्कृति के अंतर्गत स्थापित किया जाता है। यहां की संस्कृति यहां के जनजीवन से जुड़ी हुई है। जिला कांगड़ा के लोक नृत्य झमाकड़ा की बात करें तो यह स्थानीय संस्कृति का ऐसा संग्रह है, जिसे यहां के लोग सदियों से संजोते आ रहे हैं। बात शादी समारोह की हो या किसी अन्य कार्यक्रम की, कांगड़ा का लोक नृत्य झमाकड़ा सभी को झूमने पर मजबूत कर देता है। किसी भी कार्यक्रम में अगर झमाकड़ा न हो, तो वह कार्यक्रम फीका नजर आता है। आज भी झमाकड़ा शादी विवाह में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहता है। शादी समारोह में ही नहीं, यह लोक नृत्य आज भी स्कूलों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है ।

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला

## शादी-विवाह समारोह में आकर्षण का मुख्य केंद्र

**शादी** में जहां मामा औली में पानी लेकर खड़ा होता है, उस औली में वह पानी होता है, जिसे मामा द्वारा तड़के भरा गया होता है। गोत्रने उस पानी को डूने में भरकर लाती हैं और उसे लड़के या लड़की के पैरों में उड़ेलती हैं। उसी समय दादकिये पक्ष की औरतें आटे का एक मानवनुमा छोटा सा बुत बनाकर उसे नानकियों पक्ष की औरतों को दिखातीं-चिढ़ातीं गाना शुरू करती हैं। 'नानू गोरे आया वो झमाकड़ेया-झमाकड़ेया, नंगा नाला आया वो झमाकड़ेया-झमाकड़ेया, इन्हां धीयां जो शरम नीं आई वो झमाकड़ेया-झमाकड़ेया' आगे नाम लेकर गाया जाता है। वहीं, नानकिये पक्ष की महिलाएं यह सब सुनकर मैदान में आ जाती हैं और नानू को छीनने का प्रयास करती हैं और शुरू होता है लोक नृत्य झमाकड़ा-झमाकड़ा वे, झमाकड़ा बोल्दा नचणे जो, नचाणे जो लेई जाणे जो, नीं बसने जो, झमाकड़ा वे, खूब नृत्य होता है। नानकियों, दादकियों पक्ष की औरतें अपने अपने गीत, अपना अपना नृत्य दिखाती हैं। नानू के लिए छीना-झपटी भी चलती रहती है। अंत में जिस पक्ष का पलड़ा भारी रहता है, जिसके हाथ आटे का बुत जाता है, वह गाता है 'जित्तेया, जित्तेया वेनानकियां दा दुध जित्तेया वेहरी गईयां गवारां दीयां, जित्ति गईयां सरदारां दीयां।'

> झमाकड़ा बोल्दा नचणे जो, नचाणे जो लेई जाणे जो, नीं बसने जो









# 100 करोड़ का भूंडा महायज्ञ

देव मिलन



सूरत राम ने निभाई बेड़ा रस्म...





भव्य-दिव्य आकर्षण...



फोटो : दशमी रावत, रोहडू, शिमला।

आस्था का सैलाब









## न्यूज ब्रीफ

### तिब्बती न्याय आयुक्त तेनजिन लुंगटोक सेवानिवृत्त



**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** धर्मशाला के मैक्लोडगंज स्थित तिब्बती सर्वोच्च न्याय आयोग के तिब्बती न्याय आयुक्त तेनजिन लुंगटोक न्याय आयुक्त के रूप में पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद चार्टर सेवानिवृत्त हो गए। उन्हें 23 सितंबर, 2019 को 16वीं निर्वासित तिब्बती संसद के छठे सत्र के दौरान अन्य न्याय आयुक्त के रूप में चुना गया और 10 जनवरी 2020 को न्याय आयुक्त के रूप में पद की शपथ ली। बता दें कि धर्म और संस्कृति विभाग के सचिव के रूप में कार्य करते हुए उन्हें तिब्बती सर्वोच्च न्याय आयोग के अन्य न्याय आयुक्त के लिए उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया था। 10 जनवरी, 2020 से 9 जनवरी, 2025 तक, उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति तक तिब्बती न्याय आयुक्त के रूप में कार्य किया।

### बीडीओ मनोज, अधीक्षक ग्रेड 2 हंस राज ने संभाला पदभार



**अनंत ज्ञान, जवाली।** विकास खंड नगरोटा सूरियां में विकास खंड अधिकारी मनोज कुमार शर्मा व अधीक्षक ग्रेड 2 हंस राज चंदेल ने कार्यभार संभाला। इस अवसर पर समस्त टेक्निकल असिस्टेंट खंड विकास नगरोटा सूरियां संगठन द्वारा पूर्व खंड विकास अधिकारी शाम लाल व सहायक अभियंता विकास खंड नगरोटा सूरियां अमन रेहलिया की मौजूदगी में विकास खंड अधिकारी व अधीक्षक ग्रेड 2 का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

### द्रोणाचार्य कॉलेज की शालिका राणा सेकेंड



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विविकानंद केंद्र कांगड़ा कन्याकुमारी ब्रांच कांगड़ा ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के उत्सव के रूप में प्राइज वितरण समारोह का आयोजन किया। टांडा में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी प्रकाशानंद ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. संदीप महाजन सहसंचालक एवं टांडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलाप विशेषातिथि के रूप में शामिल हुए। यहां पर भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताएं युवा प्रेरणा से संबंधित करवाई गईं। अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिता में द्रोणाचार्य कॉलेज की छात्रा शालिका राणा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. अनिता चंदेल, एचओडी सुमित शर्मा ने छात्रा को बधाई दी।

### अमर शांति स्कूल सिहोटी ने मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** खुंडियां के अमर शांति मॉडल पब्लिक स्कूल स्थित सिहोटी ने वार्षिक पारितोषिक वितरण महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस महोत्सव में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूल के प्रबंध निदेशक रघुवीर सिंह राणा ने कहा कि पुरस्कार समारोहों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है तथा देश सेवा की भावना जागृत होती है। स्कूल प्रशासन द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को पारितोषिक देकर प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य रुक्मिणी राणा ने उपस्थित अभिभावकों का धन्यवाद किया है। वहीं, सेवानिवृत कर्नल एमएस राणा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें। इस अवसर पर स्कूल प्रशासन द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

### श्री हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 14 को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर में चल रहे फोरलेन के निर्माण कार्य में अब तक सैकड़ों की संख्या में दुकान और भवन आ चुके हैं। अब फोरलेन की जद में शाहपुर बाजार में स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर भी इसकी जद में आ गया है। इसी के साथ प्राचीन काली माता का मंदिर भी फोरलेन की जद में आया है। स्थानीय लोगों और मंदिर कमेटी की ओर से प्राचीन काली माता मंदिर की जगह नए मंदिर का निर्माण हो चुका है और पिछले साल इसकी प्राण प्रतिष्ठा भी हो चुकी है। अब श्री हनुमान के नए मंदिर का निर्माण शाहपुर बाजार के नजदीक ही किया जा रहा है। ये नया मंदिर पोस्ट ऑफिस के पीछे बन रहा है, जिसका आधा काम पूरा भी हो चुका है। नए श्री हनुमान के मंदिर और मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम 14 जनवरी को किया जाएगा। इसको लेकर 14 जनवरी को भव्य शोभा यात्रा का आरंभ प्रातः नौ बजे होगा।

### वन भूमि से कब्जे हटाने में विभाग नाकाम: राजन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर ।** अभिनेता रहे राजन मनकोटिया ने शनिवार को सिद्पुरघाड़ में



प्रेसवार्ता कर वन विभाग पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा सिद्पुरघाड़ क्षेत्र में कई लोगों ने वन विभाग की भूमि पर कब्जा कर रखा है। इसकी शिकायत भी वन विभाग को की गई थी, फिर भी विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि बताया कि नजदीकी गांव भाटी में एक व्यक्ति ने विभाग की करीब 50 कनाल भूमि से खैर के पेड़ कटवाने के बाद बगीचा लगा रखा है। वन विभाग व राजस्व विभाग द्वारा निशानदेही भी करवाई गई, लेकिन कब्जा छुड़वाने के लिए बाड़बंदी करना उचित नहीं समझा। वन भूमि पर पुली भी बना दी गई है, जिसकी भी शिकायत विभाग के पास पहुंची थी, लेकिन विभाग ने उक्त स्थल का निरीक्षण करना उचित न समझा। उन्होंने एक बार फिर विभाग से वन भूमि पर अवैध कब्जा करने बालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील की है।

### कांगड़ा में चल रहे ट्रेड फेयर से व्यापारी नाखुश

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नगर परिषद मैदान कांगड़ा में चल रहे ट्रेड फेयर से कांगड़ा शहर व आसपास के व्यापारी परेशान हो गए हैं। प्रशासन ने 18 जनवरी तक ट्रेड फेयर को लेकर मंजूरी दे रखी है।। व्यापारी वर्ग का कहना है कि 18 तक मेले में बच्चों के लिए झूले इत्यादि मनोरंजन की चीजें व सांस्कृतिक कार्यक्रम तो आयोजित किए जाएं, परंतु बाकी तरह की दुकानदारी न लगाई जाए। व्यापार मंडल के प्रधान पंडित वेद प्रकाश शर्मा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि ट्रेड फेयर 18 तारीख को समाप्त कर दिया जाए क्योंकि उसके बाद स्थानीय बच्चों की गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। ऐसे में खेल मैदान खाली होना चाहिए।

# कांग्रेस नेताओं की अंतर्कलह और लड़ाई अब सड़कों पर: डॉ. भारद्वाज


## सांसद बोले, कांग्रेस प्रवक्ता का कांग्रेस नेताओं को राजनीतिक ठग कहना सही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि देश और प्रदेश में हिमाचल जैसे शांतिप्रिय राज्य लगातार किरकिरी हो रही है। कांग्रेस नेताओं की अंतर्कलह एवं मंचों की लड़ाई अब सड़कों तक उतर आई है, जिससे जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की ज्वालामुखी के निजी होटल में आयोजित बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने मंच से विधायक संजय रत्न को राजनीतिक ठग कहा। शायद कांग्रेस ने नेता ने सच ही कह दिया क्योंकि उनको पूरे प्रदेश में सरकार की फौज दिख रही होगी और उस सरकार की पीएचडी ही ठगी में हुई है। जैसे ही प्रेम ने राजनीतिक ठग शब्द का प्रयोग किया बैठक का माहौल गर्म हो गया और लोगों में खलबली मच गई। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में ब्लैक स्पॉट को लेकर नई सूची नहीं मिल पाई है। सुप्रीम कोर्ट ने इनको चिन्हित करने के लिए विशेष कमेटी बनाई है, मगर वहां से अब तक सूची नहीं मिल पाई है। बताया जाता है कि पिछले साल दिसंबर महीने तक यह सूचना वहां से आनी चाहिए थी, जिसके बाद यहां ब्लैक स्पॉट में सुधार के लिए कदम उठाए जाते, परंतु अब तक सूचना नहीं आने से काम शुरू नहीं हो पाया है। वैसे तो पुराने ब्लैक स्पॉट थे उनमें काफी ज्यादा सुधार यहां पर कर दिया है और पुरानी सूची के अनुसार राज्य में 717 ब्लैक स्पॉट हैं, जिनमें सुधार का काम चल रहा है।

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को ब्लैक स्पॉट पर तेजी से काम करने को कहा है। पिछले तीन सालों में इन ब्लैक स्पॉट पर 395 लोगों की मौत हो चुकी है। यह आंकड़े राज्य सरकार के हैं। पर प्रदेश सरकार ने अभी तक इस विषय पर भी कुछ नहीं किया।

### हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार की ठगी के किस्से पूरे देश में चर्चित



**राजीव** भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस सरकार की ठगी के किस्से पूरे देश में चर्चित है। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) में चालकों और परिचालकों को ओवरटाइम नाइट यानी रात्रि भत्ता और मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हुआ है। इसके चलते सरकार के विरुद्ध रोष है, 12 अक्तूबर 2024 को परिवहन निगम की स्वर्ण जयंती के अवसर पर हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने खुद अपने मुख से ये घोषणा की थी कि रात्रि भत्ते और मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि निगम को जारी की जाएगी, लेकिन इस राशि का सरकार ने भुगतान नहीं किया। ये प्रदेश की कांग्रेस सरकार के ठगी के प्रमाण हैं, इस प्रकार के अनगिनत उदाहरण जनता के समक्ष हैं, जिसको लेकर हिमाचल प्रदेश की जनता काफी परेशान है।

### आईटीआई शाहपुर में साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** आईटीआई शाहपुर में 13 जनवरी को कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से एमटी ऑटोक्राफ्ट बरोटीवाला बद्दी हिमाचल प्रदेश और स्वराज इंजिन लिमिटेड सासनगर मोहाली पंजाब कंपनी द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। प्रधानाचार्य चैन सिंह राणा ने बताया कि इस अप्रेंटिसशिप मेला में एनसीवीटी तथा एससीवीटी आदि ट्रेड में कोर्स पूरा कर चुके सभी अभ्यर्थी पात्र होंगे। कैंपस इंटरव्यू में चयनित अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप एक्ट के अनुसार मानदेय दिया जाएगा।

### पेंशनर्स संघ जवाली की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, जवाली।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ खंड जवाली की बैठक एक शनिवार को ज्वाला माता परिसर लब में हुई। अध्यक्षता प्रधान सुखदेव शर्मा ने की। बैठक में दिवंगत पेंशनर्स की याद में दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संघ ने सरकार से आग्रह किया गया कि डीए की किश्तें भी दी जाएं। इसके अलावा प्रदेश सरकार कर्मचारियों व पेंशनर्स को कैशलेस सुविधा देने की व्यवस्था प्रदान करें।

### हैप्पी बर्थडे



पाली के अर्पण ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### आरोपियों को 3 दिन का पुलिस रिमांड

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पंचायत मछोट के युवक मुनीश राणा को

अनंत ज्ञान फॉलोअप

आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले राजस्थान के दो युवकों को न्यायालय ने 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। डीएसपी जवाली बीरी सिंह राठौर ने बताया कि शनिवार को आरोपियों को जवाली स्थित न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उन्हें 3 दिन का पुलिस रिमांड मिला है। रिमांड के दौरान उनसे पूछताछ की जाएगी।

### ऑल इंडिया कांगड़ा ओपन शतरंज चैंपियनशिप शुरू

## शतरंज से होता है मानसिक विकास मस्तिष्क की कसरत : योगेश गुप्ता

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

दो दिवसीय ऑल इंडिया कांगड़ा ओपन शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन कांगड़ा चेस क्लब कांगड़ा द्वारा किया जा रहा है। शनिवार को इसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि पहुंचे फ्लोर मिल के एमडी योगेश गुप्ता ने किया। योगेश गुप्ता ने खिलाड़ियों से रू-ब-रू होते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं, आयोजनकर्ताओं द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शतरंज एक ऐसी प्रतियोगिता है, जिससे मानसिक विकास होता है और मस्तिष्क की कसरत होती है। पहले दिन तीन राउंड पूरे हो गए हैं। बता दें की शतरंज चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश दिल्ली सहित प्रदेश के लगभग 140 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट हिमाचल का सबसे



बड़ा टूर्नामेंट है जिसमें की 201000 रुपए का कैश प्राइज विभिन्न वर्गों में विजेता रहे खिलाड़ियों को दिया जाएगा। इस मौके पर क्लब प्रधान संजय शर्मा, सीनियर उपप्रधान अतुल ठाकुर, सचिव दीपक चुग, सुभाष कैशियर, आर्बिरेटर आयुष, लखन पाल, अनिल शर्मा, अजय जम्वाल, आस्था, विपिन मेहरा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### मृतका के आश्रितों को 2.20 लाख मुआवजा देने के आदेश

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर सेंट्रल यूनियन पंजाब हरियाणा हिमाचल के सह प्रभारी रविंद सिंह रवि ने जारी प्रेस बयान में कहा है कि उनकी यूनियन की एक महिला कामगार 2013 में बोर्ड की लाभार्थी बनाई गई थी और कैंसर के कारण 2017 में उसकी मृत्यु हो गई थी। मृत्यु से एक साल पहले वह आईजीएमसी शिमला में इलाज कराती रहीं। कामगार संघ ने उसके आश्रित लड़के वीर सिंह का क्लेम श्रम अधिकारी धर्मशाला के पास फाइल किया, लेकिन श्रम अधिकारी धर्मशाला ने अपने आदेश में कहा कि मृतका का आश्रित महिला के पिछले वर्ष का 90 दिन का रोजगार प्रमाण पत्र नहीं दे पाया है, इसलिए इसका केस रद्द किया जाता है। उसके बाद कामगार संघ ने अपील बोर्ड के सचिव के पास शिमला में की, लेकिन वहां भी अपील रद्द कर दी गई। इसके बाद कामगार संघ ने 2020 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में कामगार कल्याण बोर्ड के विरुद्ध मुकदमा दायर कर दिया। उच्च न्यायालय ने 18 दिसंबर, 2024 को आवेदक वीर सिंह के हक में आदेश पारित कर दिया है और कामगार कल्याण बोर्ड को तुरंत दो लाख 20 हजार रुपए मुआवजा देने के आदेश दिए हैं।

## 21वीं सदी को भारत की सदी बताया था स्वामी विवेकानंद ने : डॉ. संदीप



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती गत दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा कांगड़ा द्वारा डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल टांडा में मनाई गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी प्रकाशानंद आचार्य, चिन्मय मिशन तपोवन थे। प्राचार्य डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, टांडा डॉ. मिलाप शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। एसएमआई अस्पताल कांगड़ा के डॉ. संदीप महाजन ने समारोह की अध्यक्षता की। डॉ. संदीप महाजन ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल अमृतसर में मेडिकल की डिग्री करते समय प्रसिद्ध डॉ. दलजीत सिंह उनके गुरु थे। उन्होंने आगे कहा कि चिन्मय नंद गुरु ने उन्हें एक छोटी सी पॉकेट बुक दी थी, जिसे वह पिछले 35 वर्षों से अपने पास रख रहे हैं, क्योंकि उनकी स्वामी विवेकानंद में गहरी आस्था है। डॉ. संदीप महाजन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की है।

## पुलिस ने हारचक्कियां में 882 ग्राम चरस के साथ दबोचा युवक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों अनुसार शाहपुर पुलिस टीम ने थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शुक्रवार देर रात गुप्त सूचना पर उपतहसील हारचक्कियां के गांव थाना में एक युवक को पकड़ा और उससे 882 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले कर मामला दर्ज कर लिया है। युवक की पहचान स्वर्ण सिंह पुत्र चैन सिंह निवासी गांव थाना पोस्ट ऑफिस हारचक्कियां के तौर पर हुई है।


जानकारी के अनुसार आरोपी युवक चरस की पुड़िया बनाकर बेचता था। पुलिस ने उससे भार तौलने की डिजिटल मशीन तथा आठ हजार रुपए नकद भी बरामद किए हैं। पुलिस को इस बारे स्थानीय लोगों की कई शिकायतें भी



आई थीं, जिस पर रात को सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ दबिश दी और मौका पर ही आरोपी से चरस पकड़ी। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में ले कर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी युवक से पूछताछ की जाएगी कि कहां से चरस लाता है तथा और कितने नशा तस्करों से इसके संबंध है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि यदि आपके आसपास कोई चरस, चिट्टा या अन्य प्रकार का नशा बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें, उनका नाम गुप्त रखा जाएगा।

### राष्ट्रीय योग स्पर्धा में भाग लेगा जवाली का रोहनीश

**अनंत ज्ञान, जवाली।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में अध्ययनरत



रोहनीश राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाला स्कूल का 13वां खिलाड़ी बन गया है। रोहनीश का चयन महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 15 से 18 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के लिए हुआ है। इससे पहले ये खिलाड़ी 11 जनवरी से सोलन के परवाणु में आयोजित किए जा रहे कोचिंग कैंप में भाग लेंगे। कैंप के लिए रवाना होने से पूर्व पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में रोहनीश को खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा और योग प्रशिक्षक एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अजय कुमार ने हार पहनाकर अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा ने पालमपुर को दिए कई तोहफे : प्रवीन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चचियां जोन में भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने केवल चचियां में उपतहसील ही नहीं खोली है, अपितु इस जोन की सभी पंचायतों को भाजपा की सरकारों ने कोई न कोई तोहफा दिया है। पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने कहा कि भाजपा ने ही एक निर्धारित समय के भीतर डाढ़ के लिए पेयजल योजना बनाई। डाढ़ रेस्ट हाउस पर नगरोटा बगवां का कब्जा था, उसे छुड़वाया। डाढ़ से



आदि हिमानी चामुंडा मंदिर तक हेलिकॉप्टर सेवा शुरू की। जिया का बनरे पावर हाउस भाजपा की ही देन है। वैष्णों माता मंदिर की तरह आदि हिमानी चामुंडा मंदिर एक धार्मिक पर्यटन स्थल बने, इसका चामुंडा न्यास के साथ विलय व रज्जू मार्ग का सर्वे भाजपा ने किया। ऐसे कई तोहफे भाजपा सरकारों ने पालमपुर को दिए हैं।

### केंद्र सरकार के सहारे हिमाचल प्रदेश : राकेश

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भाजपा जिला कांगड़ा के महामंत्री राकेश चौहान ने राज्य सरकार



को घेरते हुए कहा कि जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं केंद्र सरकार की सहायता से चल चल रही हैं। इसी वजह से आज हिमाचल में जल शक्ति विभाग जिंदा है, नहीं तो आज जल शक्ति विभाग की हालत बहुत ही खराब होती। आज प्रदेश सरकार की हालत यह है नेशनल हाईवे, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और नाबार्ड की सहायता से लगभग 90 प्रतिशत प्रदेश की सड़के केंद्र की सहायता से चली हुई हैं। केंद्र सरकार प्रदेश की जनता को नेशनल फूड स्कीम के तहत मुफ्त अनाज दे रही है। प्रधानमंत्री किसानों को किसान सम्मन निधि दे रहे हैं। केंद्रीय योजनाओं के सहारे हिमाचल चला हुआ है। कहा कि प्रदेश सरकार के पास तो कर्मचारियों को सैलरी और पेंशन देने के लिए पैसा तक नहीं है।

**व अदालत समाहर्ता एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी, शाहपुर जिला कांगडा हि0 प्र0**

Mutation Appeal — मुकदमा नं. 03/2023

सरूप सिंह पुत्र स्व. श्री शैला देवी पुत्री श्री रोशनी देवी पत्नी स्व. श्री नन्दू गांव व डाकघर कुठेड़ तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ....वादी।

**वनामः-** 1. विमला देवी पुत्री शेशनी देवी पत्नी धनी राम गांव रिड़कमार डाकघर दरीणी, उपतहसील दरीणी जिला कांगड़ा हि.प्र. 2. सुदरन देवी पुत्री रोशनी देवी पत्नी चन्दो राम गांव जोल डाकघर भाली तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा हि.प्र. 3. प्रीतम चन्द पुत्र नन्दू 4. राम दयाल पुत्र मेहर चन्द पुत्र रोशनी देवी 5. रमेश चन्द पुत्र पून्नू राम पुत्र रोशनी देवी 6. सुमना देवी पुत्री पुन्नू राम पुत्र रोशनी देवी 7. ब्रहमी देवी विध्वा पुन्नू राम पुत्र रोशनी देवी 8. अशोक कुमार पुत्र सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 9. नीलम देवी पुत्री 10. सरोज देवी पुत्री 11. वीना देवी पुत्री सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 12. प्रथा देवी विध्वा सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 13. करनैल सिंह पुत्र 14. निर्मल सिंह पुत्र श्री रघो राम पुत्र रोशनी देवी 15. निना देवी 16. निशा देवी 17. सोना देवी पुत्रियां रघो राम पुत्र रोशनी देवी 18. सुनिता देवी पुत्री 19. सरोज देवी पुत्री 20. गीता देवी विधवा रघो राम पुत्र रोशनी देवी (Respondents) उपरोक्त सभी महाल वासा डाकघर भनाला तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

मुकदमा वावत Application for the Muitation Appeal against the Mutation No. 243, order dated 30- 06-2021 and procedure in respect of Land Khata No. 81 Khatoni No. 98 Khasra No. 79,80,81,82 Land mearsuring 00-25-09 hms situated in Mohal Chouri Tehsil Shahpur case no. passed by the AC-1st Grade Shahpur.

उपरोक्त विषय से Mutaion appeal, भूमि की मिसल अधोहस्ताक्षरी के पास विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त प्रतिवादी गण को इस अदालत द्वारा वार-वार समन जारी हुए परन्तु फिर भी वे हाजिर न हुई। इसलिए इस अदालत को विश्वाश हो चुका है कि प्रतिवादीगण की तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है। अतः इस इश्तहार समाचार पत्र द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त Mutation appeal के मुकदमे के संबंध में यदि उन्हे कोई उजर या एतराज हो तो वे दिनांकः 31.01.2025 को दोपहर 2 बजे इस अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना पक्ष / एतराज /उजर पेश कर सकते है। हाजिर न आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी उसके बाद कोई उजर या एतराज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांकः 09.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित इस अदालत से जारी हुआ।

**समाहर्ता एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी, शाहपुर**

**व अदालत समाहर्ता एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी, शाहपुर जिला कांगडा हि0 प्र0**

Mutation Appeal — मुकदमा नं. 04/2023

सरूप सिंह पुत्र स्व. श्री शैला देवी पुत्री श्री रोशनी देवी पत्नी स्व. श्री नन्दू गांव व डाकघर कुठेड़ तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ....वादी।

**वनामः-** 1. विमला देवी पुत्री शेशनी देवी पत्नी धनी राम गांव रिड़कमार डाकघर दरीणी, उपतहसील दरीणी जिला कांगड़ा हि.प्र. 2. सुदरन देवी पुत्री रोशनी देवी पत्नी चन्दो राम गांव जोल डाकघर भाली तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा हि.प्र. 3. प्रीतम चन्द पुत्र नन्दू 4. राम दयाल पुत्र मेहर चन्द पुत्र रोशनी देवी 5. रमेश चन्द पुत्र पून्नू राम पुत्र रोशनी देवी 6. सुमना देवी पुत्री पुन्नू राम पुत्र रोशनी देवी 7. ब्रहमी देवी विध्वा पुन्नू राम पुत्र रोशनी देवी 8. अशोक कुमार पुत्र सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 9. नीलम देवी पुत्री 10. सरोज देवी पुत्री 11. वीना देवी पुत्री सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 12. प्रथा देवी विध्वा सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 13. करनैल सिंह पुत्र 14. निर्मल सिंह पुत्र श्री रघो राम पुत्र रोशनी देवी 15. निना देवी 16. निशा देवी 17. सोना देवी पुत्रियां रघो राम पुत्र रोशनी देवी 18. सुनिता देवी पुत्री 19. सरोज देवी पुत्री 20. गीता देवी विधवा रघो राम पुत्र रोशनी देवी (Respondents) उपरोक्त सभी महाल वासा डाकघर भनाला तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

मुकदमा वावत Application for the Muitation Appeal against the Mutation No. 373, order dated 30- 06-2021 and procedure in respect of Land Khata No. 70 Khatoni No. 130 Khasra No. 38 Land mearsuring 00-32-08 hms situated in Mohal Bassa Tehsil Shahpur case no. passed by the AC-1st Grade Shahpur.

उपरोक्त विषय से Mutaion appeal, भूमि की मिसल अधोहस्ताक्षरी के पास विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त प्रतिवादी गण को इस अदालत द्वारा वार-वार समन जारी हुए परन्तु फिर भी वे हाजिर न हुई। इसलिए इस अदालत को विश्वाश हो चुका है कि प्रतिवादीगण की तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है। अतः इस इश्तहार समाचार पत्र द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त Mutation appeal के मुकदमे के संबंध में यदि उन्हे कोई उजर या एतराज हो तो वे दिनांकः 30.01.2025 को दोपहर 2 बजे इस अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना पक्ष / एतराज /उजर पेश कर सकते है। हाजिर न आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी उसके बाद कोई उजर या एतराज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांकः 09.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित इस अदालत से जारी हुआ।

**समाहर्ता एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी, शाहपुर**

# चेतन चौहान ने थपथपाई आरएस बाली की पीठ

## कांग्रेस के राज्य सह प्रभारी ने विकास पुरुष जीएस बाली को भी किया याद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

कांग्रेस के राज्य सह प्रभारी चेतन चौहान ने पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली की पीठ थपथपाते हुए कहा कि आरएस बाली आम जनमानस के युवा नेता हैं तथा अपने पिता स्व. जीएस बाली की तरह राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान अपने कामों से बनाई है।

उन्होंने कहा कि स्व. जीएस बाली को नगरोटा ही नहीं, अपितु प्रदेश भर विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है। शनिवार को नगरोटा के ओबीसी भवन में ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक में बतौर



मुख्यातिथि सह प्रभारी चेतन चौहान ने कहा कि कार्यकर्ता की किसी भी पार्टी की रीढ़ होती है, कर्मठ कार्यकर्ता ही पार्टी को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें ताकि पात्र लोग सरकार योजनाओं से लाभांवित हो सकें। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को गरीबों की सहायता का मंत्र दिया। वहीं, आरएस बाली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना हम सब की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा हम सभी मिलकर एक नया लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे और पार्टी में नए कार्यकर्ताओं का जोड़ने का कार्य जोर-शोर से किया जाएगा।

### राम मंदिर निर्माण का एक वर्ष होने पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी में आज थाना ज्वालामुखी के पास चौक पर राम मंदिर के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के साथ आयोजनकर्ता कमेटी ने हवन में भी आहुतियां डालीं। भंडारे के साथ राम भजनों का गुणगान किया गया, जिससे वातावरण राममयी हो गया। गत बर्ष भी जब अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी तब भी यहां भंडारे का आयोजन किया गया था। इसी के चलते आज दूसरे भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ो भक्तों ने छोले पूरी, खीर, हलवा का आनंद उठाया।

**व अदालत समाहर्ता एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी, शाहपुर जिला कांगडा हि0 प्र0**

Mutation Appeal — मुकदमा नं. 05/2023

सरूप सिंह पुत्र स्व. श्री शैला देवी पुत्री श्री रोशनी देवी पत्नी स्व. श्री नन्दू गांव व डाकघर कुठेड़ तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ....वादी।

**वनामः-** 1. विमला देवी पुत्री शेशनी देवी पत्नी धनी राम गांव रिड़कमार डाकघर दरीणी, उपतहसील दरीणी जिला कांगड़ा हि.प्र. 2. सुदरन देवी पुत्री रोशनी देवी पत्नी चन्दो राम गांव जोल डाकघर भाली तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा हि.प्र. 3. प्रीतम चन्द पुत्र नन्दू 4. राम दयाल पुत्र मेहर चन्द पुत्र रोशनी देवी 5. रमेश चन्द पुत्र पून्नू राम पुत्र रोशनी देवी 6. सुमना देवी पुत्री पुन्नू राम पुत्र रोशनी देवी 7. ब्रहमी देवी विध्वा पुन्नू राम पुत्र रोशनी देवी 8. अशोक कुमार पुत्र सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 9. नीलम देवी पुत्री 10. सरोज देवी पुत्री 11. वीना देवी पुत्री सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 12. प्रथा देवी विध्वा सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 13. करनैल सिंह पुत्र 14. निर्मल सिंह पुत्र श्री रघो राम पुत्र रोशनी देवी 15. निना देवी 16. निशा देवी 17. सोना देवी पुत्रियां रघो राम पुत्र रोशनी देवी 18. सुनिता देवी पुत्री 19. सरोज देवी पुत्री 20. गीता देवी विधवा रघो राम पुत्र रोशनी देवी (Respondents) उपरोक्त सभी महाल वासा डाकघर भनाला तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

मुकदमा वावत Application for the Muitation Appeal against the Mutation No. 243, order dated 30- 06-2021 and procedure in respect of Land Khata No.50 Khatoni No. 62 Khasra No. 83 Land mearsuring 00-11-34 hms situated in Mohal Chouri Tehsil Shahpur case no. passed by the AC-1st Grade Shahpur.

उपरोक्त विषय से Mutaion appeal, भूमि की मिसल अधोहस्ताक्षरी के पास विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त प्रतिवादी गण को इस अदालत द्वारा वार-वार समन जारी हुए परन्तु फिर भी वे हाजिर न हुई। इसलिए इस अदालत को विश्वाश हो चुका है कि प्रतिवादीगण की तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है। अतः इस इश्तहार समाचार पत्र द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त Mutation appeal के मुकदमे के संबंध में यदि उन्हे कोई उजर या एतराज हो तो वे दिनांकः 30.01.2025 को दोपहर 2 बजे इस अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना पक्ष / एतराज /उजर पेश कर सकते है। हाजिर न आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी उसके बाद कोई उजर या एतराज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांकः 09.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित इस अदालत से जारी हुआ।

**समाहर्ता एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी, शाहपुर**

**व अदालत समाहर्ता एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी, शाहपुर जिला कांगडा हि0 प्र0**

Mutation Appeal — मुकदमा नं. 06/2023

सरूप सिंह पुत्र स्व. श्री शैला देवी पुत्री श्री रोशनी देवी पत्नी स्व. श्री नन्दू गांव व डाकघर कुठेड़ तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ....वादी।

**वनामः-** 1. विमला देवी पुत्री शेशनी देवी पत्नी धनी राम गांव रिड़कमार डाकघर दरीणी, उपतहसील दरीणी जिला कांगड़ा हि.प्र. 2. सुदरन देवी पुत्री रोशनी देवी पत्नी चन्दो राम गांव जोल डाकघर भाली तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा हि.प्र. 3. प्रीतम चन्द पुत्र नन्दू 4. राम दयाल पुत्र मेहर चन्द पुत्र रोशनी देवी 5. रमेश चन्द पुत्र पून्नू राम पुत्र रोशनी देवी 6. सुमना देवी पुत्री पुन्नू राम पुत्र रोशनी देवी 7. ब्रहमी देवी विध्वा पुन्नू राम पुत्र रोशनी देवी 8. अशोक कुमार पुत्र सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 9. नीलम देवी पुत्री 10. सरोज देवी पुत्री 11. वीना देवी पुत्री सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 12. प्रथा देवी विध्वा सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 13. करनैल सिंह पुत्र 14. निर्मल सिंह पुत्र श्री रघो राम पुत्र रोशनी देवी 15. निना देवी 16. निशा देवी 17. सोना देवी पुत्रियां रघो राम पुत्र रोशनी देवी 18. सुनिता देवी पुत्री 19. सरोज देवी पुत्री 20. गीता देवी विधवा रघो राम पुत्र रोशनी देवी (Respondents) उपरोक्त सभी महाल वासा डाकघर भनाला तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

मुकदमा वावत Application for the Muitation Appeal against the Mutation No. 373, order dated 30- 06-2021 and procedure in respect of Land Khata No. 69 Khatoni No. 129 Khasra No. 32,33,34 Land mearsuring 00-25-06 hms situated in Mohal Bassa Tehsil Shahpur case no. passed by the AC-1st Grade Shahpur.

उपरोक्त विषय से Mutaion appeal, भूमि की मिसल अधोहस्ताक्षरी के पास विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त प्रतिवादी गण को इस अदालत द्वारा वार-वार समन जारी हुए परन्तु फिर भी वे हाजिर न हुई। इसलिए इस अदालत को विश्वाश हो चुका है कि प्रतिवादीगण की तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है। अतः इस इश्तहार समाचार पत्र द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त Mutation appeal के मुकदमे के संबंध में यदि उन्हे कोई उजर या एतराज हो तो वे दिनांकः 30.01.2025 को दोपहर 2 बजे इस अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना पक्ष / एतराज /उजर पेश कर सकते है। हाजिर न आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी उसके बाद कोई उजर या एतराज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांकः 09.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित इस अदालत से जारी हुआ।

**समाहर्ता एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी, शाहपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### झंडूता में 11 फरवरी को निकलेगी शोभायात्रा



अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता उपमंडल में 11 फरवरी को गुरु रविदास जी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। इस यात्रा की शुरुआत 11 फरवरी को सुबह मरोतन से शुरू होगी और झंडूता के विभिन्न इलाकों से होते हुए अंबेडकर भवन झंडूता पहुंचेगी और बाद में वापस मरोतन में आकर समय खतम होगी। यह फैसला झंडूता उपमंडल में स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैठक में लिया गया। आपको बता दें 2025 में गुरु रविदास जयंती 12 फरवरी, बुधवार को मनाई जाएगी। परमेश्वरी सिंह बग्गा ने बताया कि आज झंडूता के अम्बेडकर भवन में ब्लॉक लेवल की बैठक का आयोजन किया गया। आज बैठक अम्बेडकर भवन में हुई इसमें जो 11 फरवरी को शोभायात्रा निकालने पर चर्चा की। इस ब्लांक स्तरीय बैठक के मौके पर कार्यकारणी के प्रधान लच्छूराम, रमेश चंद, रामलाल, रामगोपाल चंद, परसोतम चंद ,पवन कुमार, रमेश चंद, अमरनाथ मोहिला, भोला राम, देव राम, महिन्द्र सिंह, श्याम लाल, हरिकृष्ण, राम सिंह,अनीशा कुमारी, अंजना देवी, मनीष कुमार, मुकेश चंद, बलवीर सिंह, ज्ञान चंद और जगत सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 30 नवंबर को हुई ग्राम सभा बैठक पर उठाए सवाल



अनंत ज्ञान, बिलासपुर। जिला युवा उपाध्यक्ष, ग्राम पंचायत सांई खारसी के वार्ड सदस्य एवं रायमापा रानी कोटला एसएमसी प्रधान बाबू राम ठाकुर ने ग्राम पचायत में 30 नवंबर को हुई ग्राम सभा बैठक पर सवाल उठाए हैं तथा प्रदेश सरकार से ग्राम सभा को रद्द करने व जांच अधिकारी को बदलने की मांग की है। उन्होंने यहां पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला युवा उपाध्यक्ष, ग्राम पंचायत सांई खारसी के वार्ड सदस्य बाबू राम ठाकुर ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा गत 30 नवंबर को बुलाए गई ग्राम सभा में उन्हें व अन्य तीन वार्ड सदस्यों को नहीं बुलाया गया और न ही सूचित किया गया। जबकि इस ग्राम सभा में पंचायत विभाजन पर चर्चा सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होनी थी। लेकिन पंचायत प्रधान, उप प्रधान की ओर से ग्राम सभा की कार्यवाई पर लोगों को गुमराह कर घर-घर जाकर हस्ताक्षर करवाए गए, जो नियमों के विपरीत है। उन्होंने इस बात का पता गत 15 दिसंबर को चला, उसके बाद उन्होंने 16 दिसंबर को उपायुक्त बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा व उचित कार्यवाई की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद पंचायती राज मंत्री को भी ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में जांच अधिकारी द्वारा पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, उसे भी बदला जाए। उन्होंने इस मामले में पंचायत प्रधान व सचिव को निलंबित करने की मांग की है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक साल पूरा होने पर बांटा प्रसाद



अनंत ज्ञान, दधोल। उपतहसील भराड़ी में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में शिव शक्ति व्यापार मंडल भराड़ी में प्रधान पृथ्वी सिंह की अध्यक्षता में टोणीदेवी मंदिर भराड़ी में जलेबी प्रसाद का भोग लगाने के बाद भराड़ी बाजार के व्यापारियों व आने जाने वाले वाहनों व राहगीरों को जलेबी प्रसाद वितरित किया गया। प्रधान पृथी सिंह ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। इस अवसर पर प्रधान पृथी सिंह, महासचिव अजय शर्मा, उप प्रधान अनिल, प्रेम लाल, रविन्द्र , कामराज, सोहन लाल, अनूप कुमार, मोंटू, संजीव, ऋतिक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### झंडूता में अखिल भारतीय किसान संघ ने की बैठक



अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता उपमंडल के आनंदघाट में स्थित सर्वेश्वर महादेव के मंदिर परिसर में भारतीय किसान संघ की एक दिवसीय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में एक कार्य विस्तार से संबंधित बात थी उसको सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम समीतियों को गठन करने की मांग रखी।इसके साथ ही किसानों से संबंधित जो समस्या है जैसे बेसहारा पशुओं की, वन्य प्राणियों की उजाड़ से संबंधित विषय पर चर्चा हुई। इसमें जो हिमाचल प्रदेश सरकार ने कांटेदार तार पर जो सब्सिडी रखी है उसे 80 प्रतिशत तक दे। इसके लिए हमने प्रस्ताव पारित किया। अखिल भारतीय किसान संघ के कार्यकारणी सदस्य सोहन देव शर्मा ने बताया कि झंडूता खंड की बैठक हुई, इस बैठक में कृषि कार्य संबंधी कार्यों पर चर्चा हुई है।

### एसोसिएशन ने पेंशनरों को किया सम्मानित



अनंत ज्ञान, झंडूता। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जेजवीं इकाई की बैठक प्रधान भाग सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें राज्य महामंत्री ठाकुर हुकम सिंह, जिला प्रधान जगदीश दिनेश, संगठन सचिव गोपाल दास शर्मा, सचिव घुमारवीं खंड नरोत्तम दत्त धीमान, सचिव कंन्द्रोह इकाई बालक राम कटवाल और पवन शर्मा गाँधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं जेजवीं इकाई के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर हुकम सिंह ने शिरकत की और 70 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनरों को सम्मानित किया गया। वहीं चुनाव सर्वसमिति से संपन्न करवाए गए जिसमें प्रधान भाग सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान इंदर सिंह, उपप्रधान रामजी दास, राम लाल, पुरुषोत्तम दत्त शास्त्री व प्रकाश सिंह कैथल, सचिव बली राम, वित्त सचिव रणजीत सिंह, लेखा परिक्षक धर्म सिंह ठाकुर, मुख्य सलाहकार भगत राम शर्मा , मुख्य सरक्षक जीत राम, संगठन सचिव रजनी देवी, लछमी देवी, कौशल्या देवी को नियुक्त किया गया।

# जिले में धुंध का कहर, फोरलेन मार्ग पर स्लो हुए वाहनों के पहिए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

सर्दी की दिनों में पड़ रही धुंध का जिला बिलासपुर में काफी प्रभाव पड़ रहा है। मुख्य रूप से सुबह के समय लोगों को परेशानी हो रही है। धुंध के कहर से प्रशासनिक और लोक निर्माण विभाग की व्यवस्था की पोल खोल रही है, क्योंकि अव्यवस्था का सीधा असर वाहन चालकों को पड़ रहा है। प्रशासनिक व्यवस्था की बात की जाए तो मुख्य मार्गों एवं फोरलेन पर तो सभी व्यवस्थाएं की गईं हैं, लेकिन संपर्क मार्गों में व्यवस्था का अंधेरा ही नजर आ रहा है।



संपर्क मार्गों पर न तो साइन बोर्ड लगाए गए हैं और न ही धुंध और रात के अंधेरे में सहायक बनने वाले रिफ्लेक्टर स्थापित किए हैं। पुलिस की ओर से सभी थानों के टीमों को गश्त के लिए लगा दिया है और लोगों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन की ओर इस क्षेत्र से सीसीटीवी कैमरे तो स्थापित किए हैं, लेकिन स्टड रिफ्लेक्टर और रिफ्लेक्टरों की कमी है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- अपनी लेन में ही चलें
- हेडलाइट लो-बीम पर रखें।
- फॉगलैंप का प्रयोग करें।
- वाहन धीरे चलाएं, हीटर का प्रयोग करें।



"बिलासपुर में धुंध काफी अधिक पड़ रही है। ऐसे में सभी वाहन चालक अपनी गाड़ियों की स्पीड को धीरे रखें और अपनी लाइन में चले। इस संदर्भ में बिलासपुर पुलिस चालकों को जागरूक भी कर रही हैं।
-संदीप धवल, एसपी बिलासपुर।

# आइलैंड टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए गोबिंदसागर झील में तीन टापू विकसित

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की तर्ज पर बिलासपुर में आइलैंड टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए गोबिंद सागर झील में तीन टापू विकसित किए जा रहे हैं। प्रशासन की ओर से झील में बीच बसे तीनों टापुओं का चयन कर लिया है। इसमें विभिन्न गतिविधियों का संचालन करने के लिए 25 जनवरी को टेंडर भी करवाए जाएंगे। टेंडर अवार्ड होने के बाद इन टापूओं में आइलैंड टूरिज्म में शामिल सभी सुविधाएं दी जाएंगी।

जानकारी के मुताबिक प्रशासन की ओर से चयनित किए गए तीन टापूओं में एक श्री नयना देवी विस क्षेत्र के तहत ज्योरीपतन टापू है। इसके अलवा साथ ही एक छोटा टापू है और एक झंडूता विस क्षेत्र के तहत वाला टापू शामिल है। बड़ी बात यह है कि ज्योरीपतन वाला टापू करीब 200 बीघा क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इस टापू की बात यह है कि इस पूरे क्षेत्र में एक भी पेड़ नहीं है और साल में लगभग नौ माह तक पूरी तरह से पानी से ऊपर रहता है। इन टापुओं को लीज पर देकर इसका विकास किया जाएगा।

टापू की साइट डेस्टिनेशन मैरिज के लिए विकसित की जाएगी। जहां देश विदेश से आने वाले लोग प्री मैरिज शूटिंग या डेस्टिनेशन मैरिज कर सकते हैं। खास बात यह है कि देश में ऐसे बहुत कम स्थान हैं, जहां टापुओं को डेस्टिनेशन मैरिज के लिए विकसित किया गया हो।



फाइल फोटो

- 25 को विभिन्न गतिविधियों के तहत करवाया जाएगा टेंडर
- टापुओं में आइलैंड टूरिज्म में शामिल सभी सुविधाएं मिलेगी

### स्थानीय लोगों का समूह टेंडर में ले सकता है भाग

**प्रशासन** की ओर से टेंडर प्रक्रिया में स्थानीय सहभागिता को भी शामिल किया जा रहा है। प्रशासन ने जिला व प्रदेश के लोगों से आह्वान किया है कि वह साइटें लेकर स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ सकते हैं। इसके लिए स्थानीय लोगों का समूह एकत्रित होकर भी टेंडर में भाग ले सकता है। उधर, इस संदर्भ में जानकारी देते हुए उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि बिलासपुर में पर्यटकों को अधिक से अधिक दिन रोकने का प्रयास किया जा रहा है। आइलैंड टूरिज्म की दिशा में टापुओं की आवंटन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। पर्यटकों के बिलासपुर में अधिक समय बिताने से स्थानीय स्तर पर होटल, रेस्टोरेंट और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास होगा। बिलासपुर और आसपास के जिलों के लोग यहां निवेश करेंगे, जिससे स्थानीय लोगों के कारोबार में वृद्धि होगी। इस परियोजना से स्थानीय रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### डेस्टिनेशन मैरिज के लिए सुविधाएं भी होंगी उपलब्ध

**बिलासपुर** में उतर भारत की पहले टापू होंगे, जहां डेस्टिनेशन मैरिज के लिए सुविधाएं दी जाएगी। यहां इको-फ्रेंडली कैंपिंग साइट्स विकसित की जाएंगी, जहां पर्यटक रात में बोन फायर, स्थानीय संगीत का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा, झील के चारों ओर नेचर ट्रेल्स और हाइकिंग रूट्स बनाए जाएंगे, जहां प्रकृति प्रेमी क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव कर सकेंगे। अंडमान-निकोबार की तरह यहां लाटर स्पोर्ट्स, कैंपिंग, स्थानीय संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन कर इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय संस्कृति और व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए फूड और कल्चरल फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक नृत्य, संगीत और नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही झील के कुछ हिस्सों में फिशिंग और एंग्लिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे पर्यटक शांत वातावरण में मछली पकड़ने का आनंद ले सकेंगे।

# पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का आरोप मुझे मारने की रची जा रही साजिश

अनंत ज्ञान, बिलासपुर



जानकारी देते बंबर ठाकुर व साथ हैं अन्य।

जंगल में गोली चलाने मामले में पकड़े गए आरोपियों को लेकर बिलासपुर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि सौरभ पटियाल उर्फ फांदी की गैंग राजनीतिक संरक्षण होने के चलते ही इस तरह की गतिविधियों को अंजाम दे रही है। यह लोग उन्हें व उनके परिवार को हमला करने की योजना बना रहा था।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से बिलासपुर में ऐसे गोलियां चलाई जा रही हैं वह किसी आतंकी शिविर से कम नहीं हैं। इसको लेकर प्रदेश सरकार और पुलिस महानिदेशक को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

इस मामले को लेकर वह 14 जनवरी तो उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश भारत सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री, मानव अधिकार आयोग, मुख्य न्यायाधीश हिमाचल प्रदेश व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजा जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के स्थानीय विधायकों के साथ आरोपित सौरभ पटियाल करीबियां हैं और उन्हीं के सानिध्य में यह लोग इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। यह तो शुक्र है कि बिलासपुर पुलिस अधीक्षक ने इन लोगों पर कार्रवाई कर दी, अन्यथा कोई बड़ी घटना हो सकती है। चिंतनीय बात यह है अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं चिट्टा माफिया यह लोग युवाओं को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देकर उनका भविष्य खराब कर रहे हैं। इसको लेकर पुलिस महानिदेशक भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्हें चाहिए कि बिलासपुर के तैनात पुलिस अधिकारियों पर भी नजर रहे और उनकी काल डिटेल की जांच करे, ताकि सच सामने आ सके।

- जंगल में गोली चलाने वाले पकड़े आरोपी मुझे मारने की बना रहे थे प्लानिंग

उन्होंने प्रशासन और भाजपा को चेताया कि भविष्य में उनके या उनके परिवार के साथ कोई घटना होती है तो उसकी सारी जिम्मेदारी स्थानीय विधायक त्रिलोक जम्वाल की होगी।

# सदर विस क्षेत्र के चुनाव की दोबारा मतगणना होने की संभावनाएं समाप्त

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

सदर-बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव को चुनौती देने के मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक अहम आदेश जारी किए हैं। अदालत ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी गई इस विधानसभा क्षेत्र के चुनाव की ईवीएम और वीवी पैट मशीनों को चुनाव आयोग को सौंपने के आदेश दिए हैं। अदालत के आदेश से सदर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव की दोबारा मतगणना होने की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं।

बता दें कि वर्ष 2022 में हुए चुनाव में सदर विधानसभा क्षेत्र से त्रिलोक जम्वाल ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की थी। पूर्व विधायक एवं इस चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे बंबर ठाकुर ने इन नतीजों को अदालत में चुनौती दी थी। उन्होंने दोबारा मतगणना की मांग भी की थी। पिछले 2 वर्षों से यह मामला प्रदेश उच्च नयायालय में विचाराधीन था। इसके चलते सदर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित सभी ईवीएम और वीवी पैट मशीनें बिलासपुर कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखी गई थीं। अब इस मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय से एक जरूरी आदेश जारी हुए हैं। गत 27 दिसंबर को उच्च न्यायालय ने याचिका की सुनवाई करते हुए कस्टडी में रखी गई सभी ईवीएम और वीवी पैट मशीनों को रिलीज करके चुनाव आयोग को सौंपने के आदेश दिए हैं।

- स्ट्रांग रूम में ईवीएम और वीवी पैट मशीनों को चुनाव आयोग को सौंपने के आदेश



उच्च न्यायालय के आदेश से सदर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम के लिए मतगणना की संभावना समाप्त मानी जा रही हैं। आदेशों को एक तरह से सदर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम पर मुहर माना जा रहा है।

# छात्रों का सफलता और जीवन के उद्देश्यों पर किया मार्गदर्शन

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। पीएम श्री रावमापा बरमाणा में स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में छात्रों को सफलता और जीवन के उद्देश्यों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। समारोह में श्रीश्री ट्रस्ट के अध्यक्ष व समाज सेवी उदय तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उनके साथ राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सह सयोंजक हीरा पाल सिंह ठाकुर,चैन सिंह ठाकुर, यशवंत ठाकुर ,नत्थू राम, रिटायर्ड प्रिंसिपल यशपाल सिंह ,सुरेंदर चड्ढा , नरेश ठाकुर, रविंद्र चंदेल, जगदीश सांख्यान आदि उपस्थित रहे।

स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान सुरजीत सिंह ठाकुर व अन्य सदस्यों ने मुख्यतिथि का स्वागत किया गया। मुख्यातिथि ने सह-पाठयक्रम व खेलकूद ,प्रतियोगिता सहित गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ग्याहरवीं कक्षा की दिव्या और सहेलियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमेहमान व अन्य।

# भराड़ी स्कूल के वार्षिक समारोह में मेधावियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

बिलासपुर जिला के भराड़ी स्थित पीएम श्री मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए।



कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए राजेश धर्माणी व मौजूद अन्य

धर्माणी ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्रों की उपलब्धियां हमें गर्व से भर देती हैं। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों की प्रतिभाओं को पहचानने और सही मार्गदर्शन देने का आह्वान किया।

भराड़ी स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। हिंदी, पहाड़ी, पंजाबी गीतों के साथ साथ नाटक, कविताएं, भाषण, एकल गीत प्रस्तुत किए।

इस मौके पर शिक्षा उपनिदेशक उच्च रेणु कौशल, नरेश कुमारी सहित भराड़ी स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष कौशल, रामचन्द, रमेश चंद, हंसराज शांडिल, इंद्रा शर्मा, मंजू देवी, राजकुमार, मीना अरोरा, सुनील कुमार, नितिन चड्ढा, लवित, राहुल, अनिल कुमारी, अजय कुमार, सीमा रानी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस दौरान कशिश, आयुष, कृतांजली, शिवांशु, शगुन, शुभम, जिनन्त, पारुल, शारदा ठाकुर, आयुष नड्डा, आरची ठाकुर, राधिका, आँचल, निखिल, अर्नव, सारिका, शिवांश, कोमल, अंतरा, अंजली, आर्यन, रिधम, अमन, श्रेया, सोहिल, भावना, नाविन्त, अंजली, रिया, आकर्ष, योगिता, मनीशा, पारुल, तानवीं, गौरवित, अतुल, केशव, अंतरा, शुकान्त, सरिता, गर्वित, अतुल, राज, शिवांश, प्रियांश गर्ग, भावना, अनुपमा, निशा, उपलक्ष, आर्यन, ईशान, आयुष नड्डा, अंतरा, तनु, अंजली, शक्षिता, रिशिता, सौरभ, रिधम, ईशा, अभिषेक, सोहिल सहित आदि मेधावियों को सम्मानित किया गया।

**सुविधा** अस्पताल में करोड़ों रुपए की मेमोग्राफी टेस्ट मशीन की इंस्टॉल

# बिलासपुर अस्पताल में शुरू होंगे ब्रेस्ट कैंसर के टेस्ट

शुभम राही, बिलासपुर

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में अब जल्द ही महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की टेस्ट सुविधा शुरू होने जा रही है। करोड़ों रुपए की लागत से मेमोग्राफी मशीन अस्पताल पहुंच गई है और इसको इंस्टॉल करने का कार्य शुरू हो गया है, जिसके चलते अब जल्द ही अस्पताल में यह सुविधा भी शुरू हो जाएगी। इससे पहले महिला मरीजों को इस तरह का टेस्ट करवाने के लिए बाहरी राज्यों या फिर निजी महंगी लैबों में जाकर टेस्ट करवाने पड़ते थे, लेकिन जिला अस्पताल बिलासपुर में इस टेस्ट सुविधा का शुरू होने से मरीजों को अधिक लाभ मिलेगा। वहीं, ब्रेस्ट कैंसर का टेस्ट करने वाला जिला का पहला सरकारी अस्पताल बिलासपुर होगा। खबर की पुष्टि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने की।





गौरतलब है कि मेमोग्राफी टेस्ट से ब्रेस्ट कैंसर के शुरूआती लक्षणों का पता लगाया जाता है। स्क्रीनिंग मेमोग्राफी के जरिए छोटी से छोटी गांठ का पता चल जाता है। यदि कैंसर की शुरूआती अवस्था और गांठ बहुत छोटी है तो स्क्रीनिंग के जरिए दिख जाता है। ऐसे में शुरुआती चरण में ही बीमारी का पता चलने से महिला रोगी को समय पर उपचार मिल पाएगा।

पहले की बात करें तो बिलासपुर जिला के महिला मरीजों को बिलासपुर एम्स या फिर टांडा मेडिकल कॉलेज, पीजीआई चंडीगढ़ व निजी लैब का रुख करना पड़ता है। जिससे यहां पर मरीजों को सीधा असर उनकी जेब पर भी पड़ता है। मेमोग्राफी टेस्ट की बात करें तो निजी लैब में यह टेस्ट 3000 से 5000 तक रूपये का होता है, लेकिन अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने से रोगियों को सस्ते दामों पर यह सुविधा मिलेगी। आपको बता दें कि अस्पताल प्रशासन द्वारा महिलाओं के ईलाज के लिए अलग से मातृ शिशु केंद्र स्थापित किया है। यहां पर अलग से ही महिलाओं और बच्चों का ईलाज किया जाता है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन की यह भी प्लानिंग है कि इस मशीन को मातृ शिशु केंद्र में ही स्थापित किया जाए। ताकि महिलाओं को एक ही छत के नीचे इस टेस्ट की सुविधा भी मिल सकें।

फिलहाल, करोड़ों रुपए की लागत से यह मशीन अस्पताल में पहुंच गई है और अब इसको जल्द ही इंस्टॉल करने का कार्य शुरू हो रहा है, ताकि महिलाओं को इसका लाभ मिल सकें।( अनंत ज्ञान)



"जिला अस्पताल बिलासपुर में करोड़ों रुपए की मेमोग्राफी मशीन पहुंच गई है। इस मशीन को इंस्टॉल करने का कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। इस मशीन के लगते से ब्रेस्ट कैंसर के टेस्ट कम दामों में जिला अस्पताल में होंगे।
-एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।

# झंडूता बाजार में कूड़े की भरमार

गोपाल कपिल, झंडूता



लगे हुए कूड़े के ढेर, जिससे बिमारियां फैलने का खतरा बना है।

सरकार की ओर से समय-समय पर चलाए गए स्वच्छता अभियानों को पीछे धकेलने में कुछ लोग कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जहां दिल किया वहीं कूड़े के ढेर लगा रहे हैं।

सरकार द्वारा स्वच्छता को लेकर चलाए गए जागरूक अभियानों का भी लोगों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। यही कारण है कि लोगों के घरों और दुकानों के कूड़े का बोझ अब सड़कों और नालों के साथ लगती खाइयों को उठाना पड़ रहा है।

उपमंडल झंडूता के झंडूता बाजार के साथ लगते नाले में लोग लगातार कूड़ा फेंक रहे है। यह स्थिति अब वहां के स्थानीय लोगों को भी परेशान करने लगी है। हैरानी इस बात की है कि लोग सड़क पर बच्चों को लगाए जाने वाले डायपर भी लिफाफे में भरकर फेंक रहे हैं। हालत इतनी खराब है कि वन्य प्राणी और गौवंश कूड़े के ढेरों में खाने की तलाश में घूमते रहते हैं।

- परेशान लोगों ने समस्या के समाधान की उठाई मांग

इस पर व्यापार मंडल के प्रधान प्रशांत शर्मा ने बताया कि झंडूता बाजार में कूड़े का सही ढंग से निष्पादन नहीं हो पाता है। ये जो गंदगी है यह नालियों में फैलती जा रही है। इस कूड़े से भयंकर बीमारी भी यहां पर हो सकती है। बस स्टैंड से ऊपर की साइड भी लोग खुले में शौच करते हैं। जब झंडूता से घुमारवीं की तरफ जाते समय एक नाले में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया की इस ओर ध्यान दें, जिससे हम स्वच्छ हिमाचल स्वच्छ झंडूता की परिकल्पना करते हैं उसको पूरा कर सके। (अनंत ज्ञान)

# विधायक जम्वाल ने पंचायतों का दौरा कर सुनी समस्याएं

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने नए साल में विधानसभा क्षेत्र का दौरा एक बार फिर से शुरू कर दिया है। इस कड़ी में दो दिनों में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की चार पंचायतों का दौरा किया।

बंदला, सिहड़ा, कुठेड़ा व भलस्वाय पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पिछले दो वर्षों में करवाए गए विकास कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही उन्होंने लोगों की जरूरत व मांग के आधार पर नए कार्यों के लिए धनराशि मंजूर की। उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और लोगों को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाना शुरू से ही उनकी प्राथमिकता रही है। ग्रामीण इलाकों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बजट उपलब्ध करवाने में कोई कमी नहीं रखी जा रही है। पिछले 2 वर्षों में बंदला पंचायत में लगभग 29 लाख, सिहड़ा में 44 लाख, कुठेड़ा में 35 लाख व भलस्वाय पंचायत में 20 लाख रुपए विकास कार्यों के लिए मुहैया करवाए गए हैं।



एक पंचायत के दौरे के दौरान मौजूद विधायक जम्वाल व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया कल करेंगे सिहुंता कॉलेज के भवन का शिलान्यास



**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 12 जनवरी को शाम 7 बजे सिहुंता पहुंचेंगे। जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि वे 13 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे राजकीय महाविद्यालय सिहुंता के भवन का शिलान्यास करने के पश्चात 12:30 बजे शिव दयालु मंदिर कमेटी सिहुंता द्वारा आयोजित लोहड़ी त्योहार उत्सव में शामिल होंगे, इसके पश्चात बाद दोपहर 2:30 बजे उनके द्वारा देहरा खड्ड से कल्याणा तक बनने वाली संपर्क सड़क का भूमि पूजन किया जाएगा। 14 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष द्वारा देहरा खड्ड से समोट तक, 12:30 बजे गांव बाडी धार (ग्राम पंचायत खडेट) के लिए बनने वाली संपर्क सड़क तथा दोपहर 2:30 बजे जजरी मोड़ से सम्मा दा बासा तक बनने वाली संपर्क सड़क का भूमि पूजन किया जाएगा।

### योग मानव विकास ट्रस्ट ने ढलोग में जागरूक किए लोग

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढलोग में



योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत के ट्रस्टी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में मद्यपान और धूम्रपान विरोधी अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान सुदेश कुमारी एवं अन्य वार्ड सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को मद्यपान और धूम्रपान के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस समस्या को सामूहिक प्रयासों से समाप्त करने का संकल्प लिया। प्रधान सुदेश कुमारी ने कहा कि यह अभियान हमारे समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गुरु गोबिंद सिंह ने दिया महान बलिदान : पठानिया

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने अपनी पत्नी एवं बेटी सहित 39 मील के सिहोलपुरी में गुरु गोबिंद सिंह गुरुद्वारा में जाकर माथा टेककर गुरवाणी सुनी और प्रसाद ग्रहण किया। पठानिया ने कहा कि देश-धर्म के लिए श्री गुरु गोबिंद सिंह का महान बलिदान रहा है। इतिहास पुरुष कभी भी राजसत्ता प्राप्ति, जमीन-जायदाद, धन संपदा या यश प्राप्ति के लिए लड़ाइयां नहीं लड़ते। गुरु गोबिंद सिंह ऐसे इतिहास पुरुष थे, जिन्होंने ताउम्र अन्याय, अधर्म, अत्याचार और दमन के खिलाफ तलवार उठाई और लड़ाइयां लड़ीं। उनकी तीन पीढ़ियों ने देश धर्म की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया। गुरु गोविंद सिंह, सिख धर्म के दसवें गुरु, एक महान नेता और समाज सुधारक थे। उन्होंने सिख धर्म को नई दिशा दी और खालसा पंथ की स्थापना की, जिससे सिखों का समाज मजबूत और एकजुट हुआ।

### श्रम कानून रद्द करने से बढ़ेगा मजदूरों का शोषण : अशोक

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सीटू जिला कमेटी कांगड़ा की बैठक यूनियन के जिला प्रधान केवल कुमार की अध्यक्षता में पलटा ट्रस्ट भवन चाहड़ी नगरोटा बगवां में संपन्न हुई। इसमें सीटू के अखिल भारतीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर विशेष तौर से उपस्थित रहे। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए सीटू के जिला वित सचिव अशोक कटोच ने बताया कि बैठक में विभिन्न यूनियनों के 45 पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ने केंद्र व प्रदेश सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश के मजदूरों के लंबे संघर्ष से हासिल श्रम अधिकारों को खत्म करने के लिए लगभग 44 श्रम कानूनों को निरस्त कर दिया और इनकी जगह चार श्रम संहिताएं लागू करने जा रही है। ये सभी बड़े पूंजीपतियों व निजी कंपनियों के पक्ष मे बनाई गई है, जिसके चलते मजदूरों का शोषण और बढ़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि देश की तमाम ट्रेड यूनियनों के देशव्यापी विरोध के बावजूद अगर मोदी सरकार इन्हें लागू करती है, तो सीटू के नेतृत्व में देश का मजदूर तत्काल हड़ताल पर चले जाएंगे।

# 8 सदस्यीय समिति करेगी वन भूमि में अवैध कटान की जांच

## समिति को 20 दिन के भीतर सरकार को विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश वन विभाग ने चंबा जिले के मसरूंड वन रेंज की मानी बीट में कथित अवैध वृक्ष कटान की जांच के लिए एक समिति गठित की है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (निगरानी एवं मूल्यांकन) डीआर कौशल ने समिति गठित करने का आदेश जारी किया है। आठ सदस्यीय टीम का नेतृत्व हिमाचल प्रदेश वन सेवा (एचपीएफएस) राहुल शर्मा, प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) फ्लाइंग स्क्वाड, धर्मशाला करेंगे। टीम में रेंज अधिकारी (आरओ), डिप्टी आरओ और फ्लाइंग स्क्वाड के वन रक्षकों सहित सात अन्य अधिकारी भी शामिल हैं। जांच समिति मानी बीट क्षेत्र का गहन निरीक्षण करेगी, साक्ष्यों और अनियमितताओं के लिए साइट की जांच करेगी। समिति को 20 दिनों के भीतर सरकार को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा गया है। इस बीच, मुख्य वन संरक्षक, चंबा को जांच के दौरान आवश्यक जानकारी प्रदान करके समिति की सहायता करने का निर्देश दिया गया है।

यह मामला सामाजिक कार्यकर्ता भुवनेश्वर शर्मा द्वारा मणि बीट में बड़े पैमाने पर अवैध कटाई का आरोप लगाने के बाद सामने आया है। उन्होंने दावा किया कि हरे पेड़ों को काटा गया और बाद में सबूत मिटाने के लिए स्टंप को जला दिया गया। शर्मा ने विभाग पर मामले की जानकारी होने के बावजूद उचित कार्रवाई न करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी चिंता जताई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि केवल कुछ लोगों को दंडित किया गया है। साथ ही उन्होंने कुछ अधिकारियों और लकड़ी माफिया के बीच मिलीभगत का भी आरोप लगाया था। हालांकि वन विभाग ने अवैध कटाई से इनकार किया था। चंबा के वन संरक्षक अभिलाष दामोदरन ने कहा कि मीडिया में प्रसारित तस्वीरें और वीडियो पुरानी घटना के लग रहे हैं, जिसमें पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि विभाग इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है और अगर विभागीय स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत पाई जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि अवैध कटान के मुद्दे के अलावा, कश्मल (बर्बेरिस एरिस्टेट) के बड़े पैमाने पर निष्कर्षण के आरोप के खिलाफ राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में शिकायत दर्ज की गई थी।

वर्तमान में एक सतर्कता दल चुराह उपमंडल के हिमगिरी क्षेत्र में तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच कर रहा है, जबकि वन विभाग ने जांच लंबित रहने तक कश्मल जड़ों के निष्कर्षण पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। इस बीच, वन संरक्षक ने अब सभी प्रभागीय वन अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि 4 जनवरी को जारी सरकारी अधिसूचना के अनुसार कश्मल जड़ों के निष्कर्षण पर प्रतिबंध है। अधिसूचना के तहत निजी भूमि या वन क्षेत्रों से बर्बेरिस जड़ों का निष्कर्षण प्रतिबंधित हो जाता है।

# सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने का किया आह्वान



**बबलू पठानिया, चुवाड़ी/भटियात**

### ब्राह्मण कल्याण परिषद चुवाड़ी की बैठक संपन्न

शनिवार को ब्राह्मण कल्याण परिषद खंड चुवाड़ी की बैठक भटियात इकाई अध्यक्ष अनिल डोगरा व ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभी को लोहड़ी, मकर संक्रांति की शुभकामननाएं देते हुए आपस में मिलकर समस्त समाज के हित के लिए सभी को साथ लेकर समस्त धार्मिक आयोजनों में भागीदारी बढ़ाने के प्रयास करते रहने का अनुरोध किया। वहीं, गांव-गांव पहुंचकर बैठकों का आयोजन कर सनातन संस्कृति को बढ़ावा देते का आह्वान किया। बैठक में गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा, कन्या विवाह में सहयोग, स्थानीय समस्या को प्रशासन तक पहुंचाने हेतु समस्त सदस्यों का आह्वान किया गया। बैठक में चुवाड़ी इकाई अध्यक्ष संजय शर्मा ने सभी का हार्दिक धन्यवाद किया तथा युवा और महिला सदस्यों की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए योजना प्रस्तुत की, जिसका सभी ने स्वागत किया। बैठक में अंशुमन शर्मा, राकेश शर्मा, अश्वनी शर्मा, अजय डोगरा, मदन शर्मा, रोहित शर्मा युवा इकाई अध्यक्ष और राज कुमार शर्मा उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# बाथरी मुख्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय न होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

### लोगों ने प्रशासन से उठाई जल्द सुविधा देने की मांग

विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाथरी मुख्य बाजार में एक भी सार्वजनिक शौचालय न होने की वजह से बाजार में आए खरीदारी करने लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य बाजार के साथ लगते एनएच 154 ए के साथ ही सार्वजनिक शौचालय निर्मित करवाया गया था, किंतु जैसे ही एनएच के चौड़े होने का कार्य शुरू हुआ वैसे ही वह एनएच की भेंट चढ़ गया। मौजूदा समय में बाहर से आने वाले लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है, खासकर महिलाओं को। इस संबंध में ग्राम पंचायत उपप्रधान अतुल शर्मा से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत के पास जगह नहीं है जो बाजार के साथ लगती हो और जो जगह है, वहां स्थानीय लोगों द्वारा आपत्ती जताई जा रही है, किंतु फिर भी ग्राम पंचायत बाथरी कोशिश कर रही है। ग्राम पंचायत द्वारा इस संबंध में एनएच प्राधिकरण से भी संपर्क साधा गया है। जैसे ही वहां से कोई सकारात्मक संदेश आता है, वैसे ही हम कार्य को अंजाम दे देंगे। वहीं, स्थानीय व्यापारियों एवं लोगों की मानें तो यह एक विकट समस्या है, जिसका निपटारा ग्राम पंचायत बाथरी को जल्द करवाना चाहिए। क्योंकि बाथरी बाजार क्षेत्र का व्यस्त रहने वाला बाजार है, जहां सोना चांदी की आभूषणों हेतु लोग दूर-दूर से बाथरी का रुख करते हैं।

# हिमाचल के मुद्दे उठाएं नेता प्रतिपक्ष: मनीष सरीन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हाल ही में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आम आदमी पार्टी पर टिप्पणी की थी। इस पर आम



आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन की प्रतिक्रिया सामने आई है। मनीष सरीन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जो विपक्ष विहीन चल रहा है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष का हिमाचल को छोड़ दिल्ली व आम आदमी पार्टी पर टिप्पणी करना हैरानी वाली बात है। मनीष ने कहा कि प्रदेश में आए दिन कोई न कोई घटना दुर्घटना सामने आ रही है। नेता प्रतिपक्ष इन पर टिप्पणी करने के बजाए दिल्ली व आम आदमी पार्टी पर अपना ध्यान केंद्रित किए बैठे हैं। मनीष ने कहा कि ऐसा करने के लिए नेता प्रतिपक्ष की मजबूरी वे भली भांति समझते हैं। नेता प्रतिपक्ष को सलाह देते हुए मनीष ने कहा कि बौखलाहट में टिप्पणियां करने से बेहतर है कि वे अचेत पड़े अपने 27 विधायकों को सचेत करें व हिमाचल प्रदेश संबंधित मुद्दों पर टिप्पणियां करना शुरू करें। रही बात दिल्ली विधानसभा चुनाव की तो जनता चुनाव में भाजपा का वही हर्ष करेगी जो 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव में किया था।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा बनीखेत का एकमात्र ईको पार्क

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



ईको पार्क बनीखेत इन दोनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पार्क के चहूं ओर टूटे झूले, जगह-जगह शरारती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ एवं गंदगी के ढेर देखने को मिल रहे हैं। बताते चलें कि ग्राम पंचायत बनीखेत से पहले ईको पार्क एनएचपीसी के अधीन था, जिसमें साफ-सफाई व्यवस्था एवं रखरखाव एनएचपीसी द्वारा ही किया जाता था, किंतु जब से पार्क का जिम्मा ग्राम पंचायत बनीखेत को मिला है तब से पार्क में जो झूले, फव्वारे एवं मूर्तियां लगाई गई थीं, उनमें भारी तोड़फोड़ देखने को मिल रही है। पार्क के एक ओर बिजली की हाई एक्सटेंशन तारें नंगी दिखाई देती हैं, जो किसी भी वक्त छोटे बच्चों को अपना शिकार बना सकती है। दूसरी ओर पार्क में शहीद मोहन सिंह स्मारक के एक और गंदगी का ढेर साफ दिखाई दे रहा है। समस्त पद्दरवासियों की स्थानीय प्रशासन एवं ग्राम पंचायत से मांग है कि बनीखेत की एकमात्र पार्क ईको पार्क की साफ-सफाई व्यवस्था पर उचित ध्यान दिया जाए एवं टूटे हुए झूलों फव्वारों एवं मूर्तियों की मरम्मत करवाई जाए, ताकि बाहर से आने वाले लोगों को एक सकारात्मक संदेश मिले। गौर हो कि यह ईको पार्क क्षेत्र का एकमात्र ऐसा पार्क रहा है, जहां आधुनिक झूले फव्वारे एवं मूर्तियां लगाई गई हैं जो कि आकर्षण का मुख्य केंद्र रही हैं। लेकिन आज उनकी इस दुर्दशा से क्षेत्रवासी मायूस हैं। (अनंत ज्ञान)

# हलेल में मानसिक रूप से परेशान युवक फंदे से झूला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मानसिक रूप से परेशान एक युवक ने घर पर फंदा लगा अपनी जान दे दी है। मृतक का विवाह करीब 10 वर्ष पूर्व हुआ था और दो बच्चे भी है, लेकिन दो साल पहले पत्नी के संबंध किसी और के साथ हो गए तथा वह पति तथा बच्चों को छोड़कर चली गई थी।

मृतक मानसिक तौर पर परेशान रहता था और इसी परेशानी के चलते उसने मौत को गले लगा लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना में दी शिकायत में संदीप कुमार पुत्र अच्छर राम ने कहा है कि उसकी मौसा का बेटे मनोहर लाल पुत्र जगदीश कुमार निवासी हलेल तहसील सुंदरनगर का विवाह करीब 10 वर्ष पहले हुई थी। विवाह के सात-आठ साल तक मनोहर व उसकी पत्नी में संबंध ठीक थे और उनके दो बच्चे भी थे। लेकिन करीब दो वर्ष पूर्व मनोहर की पत्नी के संबंध विक्रमजीत नामक व्यक्ति के साथ हो गये और वह पति व बच्चों को छोड़कर उसके पास चली गई।

मनोहर लगातार तनाव में रहता था। संदीप ने आरोप लगाया है कि विक्रमजीत मनोहर लाल को लगातार मैसेज कर तंग व परेशान करता था। इसी परेशानी में उसने घर पर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। डीएसपी भारत भूषण ने बताया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए 10 शिक्षक मंडी से

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शिक्षा में गुणवत्ता व सुधार हेतु शिक्षकों की वर्ष अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण 2024 हेतु सूची जारी हो गई है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा 60 जेबीटी, सीएचटी, सी एंड वी और टीजीटी शिक्षकों की सूची में मंडी जिला के 10 शिक्षकों के नाम शामिल हैं।

इनमें जेबीटी वर्ग में राजकीय प्राथमिक पाठशाला बोहर सुंदरनगर से दिनेश गुलेरिया, गोहर से अंजू बाला, अकुल निहरी से कुलदीप चंद, फिरनू करसोग से सुरेंद्र कुमार व चैलचौक पाठशाला के सीएचटी भीम सिंह शामिल है।

सी एंड वी वर्ग में सीहली विद्यालय सुंदरनगर से पूजा व सिद्धयानी विद्यालय के मनोहर लाल शामिल है। संस्कृत अध्यापकों में जोगिंद्रनगर विद्यालय के विवेक शर्मा और बिजन विद्यालय ढलवान से मनोज कुमार शामिल है।

टीजीटी श्रेणी में गैहरा विद्यालय के डॉक्टर बलदेव सिंह नान मैडिकल अंतर्राष्ट्रीय भ्रमण पर जाएंगे। हालांकि भ्रमण की तिथि अभी तक तय नहीं है।

# कोलडैम में बालिका सशक्तिकरण अभियान का पांचदिवसीय शीतकालीन सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अनुवर्ती सत्र शुरू होने के दौरान बच्चे व गणमान्य सामूहिक चित्र में।

एनटीपीसी लिमिटेड की नैगम सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत हर साल देशभर के एनटीपीसी स्टेशनों में बालिका सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया जाता है। कोलडैम हाइड्रो पावर स्टेशन भी इस पहल में हर साल हिस्सा लेता है। इसी कड़ी में शनिवार को एनटीपीसी कोलडैम में शीतकालीन कार्यशाला का शुभारंभ हुआ जो 11 से लेकर 15 जनवरी तक आयोजित की जा रही है।

यह कार्यशाला उन बालिकाओं के लिए अनुवर्ती सत्र के रूप में आयोजित की गई है, जिन्होंने 2024 में जीईएम कार्यक्रम में भाग लिया था। कार्यक्रम का उद्घाटन परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर, संगिनी संघ की अध्यक्षा रेखा ठाकुर, अपर महाप्रबंधक उमेश कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक (सीएसआर) डॉ. अंजुला अग्रवाल, सीएसआर विभाग और संगिनी संघ की अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने बालिकाओं का गर्मजोशी से स्वागत किया ।

सत्र में परियोजना प्रभावित गांवों के ग्यारह सरकारी विद्यालयों जिसमें जिला मंडी के सरकारी विद्यालय सलापड़, बटवाडा, सनीहन, ध्वाल, पंजोलठ, दोघरी, कसोल, हरनोड और जमथल तथा जिला सोलन के सरकारी विद्यालय बेरल शामिल है की 45 बालिकाएं शामिल हुई।

# रात के अंधेरे में गांव के चौराहे पर भेड़ की बलि

**मंडी।** बल्ह उपमंडल की भड़याल पंचायत के अंतर्गत टिक्कर गांव के भड़याल रास्ते के चौराहे पर कुछ तांत्रिकों ने रात को तांत्रिक अनुष्ठान कर दिया। तांत्रिकों ने इस अनुष्ठान में साधना के साथ एक भेड़ की भी बलि दी और उसका मांस आदि निकाल कर खाल और अन्य सामग्री वहीं रास्ते के चौराहे पर छोड़ गए। रास्ते के बीचोंबोच तंत्र पूजा के अनुष्ठान की पूरी चित्रकारी और आटे के दीपक समेत अन्य सामान भी वहीं पड़ा रहने दिया।

गौरतलब है कि यह चौराहा टिक्कर गांव से भड़याल के बीच में पड़ता है और बिलकुल निर्जन स्थान पर है। स्कूल जाते बच्चे भयभीत होकर वहां से वापस भागे। गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इस अप्रत्याशित मंजर को देख कर परेशानी हुई।

# व्यापार मंडल गोहर के पूर्व प्रधान कृष्ण गुप्ता का देहांत

**अनंत ज्ञान, गोहर।** व्यापार मंडल गोहर के पूर्व प्रधान कृष्ण गुप्ता का आज लंबी बीमारी के बाद 75, वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कृष्ण गुप्ता व्यापार मंडल गोहर के कई वर्ष तक लगातार प्रधान रहे। उनके निधन से गोहर व्यापार मंडल में शोक की लहर दौड़ गई है।

कृष्ण गुप्ता पिछले लंबे समय से किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे उनके निधन पर नाचन विधायक विनोद कुमार नाचन कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेश चौहान व्यापार मंडल गोहर के प्रधान ज्योति प्रसाद मल्होत्रा अमरनाथ गुप्ता गुरजीत सिंह भजन सिंह चमन लाल तुलसीराम यशपाल वर्मा चंद्रेश सोनी लेखराज शर्मा महेश गुप्ता व्यापार मंडल चैल चौक व्यापार मंडल स्यांज के सभी व्यापारियों ने दुःख व्यक्त किया है।

## सूडोकू 0042 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकू 0041 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

12 जनवरी, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** चतुर्दशी (5:05): **नक्षत्र** मृगशिरा (11:25), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** ब्रह्म (09:09) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:08-12:50), **राहुकाल** (04:25 -05:43)।

**विशेष दिन**

12 जनवरी 2025 : राष्ट्रीय युवा दिवस आज।

12 जनवरी : स्वामी विवेकानन्द जयंती आज।

**मेष:** आप आज अपने कोर्ट-कचहरी संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। आज आपका वस्त्र आदि के पीछे खर्च हो सकता है।

**वृषभ:** शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। आज आपको अधिक विचारों के कारण मानसिक थकान से नींद नहीं आ सकती है।

**मिथुन:** आज आपको संभलकर चलना होगा। प्यार के मामले में आज आप गलत समझे जा सकते हैं। कामकाज के मोर्चे पर आपको सबसे सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क:** प्रत्येक कार्य में आपका आत्मविश्वास छलकता हुआ दिखेगा। आज आपकी आर्थिक योजनाएं भी सरलतापूर्वक बना सकेगी।

**सिंह:** आप जिस काम को काफी दिनों से टाल रहे हैं, उस अधूरे काम को आज पूरा करने के लिये भी दिन ठीक है। उगाही, प्रवास, आय आदि के लिए अच्छा दिन है।

**कन्या :** बौद्धिक कार्यों से धनार्जन होगा। भौतिक साधनों के प्रति झुकाव अधिक होने से उनमें वृद्धि हो सकती है। यात्रा की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

**तुला:** आपके लिए लाभदायी रहेगा। आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र में भी लाभ होने की संभावना है। आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक:** अच्छे कामों में थोड़ा समय लगाएँ, तो काफी सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। पार्टनर की वजह से समाज और रिश्तेदारों में उनका भी मान बढ़ेगा।

**धनु :** संबंधियों के साथ अनबन हो सकती है। यात्रा करना फायदेमंद लेकिन महंगा साबित होगा। आपको अपने जीवनसाथी की ओर से कुछ खास देखने को मिल सकता है।

**मकर :** आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज रहेंगे। और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफा भी मिले। दफ्तर के तनाव को घर में न लाएँ।

**कुंभ :** आज का दिन आपका मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे खर्च हो सकता है। आपको अपने स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी।

**मीन :** समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लोगों के बीच आपकी प्रशंसा होगी। विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

# डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर में मनाई लोहड़ी

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



लोहड़ी पर्व मनाते हुए अध्यापक व बच्चे।

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में शनिवार को लोहड़ी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पहली कक्षा के बच्चे रंग-बिरंगी पोशाकों में स्कूल पहुंचे और सभी ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने सभी को लोहड़ी की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, भाईचारे और संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमें अपने अंदर छुपी बुराइयों को त्यागकर सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। लोहड़ी की पावन अग्नि में तिल भेंट करते समय हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हमारे कार्यों से किसी का अहित न हो। संजय ठाकुर ने बच्चों को लोहड़ी की महत्ता बताते हुए कहा कि यह किसानों का मुख्य पर्व है, जो पुरानी फसल की कटाई और नई फसल की बुवाई के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस पर्व के बाद ठंड घटने लगती है और बसंत ऋतु का आगमन होता है। इस पावन अवसर पर पूरे स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही। बच्चों और अध्यापकों में उत्साह और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया।(अनंत ज्ञान)

# गाय को रोटी डाल रही मां पर कलयुगी बेटे ने किया हमला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर थाना के तहत सिहली क्षेत्र में कलियुगी बेटे द्वारा गाय को रोटी डाल रही 80 वर्षीय मां को बालों से पकड़ कर गाली-गलौज कर उसे अपमानित करने का मामला सामने आया है। यह घटना 4 जनवरी की है जिसकी एफआईआर शुक्रवार शाम को थाना सुंदरनगर में दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में शंकरु देवी पत्नी कनौरु राम निवासी गांव भाठ (सिहली) डाकघर चुरढ़ तहसील सुंदरनगर ने कहा है कि बड़े बेटे की गाय को रोटी डालने गई थी। इस दौरान उसका बेटा राजेश वहां आ गया और गालियां देने लगा। मां का कहना है कि उसके बेटे ने उसे वहीं काफी देर तक रोके रखा और जान से मारने की भी बात कही। इस दौरान उनकी पोत्री वहां आई और राजेश को अपने साथ ले गई। डीएसपी भारत भूषण ने बताया केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पातकू के जंगल में मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, अभिषेक।** जोगिंद्रनगर शनिवार को पातकू के जंगल में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

स्थानीय लोगों ने जंगल में शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी सकीनी कपूर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

मृतक की पहचान परम सिंह (65) पुत्र प्रभु राम, निवासी गांव गलू, डाकघर दूल, के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

# राम धुन से गूंजी बल्ह घाटी

**आदर्श, नेरचौक**



श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर कार्यक्रम के दौरान रामभक्त।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर एकल अभियान द्वारा भव्य जलेब का आयोजन किया गया। राम परिवार के साथ राम धुन गाते हुए लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज से नगर परिषद ऑफिस वहां से नेर चौक बाजार तक रथ के साथ एकल अभियान व स्थानीय लोगों ने शोभायात्रा निकाली।

इस अवसर पर नेरचौक के लोगों ने जमकर पटाखे फोड़ वह अस्त वाजियां चलाई जगह-जगह पर शोभायात्रा के लिए खानपान की व्यवस्थाएं भी की गई। शिव मंदिर नेरचौक में किए गए भजन पाठ आंचल अभियान द्वारा श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा के आयोजन के बाद भजन पाठ किया गया जिसमें राम धुन पर प्रभु श्री राम की व्याख्या की गई। राम रसोई नेर बाजार में लोगों द्वारा राम रसोई भी लगाई गई जिसमें सभी लोगों को चना व पुरी खिलाई गई।

शोभायात्रा में शामिल हुए भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक गोविंद ठाकुर ने कहा कि राम हमारे आदर्श हैं हमारे जीवन का सार है, उन्हीं के जीवन की प्रेरणा से सारे विश्व का कल्याण है। (अनंत ज्ञान)

# सुक्खू का कमाल, कर्मचारी महीने में दो बार हुए मालामाल : एनके पंडित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता व



कांग्रेसी नेता एनके पंडित ने कहा कि यह लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के राज में ही हुआ कि हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है, जिसको महीने में एक बार नहीं बल्कि दिवाली के महीने में दो बार सैलरी दी गई। भाजपा द्वारा यह आरोप लगाना कि हिमाचल में कर्मचारियों को सरकार के पास तनखाह देने को खजाना खाली पड़ा है।

इस बात में कोई दम नहीं है जबकि हकीकत ये है कि सुक्खू के राज में दो बार दिवाली के महीने में दो बार सैलरी देकर नया इतिहास रच दिया है। एनके पंडित ने हिमाचल की सांस्कृतिक राजधानी में कहा कि भाजपा और उसके तमाम नेता हिमाचल की जनता को गुमराह कर रहे हैं कि हिमाचल सरकार का खजाना खाली पड़ा हैं हिमाचल एक आर्थिक तंगी से जूझ रहा है इस बात में कोई भी सच्चाई नहीं है।

**अकेलापन** और अवांछित रहने की भावना सबसे भयानक गरीबी है। – **मदर टेरेसा**

## संपादकीय

# प्लास्टिक मुक्त हिमाचल

हिमाचल प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के प्रति संजीदा है। सरकार ने 100 माइक्रोन से कम प्लास्टिक और पीवीसी बैनरों के उपयोग पर रोक लगाकर नेक काम किया है। दरअसल, प्लास्टिक आज के समय में एक बहुत बड़ी समस्या बन गया है, जो हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। प्लास्टिक पर्यावरण प्रदूषण का कारक है, जिससे मानव ही नहीं, बल्कि, जानवरों, पशु-पक्षियों और जीव जंतुओं का जीवन भी प्रभावित होता है। प्लास्टिक का निपटान पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जिससे जल, वायु और मिट्टी प्रदूषित हो रहे हैं। आज का दौर ऐसा हो गया है कि प्लास्टिक पर इंसान की निर्भरता अत्यधिक हो गई है। हर जगह प्लास्टिक का इस्तेमाल हो रहा है। हालांकि, पूर्व भाजपा सरकार के सीएम प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश से प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से बैन लगा दिया था और प्रदेश में बेहतर पर्यावरण फल-फूल रहा था। लोग कम बीमार पड़ रहे थे और स्वस्थ रहते थे, लेकिन धीरे-धीरे प्लास्टिक ने फिर हिमाचल में एंट्री कर ली और अब कई जगह प्लास्टिक के थैलों में सरेआम सामान ढोया जा रहा है। निश्चित रूप से इसके लिए जहां लोग दोषी हैं वहीं, स्थानीय प्रशासनों की ढिलाई भी कम जिम्मेदार नहीं है।

बेशक अब चालान काटकर लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल करने से रोका जा रहा है, लेकिन यह बीमारी इतनी जल्द खत्म नहीं होने वाली। सीएम सुक्खू का इस दिशा में उठाया गया कदम स्वागत योग्य है। अब लोगों को चाहिए कि वे भी सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करें, क्योंकि यह उनके फायदे की बात है। प्लास्टिक के कचरे से जलीय जीवन को खतरा हो रहा है, क्योंकि जलीय जीव प्लास्टिक को खा लेते हैं जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। इसके अलावा प्लास्टिक के कचरे से स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं, क्योंकि प्लास्टिक में मौजूद रसायन हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, क्योंकि प्लास्टिक के कचरे को निपटाने के लिए बड़ी मात्रा में पैसा खर्च हो रहा है। प्लास्टिक से बचने के लिए इसका कम उपयोग करना एक अच्छा तरीका है। प्लास्टिक को पुनर्चक्रण यानी रिसाइकलिंग करना भी श्रेयस्कर है। बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का उपयोग करना चाहिए ताकि प्लास्टिक की समस्या उत्पन्न न हो। प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनानी चाहिए। बिगड़ रहे पर्यावरण सुधारने के लिए पौधरोपण सर्वोत्तम तरीका है। जल संचयन करने से भी हम हम अपने पर्यावरण को सुधार सकते हैं।

वायु प्रदूषण भी आज के समय में बहुत बड़ी समस्या बना हुआ है। प्लास्टिक जलाने से जहरीला धुआं उठता है, जो लोगों के फेफड़ों पर गहरा असर करता है और इससे लोग कैंसर जैसी घातक बीमारी का शिकार हो रहे हैं। मिट्टी का संरक्षण करने से पर्यावरण बचाया जा सकता है। इन तरीकों को अपनाकर हम प्लास्टिक की समस्या से बच सकते हैं और पर्यावरण को सुधार सकते हैं। प्लास्टिक पर बैन लगाने के सरकार के फैसले का उद्देश्य प्रदेश में प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करना है और इसके तहत पेड़ों पर बैनर लगाने पर भी कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने इस दिशा में डिजिटल होर्डिंग्स को बढ़ावा देने की सलाह भी दी है। इसके अलावा, सरकारी योजनाओं, विभागों और कार्यक्रमों के बैनर 200 माइक्रोन से कम नहीं होने चाहिए, जबकि चुनावी रैलियों और प्रत्याशियों के कटआउट 200 माइक्रोन से कम नहीं होंगे। निजी विज्ञापनों के बैनर का आकार 30 दिनों के लिए 100 माइक्रोन से कम और 30 दिन से अधिक समय तक चलने वाले बैनरों का आकार 200 माइक्रोन से कम नहीं होना चाहिए। बैनर और होर्डिंग्स को स्थानीय निकायों से मंजूरी प्राप्त करना अनिवार्य होगा और इन्हें फ्लेक्स हटाने के बाद रिसाइक्लिंग के लिए भेजना होगा। सरकार के पैरामीटरों का सबको पालन करना चाहिए।

स्थानीय प्रशासनों को चाहिए कि वह सरकार के आदेशों को अक्षरशः लागू करवाए और अगर कोई गड़बड़ करता है या आदेशों की अवहेलना करता है तो उस पर तगड़ा एक्शन लिया जाए। जब तक सख्ती नहीं की जाएगी, तब तक समस्या जस की तस बन रहेगी। आज हम सब मिलजुलकर सरकार का साथ दें तो सरकार को अपने फैसले को लागू करवाने में आसानी होगी। लोगों को यह भी सोचना चाहिए कि जिंदगी अनमोल है और जीना तथा बचाए रखना मुश्किल होता है, इसलिए कोई भी ऐसा गैरकानूनी काम न करें जो बाद में दिक्कत पैदा करे। आओ, हम सब मिलकर प्लास्टिक मुक्त हिमाचल की शपथ लें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# महान विचारक

**स्वामी** विवेकानंद एक युवा संन्यासी के रूप में भारतीय संस्कृति की सुगंध विदेशों में बिखेरने वाले साहित्य, दर्शन और इतिहास के प्रकांड विद्वान थे। विवेकानंद का मूल नाम 'नरेंद्रनाथ दत्त' था, जो कि आगे चलकर स्वामी विवेकानंद के नाम से विख्यात हुए। युगांतरकारी आध्यात्मिक गुरु, जिन्होंने हिंदू धर्म को गतिशील तथा व्यावहारिक बनाया और सुदृढ़ सभ्यता के निर्माण के लिए आधुनिक मानव से पश्चिमी विज्ञान व भौतिकवाद को भारत की आध्यात्मिक संस्कृति से जोड़ने का आग्रह किया। कोलकाता के एक कुलीन परिवार में जन्मे नरेंद्रनाथ चिंतन, भक्ति व तार्किकता, भौतिक एवं बौद्धिक श्रेष्ठता के साथ-साथ संगीत की प्रतिभा का एक विलक्षण संयोग थे। भारत में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। अरबिंदो घोष, सुभाषचंद्र बोस, सर जमशेदजी टाटा, रबींद्रनाथ टैगोर तथा महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्तियों ने स्वामी विवेकानंद को भारत की आत्मा को जागृत करने वाला और भारतीय राष्ट्रवाद के मसीहा के रूप में देखा। विवेकानंद 'सार्वभौमिकता' के मसीहा के रूप में उभरे। स्वामी विवेकानन्द पहले अंतरराष्ट्रवादी थे, जिन्होंने 'लीग ऑफ नेशन्स' के जन्म से भी पहले वर्ष 1897 में अंतरराष्ट्रीय संगठनों, विवेकानन्द रॉक मेमोरियल, कन्याकुमारी गठबंधनों और कानूनों का आह्वान किया, जिससे राष्ट्रों के बीच समन्वय स्थापित किया जा सके। ■



स्वामी विवेकानंद
**जन्म :** 12 जनवरी, 1863

## कविता: मदारी





राकेश डोगरा

*मम्मी आज स्कूल हमारे एक मदारी आया था,*
*एक बंदरिया एक जमूरा संग भालू भी लाया था।*
*सांप-नेवला दोनों लाया, हमको उनसे दूर बिठाया।*
*मदारी ने डुगडुगी बजाई, ठुमक-ठुमक बंदरिया आई।*
*जमूरे ने जब गाया गाना, भालू नाचा ता-धिन-ना-ना।*
*छेड़ी जब बंसी की तान, लगा नाचने काला सांप।*
*दिया मदारी ने निर्देश, हुआ नेवले का प्रवेश।*
*पूंछ हिलाकर वह भी नाचा, देखा हमने खूब तमाशा।*
*मदारी ने नहीं मांगी भिक्षा, बल्कि हमको दे दी शिक्षा।*
*बच्चों ध्यान लगाकर पढ़ना, बस आगे ही आगे बढ़ना।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# नस्लभेद भेदभाव पर अंकुश लगाना समय की जरूरत





लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

हमारे सभ्य समाज में नस्लवाद भेदभाव का होना बेहद शर्मनाक बात है। इसलिए हम चाहते हैं कि नस्लवाद को समाप्त करने के लिए भरसक प्रयास अत्यावश्यक है। इसमें कोई संदेह नहीं कि समय-समय पर समूचे संसार में रंग भेदभाव पर अंगुली उठती रही है, पर अफसोस अमेरिका जैसी विश्व महान शक्ति को भी इस गंभीरतम मामले में जूझना पड़ रहा है, वहां भी आए दिन अंग्रेज युवा क्रोधित होकर अश्वेत लोगों पर हमला कर रहे हैं जिसकी एक ज्वलंत उदाहरण कुछ वर्ष पूर्व अकारण अमेरिकन पुलिस द्वारा बहुत ही बेरहमी से पिटाई कर एक अश्वेत नौजवान को मौत के घाट उतार देना है।

यह सिलसिला लगातार कई यूरोपियन देशों में जारी है। ऐसी ही घिनौनी घटनाएं मानवता को शर्मसार करतीं हैं। निस्संदेह अमेरिकन वासियों ने एक अश्वेत बाराक ओबामा को अपने देश का राष्ट्रपति भी चुना था। उन्होंने अपने कार्यकाल में इस विषय में अति प्रशंसनीय कदम उठाए। यह बात कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि अश्वेत होते हुए उन्होंने अत्याधिक लोकप्रियता प्राप्त की। समस्त वर्गों के लोगों को परस्पर मिलाया। उनके द्वारा करवाए कामों को सदैव याद रखा जाएगा और ठीक इसके विपरीत अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो इस चिंतनीय विषय पर कभी भी गौर भी नहीं किया बल्कि श्वेत नागरिकों को अश्वेत लोगों पर हर मामले में प्राथमिकता ही दी। अब यह बात काबिलेगौर होगी कि अपनी दूसरी पारी में ट्रंप का इस गंभीरतम विषय पर कैसा रुख होगा?

युग बदल चुका है, पर अभी भी समस्त विश्व में कहीं न कहीं नस्लवाद पर अंकुश नहीं लग पाया। प्राचीन/ नवीनतम कविवर इस गंभीर विषय पर आधारित अपना काव्य सृजन कर रहे हैं। लोगों को रंग भेदभाव से ऊपर उठकर एक सच्चे इंसान बन इंसानियत की ओर अग्रसर चलने को प्रेरित कर रहे हैं। अंग्रेज प्रसिद्ध कवि विलियम ब्लेक ने अपनी सुप्रसिद्ध काव्य रचना 'द लिटिल ब्लैक ब्वॉय' में एक अश्वेत लड़के को अपने श्वेत साथी को नस्लवाद पर ही ध्यान केंद्रित करवाया। वाकई कवि विलियम ब्लैक ने बेहद शानदार/ उत्कृष्ट उदाहरण देकर रंग भेदभाव को समाप्त करने की अपील की थी। यहां दुख इस बात का है कि अभी भी सभ्य समाज में नस्लवाद पर टीका टिप्पणी वैसे की वैसे यथावत जारी है।

अगर इस मामले में अमरीका देश में अत्याधिक अराजकता फैल रही है तो सोचिए अन्य देशों की स्थिति अत्यंत शोचनीय होना तो स्वाभाविक ही है, इसलिए अमेरिकन शासनकाल इस समय ऐसे चौराहे पर आ खड़ा हुआ है, जो बहुत खतरनाक अव्यवस्थित हालत में है और तो और वहां के पुलिस प्रशासन में भी नस्लवाद घर कर चुका है। अश्वेत लोग भयभीत हैं, वहां की संसद पर करीब दो सौ साल के बाद हमला हुआ। गनीमत यह रही कि हमलावरों में अश्वेत लोगों की अपेक्षा श्वेत लोग शामिल थे। चूंकि पुलिस अधिकारी श्वेत थे, तो बात आई गई हो गई।

हमारे जीवन का कोई भी क्षेत्र हो वहां नस्लवाद के लिए कोई स्थान नहीं। विशेषत: खेल जगत में तो इसे कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। वस्तुत: ये खेल हमारे उदात्त जिंदगी के मूल्यों की अगुवाई करता है। इस समय हम जिस समाज में रह रहे हैं, वहां नस्लवाद का होने की बात सोचना भी घृणित कार्य से कम नहीं है। इस बात का जिक्र मैं बीते समय भारत-आस्ट्रेलिया क्रिकेट सीरिज के दौरान आस्ट्रेलियाई दर्शक व आस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा हमारे मुल्क के खिलाड़यों पर की गई नस्लवाद टिप्पणी पर कर रहा हूं। बेशक आस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने इस बात पर अफसोस प्रकट किया है और माफी भी मांग ली थी। यहां यह तो स्पष्ट ही हो गया है कि समूचे विश्व में विकसित देशों में अभी भी नस्लवाद को बढ़ावा देने वाले लोगों की कमी नहीं है। दर्शक दीर्घा से हमारे क्रिकेट खिलाड़ियों पर की गई नस्लवाद टिप्पणियां मन को कचोटती हैं। इस बात पर एक्शन लिया जाना अत्यावश्यक है, अन्यथा खेल के मैदान भी नस्लवाद का अड्डा बन कर रह जाएंगे।

हमारे देश के बहुत से लोग रोजगार की तलाश में विदेशी धरती पर जीवन-यापन कर रहे हैं। इनमें पंजाबियों की बहुलता है, पर दुखद बात तो यह है कि इन्हें अपनी सुरक्षा हेतु अपनी ही पहचान छिपानी पड़ रही है। यह जीना भी कोई जीना है। निस्संदेह ऐसे कुत्सित प्रयास हमारे लोगों की उत्कृष्ट उन्नति से ईर्ष्या का दुष्परिणाम है। इस प्रकार की कुत्सित दिमागों को संगठित संरक्षण कदाचित नहीं मिलना चाहिए।

गत अनेक वर्षों से असंख्य अश्वेत विशेषता ऐशियाई लोग विदेशी भी बन चुके हैं, पर इतना कुछ होने पर भी वहां के कुछ लोग इन्हें आत्मसात नहीं कर रहे और इन्हें फूटी आंख भी नहीं सुहाते, ऐसे तो नस्लवाद की नींव और मजबूत होती जाएगी। यही लोग हमारे नागरिकों को पसंद नहीं कर रहे हैं। ऐसी बात नहीं है कि हरेक श्वेत नागरिक की सोच अश्वेतों के प्रति घटिया है।

हमारे लोगों से वे पूर्णत: सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हैं। परस्पर सौहार्दपूर्ण भातृत्व वाले संबंध हैं, पर आश्चर्यजनक बात यह है कि विकसित देशों ने नस्लवाद समाप्त करने के अनेक प्रयास किए हैं। उनमें उन्होंने अत्याधिक सफलता भी अर्जित की है, पर कई पूर्वाग्राही श्वेत लोग इस दुष्चक्र से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं, इसीलिए लगभग अधिकांश यूरोपीय देशों में रंग भेदभाव प्रचलित है। यह समस्त नागरिकों के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। अन्तत: यही कहा जा सकता है कि नस्लभेद को पूरी तरह खत्म करते हुए हम नए संसार का निर्माण करें। बेशक हमारे रंग-रूप, पहरावा, खानपान व भाषा अलग-अलग हैं, पर हम सभी में एक जैसा रक्त बहता है, जिसका रंग लाल है, फिर रंग भेदभाव क्यों? प्रकृति का व्यवहार सबसे एक जैसा है।

हम एक ही बात कह सकते हैं कि नस्लभेद का किसी भी समाज में पाया जाना बेहद अफसोसजनक है। यह दुखद व शर्मनाक भी है। ऐसी शोचनीय सोच को संगठित संरक्षण कदाचित नहीं मिलना चाहिए। नस्लवाद कहीं और ज्यादा न पनपे, इसके लिए योजनाबद्ध एहतियात की आवश्यकता है। ऐसी घृणित सोच को दूर करने के लिए सकारात्मक सामाजिक ट्रेनिंग दी जाए तो श्रेयस्कर होगा।

ईर्ष्या के स्थान पर प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबला हो। हमारे भारतवासियों ने विदेशों में जाकर अपनी प्रतिभा के बल पर बुलंदियों के झंडे गाढ़ दिए हैं। इस कारण नस्लवाद का यह भी एक मुख्य कारण है। ऐसी सोच श्वेत नागरिकों की बेतुका है। श्वेत नागरिकों को भी प्रतिभावान बनकर नस्लवाद सोच से ऊपर उठना होगा। बेरोजगार व बेकार रहने से नस्लवाद टिप्पणी करने से अहित किसका होगा? इससे नस्लवादी लोग जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पिछड़ जाएंगे ।


**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# मानवता की सेवा ईश्वर की पूजा का सबसे प्रभावी रूप

**युवा दिवस पर विशेष**





लेखक : मनोज डोगरा
प्रोफेसर, बड़सर कॉलेज

हम भारत में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। यह समाज में युवाओं के योगदान को चिन्हित करने का दिन है। यह दिन युवाओं को दृढ़ रहने और जीवन में बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करने के बारे में भी है। यदि देश के युवा अधिक से अधिक भलाई के लिए खुद को समर्पित करते हैं, तो देश आगे बढ़ने के लिए बाध्य है।

भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के दौरान स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन भी है, ऐसा इसलिए है क्योंकि हम स्वामी विवेकानंद जयंती को युवाओं को समर्पित दिन के रूप में मनाते हैं। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को कोलकाता में विश्वनाथ दत्ता और भुवनेश्वरी देवी के यहां नरेंद्र नाथ दत्त के रूप में हुआ था। 4 जुलाई, 1902 को बेलूर मठ में उनकी मृत्यु के समय तक, उन्होंने एक क्रांति शुरू कर दी थी, जो अभी भी दुनिया भर में गूंजती है। आज अपने गुरु के संदेश के वाहक के रूप में, वह एक सदी से भी अधिक समय से दुनिया भर के युवाओं के लिए एक प्रेरणा रहे हैं। 1884 में नरेंद्र के पिता की आकस्मिक मृत्यु के बाद, परिवार को बहुत आर्थिक संघर्ष से गुजरना पड़ा। नरेंद्र ने काम खोजने की कोशिश की लेकिन वह असफल रहा।

जिस तरह से उनकी मां ने परिवार की सभी जिम्मेदारियों को अपने कंधों पर उठाया, उन पर एक स्थायी प्रभाव पड़ा। नरेंद्र भगवान के अस्तित्व पर सवाल उठाने लगे, तभी उन्हें रामकृष्ण के शब्दों में सांत्वना मिली। धीरे-धीरे उन्होंने रामकृष्ण को अपना आध्यात्मिक गुरु स्वीकार कर लिया। श्री रामकृष्ण ने सिखाया कि मानवता की सेवा ईश्वर की पूजा का सबसे प्रभावी रूप है। अपने अंतिम दिनों के दौरान श्री रामकृष्ण ने नरेंद्र को अपने युवा शिष्यों का नेता चुना। उन्होंने भविष्यवाणी की कि नरेंद्र दुनिया के लोगों के उत्थान के महान मिशन को पूरा करेंगे।

1888 में, विवेकानंद ने एक 'घूमते भिक्षु' के रूप में भारत का दौरा शुरू किया, भिक्षा या दान पर जीते थे और आम लोगों से बात करके देश की खोज करने की कोशिश करते थे। विवेकानंद ने विश्व धर्म संसद में अपना अब तक का प्रसिद्ध शिकागो भाषण दिया था जो आयोजित किया गया था 1893 में 11 सितंबर से 27 सितंबर तक शिकागो के कला संस्थान में। उनका भाषण, जो अमेरिका की बहनों और भाइयों के साथ शुरू हुआ, ने उन्हें शिखर सम्मेलन में खड़े होकर तालियां बटोरीं। अपने भाषण में, विवेकानंद ने इस तथ्य को छुआ कि यद्यपि लोग विभिन्न धर्मों का पालन कर सकते हैं, फिर भी सभी मार्ग अंतत: ईश्वर की ओर ले जाते हैं। एक ओर उन्होंने भारत की दार्शनिक और आध्यात्मिक विरासत के बारे में जाना तो दूसरी ओर वे आधुनिक पश्चिम के वैज्ञानिक, कलात्मक, सामाजिक और राजनीतिक विचारों से परिचित हुए। उन्होंने महासभा के संस्थान (अब स्कॉटिश चर्च कॉलेज) कोलकाता में भाग लिया। अपने प्रधानाचार्य विलियम हेस्टी से उन्होंने आध्यात्मिक गुरु श्री रामकृण के बारे में सुना। यह भारत सरकार का 1984 में लिया गया निर्णय था कि महान स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन यानी 12 जनवरी को हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाए। भारत सरकार ने उद्धृत किया कि 'स्वामीजी का दर्शन और वे आदर्श जिनके लिए वे जीते और काम करते थे, भारतीय युवा दिवस के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत हो सकते हैं।

यह दिन युवाओं को स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और दर्शन से अवगत कराने के लिए मनाया जाता है। राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने के पीछे मुख्य विचार युवाओं को राष्ट्र के बेहतर भविष्य के लिए अच्छा योगदान देने के लिए प्रेरित करना है।


**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** में चिट्टे का चलन गंभीर समस्या बन गई है। चिट्टा राज्य की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर रहा है। चिट्टा माफिया ने अपना नेटवर्क इस कदर सुदृढ़ कर लिया है कि उसे सप्लाई करने में कोई दिक्कत पेश नहीं होती। दरअसल, यह हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की साजिश है। यह नशा वहीं से चलकर पंजाब से होता हुआ हिमाचल तक पहुंच रहा है। चिट्टे ने पहले पंजाब को डसा, फिर हरियाणा को और अब हिमाचल की बारी है। हिमाचल में यह नशा इस कदर घुस गया है कि अब इससे यहां से निकालना असंभव सा प्रतीत हो रहा है। हिमाचल में चिट्टे का चलन कई कारणों से हुआ है। यहां नशीली दवाओं की आसान उपलब्धता सबसे बड़ा कारण है। चिट्टे का सेवन करने से पारिवारिक, आर्थिक और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती हैं।

**सोनिका, बैजनाथ**

# उत्तर भारत का ठंड के अंत का प्रतीक सुप्रसिद्ध त्योहार लोहड़ी






लेखक : सुभाष चंद कासव
हिप्र राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

उत्तर भारत के सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक लोहड़ी का पर्व भी है। मुख्य रूप से यह पंजाब में सिखों तथा हिमाचल प्रदेश में प्रत्येक हिंदू परिवार में हर साल 13 से 14 जनवरी को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। यह त्योहार ठंड के अंत का प्रतीक है।

लोहड़ी का इतिहास बहुत पुराना है और इसके बारे में कई कहानियां और किंवदंतियां हैं। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि लोहड़ी का उद्गम प्राचीन पंजाबी संस्कृति से हुआ था, जहां यह त्योहार सर्दियों के मौसम के अंत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी में 'ल' का अर्थ है लकड़ी, ओह का अर्थ उपले और ड़ी का मतलब रेवड़ी। इन तीनों को मिलाकर बना है लोहड़ी। इस पर्व के 20-25 दिन पहले ही बच्चे 'लोहड़ी' के लोकगीत गा-गाकर लकड़ी और उपले इकट्ठे करते हैं। बच्चों-युवाओं की टोलियां घर-घर से लकड़ियां मांग कर इकट्ठा करती हैं तथा लोहड़ी के गीत गाते हुए लोहड़ी मांगते हैं। इस त्योहार में खाद्य पदार्थों की भी पूजा की जाती है और उन्हें खाने का आनंद लिया जाता है। इसमें आमतौर पर सरसों का साग और मक्की की रोटी, गजक और रेवड़ी, मूंगफली और गुड़ की चिक्की, दही भल्ले, तिल और गुड़ के व्यंजन, आलू-गोभी, पंजीरी और बहुत कुछ जैसे व्यंजन शामिल होते हैं। इन व्यजनों की पहले पूजा की जाती है, फिर समस्त परिवार मिलकर इन्हें खाने का सामूहिक आनंद लेते हैं। कई लोगों का मानना है कि यह त्योहार सर्दियों के संक्रांति के बीतने का प्रतीक है। यह माघी से एक रात पहले मनाया जाता है।

दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि-दहन की याद में ही यह अग्नि जलाई जाती है। इस अवसर पर विवाहिता पुत्रियों को मां के घर से त्योहार पर वस्त्र, मिठाई, रेवड़ी, फलादि भेजा जाता है। यज्ञ के समय अपने जामाता शिव का भाग न निकालने का दक्ष प्रजापति का प्रायश्चित्त ही इसमें दिखाई पड़ता है।कथानुसार जब प्रजापति दक्ष के यज्ञ की आग में कूदकर शिव की पत्नी सती ने आत्मदाह कर लिया था। उसी दिन की याद में यह पर्व मनाया जाता है। यही कारण है कि इस त्योहार में बहन और बेटियों का बहुत महत्व माना जाता है। लोहड़ी के दिन भगवान श्रीकृष्ण, मां आदिशक्ति और अग्निदेव की विशेष रूप से पूजा की जाती है। लोहड़ी के दिन घर में पश्चिम दिशा में मां आदिशक्ति की प्रतिमा या फिर चित्र स्थापित करें और सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

लोहड़ी शब्द 'तिलोड़ी' यानी 'तिल' से आया है, जिसका अर्थ है तिल और 'रोड़ी' का अर्थ है गुड़, इसीलिए इसे लोहड़ी कहा जाता है। तिलोड़ी समय के साथ बदलते हुए लोहड़ी बन गया और इसी नाम से प्रसिद्ध हो गया। इस दिन अलाव लगाया जाता है और पारंपरिक गीत गाए जाते हैं। उन्हीं में एक गीत है जिसके पीछे दुल्ला भट्टी नाम के व्यक्ति की कथा है।

**क्या है दुल्ला भट्टी की कहानी:** बताया जाता है कि दुल्ला भट्टी एक नौजवान था, जो हिंदू लड़कियों को बेचने का विरोध करता था। वह उन्हें चुपचाप कहीं ले जाकर किसी हिंदू लड़के से उनकी शादी करवा देता था। इस कारण उसे हिंदू परिवारों में बहुत पसंद किया जाता था और यही कारण है कि इस गीत में उसके प्रति आभार भी व्यक्त किया गया है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राष्ट्र निर्माण के लिए युवा और युवा निर्माण के लिए शिक्षा का सशक्तिकरण

**विवेकानंद की जयंती पर विशेष**






लेखक : डॉ. महेंद्र सिंह
प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक

चार 10 जनवरी 2025 को प्रसारित साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने 2047 तक नवभारत की संकल्पना को साकार करने के लिए देश के युवाओं का आह्वान किया है। उन्होंने अपने साक्षात्कार में व्यवहारिकता को बताते हुए कहा कि आज का युवा 2047 तक एक परिपक्व, कुशल और प्रौढ़ अवस्था में आकर देश की रीढ़ बना होगा। प्रधानमंत्री के ये शब्द स्पष्टत: वर्तमान युवाओं के सशक्तिकरण के आकांक्षी थे। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आज हम देश के युवाओं के व्यक्तित्व विकास के सुदृढ़िकरण के लिए उनके विचारों को पूर्णत: व्यवहारिक, प्रसांगिक और तरोताजा पाते हैं।

2025 के राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम 'राष्ट्र निर्माण के लिए युवा सशक्तिकरण' है। इस सशक्त युवा की नींव हमेशा सशक्त शिक्षा के ऊपर टिकी हुई है। शिक्षा के संबंध में स्वामी विवेकानंद के विचार बेदांत से प्रभावित थे। उन्होंने शिक्षा के संबंध में कहा था कि 'शिक्षा व्यक्ति में पूर्व निहित पूर्णत: की अभिव्यक्ति है, अर्थात स्वामी विवेकानंद ज्ञान को एक व्यक्ति के अंदर पूर्व निहित मानते थे। व्यक्ति के ज्ञान अर्ज न से अभिप्राय: वे आत्मा जो अनंत ज्ञान की स्रोत है, के ऊपर पड़े हुए पर्दे को हटाकर, उसकी खोज मानते थे।

अभिव्यक्ति से उनका आशय तमाम बाधाओं से संघर्ष करके नैसर्गिक संवृद्धि से था। शिक्षा के माध्यम से स्वामी विवेकानंद का जोर व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण, नैतिक संबलता के साथ समाज या देश निर्माण की ओर था। मात्र भौतिक संवृद्धि जो पश्चिमी जगत की अवधारणा रही है, से उनका कतिपय भी मतलब नहीं था। चरित्र निर्माण के बिना राष्ट्र निर्माण की वे कल्पना भी नहीं कर सकते थे। इसके अलावा वे धर्म की यर्थाथता व व्यवहारिकता को शिक्षा के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया स्वीकार करते थे।

धर्म क के संप्रदायिकरण और संकीर्ण दृष्टिकोण से वे कोसों दूर थे। जिस सदी में आज हम जी रहे हैं, वह सूचना प्रौद्योगिकी की सदी है। जहां मीडिया ही माध्यम की भूमिका अदा कर रहा है। इस जटिल और कला आधारित युग में युवाओं में कौशल निर्माण के साथ-साथ चरित्र निर्माण और सुदृढ़ता के साथ वांछनीय है। सशक्त युवा की परिभाषा स्वामी विवेकानंद की दृष्टि में वही है जो भौतिक तौर पर सशक्त होते हुए भी आत्मिक, आध्यात्मिक और चारित्रिक तौर सुदृढ हो क्योंकि जो युवा अपनी नैतिक संबलता के आधार पर विशुद्ध चारित्रिक विशेषताओं का स्वामी है; भौतिक प्राप्ति उसके लिए एक गौण विषय होगा। इन गुणों को युवाओं में ढालने के लिए शिक्षा एक अद्वितीय माध्यम के रूप में भूमिका अदा करती है। इसलिए नवभारत की संकल्पना कोसाकार करने के लिए जैसे युवा का सशक्तिकरण आवश्यक है। ठीक उसी प्रकार युवा निर्माण के लिए शिक्षा का सशक्तिकरण भी आवश्यक है।

शिक्षा के सशक्तिकरण से अभिप्राय: राष्ट्र निर्माण के तमाम मूल्यों को प्रभावी तौर पर युवाओं के अंदर स्थापित करना है क्योंकि स्वामी विवेकानंद कहा करते थे 'शिक्षा जो आम लोगों को स्वयं लैस होकर, जीवन के संघर्ष की तैयारी के लिए सहायता नहीं करती, जो हमारे अंदर चरित्र की शक्ति नहीं लाती, परोपकार का भाव नहीं लाती और शेर जैसा साहस नहीं पैदा करती, क्या वह शिक्षा; शिक्षा के नाम के योग्य है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बस में हरियाणा के युवक से 495 ग्राम चरस बरामद

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर



चरस के साथ काबू आरोपी पुलिस के साथ।

पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने हेड कांस्टेबल हंसराज के नेतृत्व में किरतपुर-मनाली हाइवे पर स्थित पुंघ में नाकाबंदी के दौरान 26 वर्षीय आरोपी के कब्जे से 495 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर के हेड कांस्टेबल हंसराज के नेतृत्व में पुलिस टीम आरक्षी मनोज और गृह रक्षक विजय सेन मौजूद पुंघ नाकाबंदी पर मौजूद थे। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा हाइवे पर चंडीगढ़ की ओर जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।

वहीं चेकिंग के दौरान पुलिस ने मनाली से चंडीगढ़ जा रही एचआरटीसी की बस को चेकिंग के लिए रोका गया और उसमें

### आरोपी को आज न्यायालय में किया जाएगा पेश

चेकिंग के दौरान आरोपी के बैग से 495 ग्राम चरस बरामद की है।

आरोपी की शिनाख्त संदीप (26) पुत्र लाल सिंह गांव कमालपुर डाकघर बगथला जिला रेवाड़ी हरियाणा के तौर पर हुई है। पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि रविवार को आरोपी को न्यायालय के समक्ष नियमानुसार पेश किया जाएगा।

## दो व्यक्तियों से 15 ग्राम हेरोइन बरामद



अनंत ज्ञान, मंडी। बल्ह पुलिस ने कंसा ग्राउंड में तलाशी के दौरान दो व्यक्तियों से 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जानकारी अनुसार पुलिस ने कार नंबर एचपी 76 7024 में बैठे 24 वर्षीय लेखराम पुत्र राकेश कुमार गांव कुम्मी व 24 वर्षीय नितेश चौहान पुत्र रोशन लाल गांव जमोह डाकघर पाली के कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ लोग पुलिस की मदद करें, क्योंकि भावी पीढ़ी नशे के दलदल में धंसती जा रही है। अभिभावक बच्चों पर विशेष ध्यान दें, ताकि उन्हें नशे से बचाया जा सके।

# नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए हिमाचल की टीम रवाना

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना होने के दौरान।

12 से 15 जनवरी तक तमिलनाडु के चेन्नई में खेले जाने वाली राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए आज देर शाम हिमाचल प्रदेश की लड़कियों की अंडर 17 टीम सरकाघाट से रवाना हुई टीम को स्कूल के प्रिंसिपल राकेश पठानिया ने हरी झंडी देकर रवाना किया।

इससे पहले हिमाचल प्रदेश की छात्रों की राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित टीम का पांच दिवसीय कोचिंग कैंप सरकाघाट गर्ल बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल में आयोजित हुआ। इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खिलाड़ियों को राकेश ठाकुर ने खेल की बारीकियां सिखाई कोच राकेश ठाकुर ने बताया कि इन खिलाड़ियों का इन 5 दिनों के अंदर खिलाड़ियों ने खेल की बारीकियां सीखी, ताकि प्रतियोगिता के अंदर अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन कर सके।

यह खिलाड़ी हुई शामिल हिमाचल प्रदेश की टीम में अंजलि स्वाति दिव्यांशी साक्षी सिमरन अंकित काव्या तनिष्क निवेदिता प्रियांशी और प्रिया शामिल हैं।

## युवक ने फंदा लगाकर जीवनलीला की समाप्त

अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर। जोगिंदरनगर उपमंडल के गरोडू में शनिवार को बाहरी राज्य के एक युवक ने मफलर बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी 24 वर्षीय युवक के रूप में हुई है, जो गरोडू में ही दुकान में काम करता था। युवक अपनी दुकान के ऊपर बने कमरे में रहता था। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल पर थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि सभी पहलुओं से मामले की जांच की जा रही हैं।

## नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से ठगे 3 लाख

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। उपमंडल सुंदरनगर में एक युवती को नौकरी दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपए ऐंठने और छेड़खानी करने तथा जान से मारने की धमकी देने को लेकर एफआईआर दर्ज हुई है। एफआईआर पीड़ित युवती की शिकायत पर दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर में दर्ज कराई एफआईआर में जिला मंडी की धर्मपुर तहसील निवासी पीड़ित युवती ने कहा है कि सतवीर सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह को वह चार-पांच साल से जानती है। सतवीर सिंह ने उससे कहा कि वह बीओएमबी में उसको नौकरी दिला देगा क्योंकि उसकी वहां पर बहुत जान पहचान है। नौकरी के नाम पर आरोपी ने एक बार इसके साथ सुंदरनगर में छेड़खानी की। वह उसे जान से मारने की भी लगातार धमकी दे रहा है।

पीड़ित युवती का कहना है कि यह घटना 4 जनवरी की सुंदरनगर बस स्टैंड के पास की है। नौकरी के नाम पर आरोपी ने इससे तीन लाख भी वसूल किए है। जिसमें से दो लाख उसने गूगल पे के माध्यम से और एक लाख रुपए नकद दिए है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# चोलथरा स्कूल के प्रांगण और डंगे का निर्माण करेगी सर्वोदय जनकल्याण समिति



सहायता राशि एकत्र करने के दौरान समिति के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सर्वोदय जन कल्याण समिति चोलथरा की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्था के प्रधान परजीत ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक विकास और सहायता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समिति स्थानीय पंचायत से पत्राचार कर राजकीय प्राथमिक पाठशाला चोलथरा के प्रांगण और उससे लगते डंगे के निर्माण के लिए पंचायत से सहयोग की अपील करेगी और खुद भी सहयोग करेगी। इस पहल का उद्देश्य स्कूल के विद्यार्थियों और स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है।

इसके अतिरिक्त, समिति ने नरेश कुमार सुपुत्र हंसराज निवासी रोपड़, जो कि अत्यंत गरीब परिवार

### समिति की बैठक में लिया समाज सेवाओं का निर्णय

से है और पांव के गंभीर घाव के चलते लंबे समय से अस्पताल में भर्ती रहा, को 11,000 रुपए की सहायतार्थ राशि प्रदान करने का निर्णय लिया। इस मदद से नरेश कुमार के उपचार में सहायता मिलेगी।

बैठक में कै. ओमकार सिंह, वेदप्रकाश, सतीश ठाकुर, श्रवण सिंह भारद्वाज, गांधी राम, राकेश बन्याल और राजीव आर्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और समिति के प्रयासों को मजबूती देने की प्रतिबद्धता जताई। सर्वोदय जन कल्याण समिति समाज के कमजोर वर्गों और सामुदायिक विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। समिति भविष्य में भी ऐसे कार्यों को जारी रखेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्व. लाल बहादुर शास्त्री को अर्पित किए श्रद्धासुमन



अनंत ज्ञान, मंडी। गांधी भवन मंडी में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर जिला कमेटी के पदाधिकारी संजय शर्मा ने कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्यों, ईमानदारी, कर्मठता व जनसेवा की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। इस दौरान आकाश शर्मा, योगेश पटियाल, हितेश ठाकुर, नरेश राणा, लेखराज, विनय कुमार, प्रतीक, सुरेंद्र पटियाल, प्रदीप शर्मा चंद्रवीर कागरा उपस्थित रहे।

### नरोला गांव में लोहड़ी पर होगी भजन संध्या

अनंत ज्ञान, मंडी। उपमंडल बलद्वाड़ा के नरोला गांव में 13 जनवरी लोहड़ी 9:00 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पट्टी निवासी रोशन लाल की मंडली तथा पटडीघाट के रहने वाले हेतराम की मंडली शिरकत कर रही है। लखदाता मंदिर कमेटी के सदस्यों बलदेव सिंह, हरीमन, कै. जगदीश वर्मा, बालकराम शर्मा ने कहा कि इस भजन संध्या का आयोजन मंदिर के प्रांगण में बहुत ज्यादा ठंडी पड़ने तथा रात को तेज हवाओं के कारण मंदिर के पास नहीं बल्कि बलदेव सिंह के घर के प्रांगण में किया जा रहा है।

### पंडोह में अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



अनंत ज्ञान, पंडोह। मंडी जनपद के पंडोह थर्ड आईआरबी ग्राउंड में अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता कराई जा रही है। शनिवार को इसका शुभारंभ उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने किया। इस अवसर पर यह थर्ड आईआरबी कमांडेंट पदमचंद ने कहा कि इस प्रतियोगिता में सभी विभागों की हिमाचल प्रदेश की 16 टीमें भाग ले रही हैं। आज का टूर्नामेंट ब्लैक लेयर पर कराया जा रहा है। पदमचंद ने कहा कि डीसी मंडी द्वारा इस ग्राउंड को तीन लाख रुपए लेवलिंग और रखरखाव के लिए दिए गए थे। टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार 21000 रुपए और द्वितीय पुरस्कार 15000 रुपए रखा गया है।

### गैस एजेंसी नेरचौक में शहीद यशवंत की जयंती मनाई




विनोद, नेरचौक। शहीद यशवंत इंडेन गैस सर्विस नेरचौक में शहीद यशवंत संग्रैल का 46वां जयंती समारोह बड़े उत्साह से मनाया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगमोहन सिंह ने बतौर मुख्यातिथि समारोह में उपस्थित होकर शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा दीप प्रज्वलित कर शहीद को नमन किया। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आरटीओ कृष्ण चंद, सेवानिवृत्त कर्नल विरेंद्र तपवाल, इंडेन गैस के विक्रय प्रबंधक अधिकारी नितिन टंडन सहित अन्य बहुत से गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने एक-एक करके शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर एजेंसी के संचालक रामसेन संग्रैल, दुष्यंत कुमार, दिनेश कुमार, तिलक राज, जीनत व दिलवर ने कार्यक्रम के आयोजन में योगदान दिया।

### महिला मंडल चंडेह ने मनाया 20वां स्थापना दिवस



अनंत ज्ञान, पंडोह। मंडी सदर विधाषनसभा की ग्राम पंचायत धार (कोट मोरस) के महिला मंडल चंडेह ने अपना 20वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस मौके पर वर्षों पुरानी खेले चकचोहा, पंजघटले, पीठु मिया के साथ अन्य खेलकूद प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए गए। महिला मंडल की प्रधान एकता रानी ने बताया कि पिछले 20 वर्षों में महिला मंडल द्वारा सामाजिक, धार्मिक, खेलकूद, सांस्कृतिक व अन्य अनेक प्रकार की गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन किया व अनेक प्रकार के पुरस्कार अपने नाम किए। मंडी सदर खंड में स्वच्छता में प्रथम पुरस्कार भी महिला मंडल के नाम है। इस दौरना पंचायत की वार्ड मेंबर भवना देवी बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंकी देवी ने की।

### किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता पर किया जागरूक



अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट सुंदरनगर ने दिल्ली स्थित पिंकिश फाउंडेशन के सहयोग से बल्ह उपमंडल के डडौर स्लम क्षेत्र में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में मंडी के विभिन्न कॉलेजों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया और महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिविर के दौरान 45 महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया गया और स्वच्छता बनाए रखने के तरीके सिखाए गए। इस अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं और किशोरियों को सैनिटरी पैड के पैकेट वितरित किए गए।

### 12 से 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

अनंत ज्ञान, मंडी। शहर में 12 जनवरी को 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक 11 केवी मंगवाईं एचटी लाइन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों उप्पर सन्यारड, लोवर सन्यारड, थनेहरा मोहल्ला, महामृत्युंजय मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर व इसके आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल संख्या.-1 ई. नरेश ठाकुर ने दी।

# टीबी उन्मूलन अभियान को बनाएं जन आंदोलन : स्वाति

रितेश, सरकाघाट



शपथ दिलाते हुए एसडीएम सरकाघाट।

एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने टीबी उन्मूलन अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। एसडीएम स्वाति डोगरा को आयोजित क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि क्षय रोग असाध्य रोग नहीं है। इसका पूरी तरह से सफल इलाज किया जा सकता है।

रोग की शीघ्र और सही जांच के साथ बिना किसी रुकावट उपचार पूरा करके टीबी को हराना संभव है। उन्होंने टीबी उन्मूलन की लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी विभागों से आए अधिकारियों से निवेदन किया और कहा कि आपसी समन्वय व भागीदारी से ही टीबी उन्मूलन हो सकता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य खंड बल्द्वाड़ा में 46 ग्राम पंचायतों में से 8 पंचायतें पूर्णत: टीबी मुक्त हो चुकी हैं।

एसडीएम स्वाति डोगरा ने इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों को टीबी उन्मूलन की शपथ भी दिलाई। (अनंत ज्ञान)

## चांगर-चौगान मार्ग पर सिल्ट बनी समस्या

अनंत ज्ञान, महादेव। नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत बाला कामेश्वर मंदिर चांगर से संपर्क करते टाइल आदि से निर्मित चौगान मार्ग पर बहुत अधिक मात्रा में मिट्टी इत्यादि मिली सिल्ट (गाद) डालने से राहगीरों की हालत खराब हो रही है। मार्ग पर मटेरियल सिल्ट आदि राम भरोसे छोड़ कर दिया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि गाड़ियों से उठने वाली धूल राहगीरों की हालत खस्ता कर दे रही है। लोगों ने विभाग व प्रशासन से मांग की है कि समस्या का जल्द समाधान हो।



# द्रंग में पुल का लोकार्पण करना भूली सरकार

रूपी ठाकुर, बरोट



जानकारी देते भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित व अन्य।

हिमाचल प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सत्ता में आई है, तब से ही हिमाचल प्रदेश के विकास को पूरी तरह से ग्रहण लग चुका है।

इसका ताजा उदाहरण मंडी जिला के द्रंग विधानसभा क्षेत्र में आईआईटी कमांद के समीप लोक निर्माण विभाग द्वारा बारह करोड़ की लागत से बने पुल का लोकार्पण करना ही भूल गई है। भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाली इस कांग्रेस सरकार में आए दिन एक नई अव्यवस्था की कहानी सामने आ रही है। इसका एक हालिया उदाहरण मंडी जिला के द्रंग

### कहा-हिमाचल के विकास को पूरी तरह से लग चुका है ग्रहण

विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित एक पुल है जो पिछले छह महीने से लोकार्पण की राह देख रहा है।

चंदन पंडित ने कहा कि बारह करोड़ की लागत से बने इस पुल का लोकार्पण करना शायद हिमाचल प्रदेश की सरकार भूल गई है, जिससे कि यह स्पष्ट हो जाता है कि यह सरकार जनता की सुविधाओं के प्रति कितनी सजग है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह इस विषय पर कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं, जबकि यदि यह पुल जनता को समर्पित हो जाता है तो मंडी से वाया आईआईटी कमांद से कटौला का सफर एक किलोमीटर कम हो जाएगा और साथ ही स्थानीय बाजार में गाड़ियों से लगने वाले जाम से भी निजात मिल जाएगी मगर इस जनहितैषी विषय पर सरकार और विभाग दोनों चुप्पी साधे हुए हैं जो कि बेहद निंदनीय है। इस अवसर पर युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# डॉ. आरके अभिलाषी ने मेधावियों को बांटे पुरस्कार

विनोद जसवाल, नेरचौक



मेधावियों को पुरस्कार बाटने के उपरांत मुख्यातिथि व अन्य।

अभिलाषी शिक्षण समूह द्वारा संचालित जिनीयस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नेरचौक में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में अभिलाषी समूह के अध्यक्ष डॉ. आरके अभिलाषी मुख्यातिथि तथा जिनीयस शिक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. नर्वदा अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार तथा डॉ. नीलम कुमारी रही।

प्रधानाचार्य रणजीत ठाकुर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ स्कूल की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक बताया । मुख्यातिथि द्वारा मेधावियों को वर्ष भर उनके शिक्षा व खेलकूद में किए बेहतर प्रदर्शन के लिए स्मृतिचिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. आरके अभिलाषी ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के सम्मान होते हैं। इन्हें जिस आकारों ढालना चाहें उसमें ढाल सकते हैं, जिस से यह अपने भविष्य को बेहतर बना सकें।

अभिलाषी समूह से संस्थापक स्व. टीआर अभिलाषी की दूरदर्शी सोच से अभिलाषी समूह आज शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। खेलकूद में अजय हाउस प्रथम, अनुशासन में अतुल हाउस व वर्ष भर की अन्य गतिविधियों में अमूल हाउस ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने पर शिवांश, अमृत, अनन्या, अक्षित, गीतांजलि, वेदान्तिक, अनिरुद्ध, आरुष सहित अन्य मेधावियों को सम्मानित किया गया।( अनंत ज्ञान)

## जेओए आईटी के 4 पदों पर आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक द्वारा अपंगता श्रेणी के अंतर्गत जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के 4 पदों के लिए अधिसूचना जारी की गई है। उपरोजगार कार्यालय प्रभारी सुनीत शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी संकाय में जमा दो और एक या दो वर्षीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) डिप्लोमा अनिवार्य है।

अधिसूचना के अनुसार, आवेदक की न्यूनतम स्थायी शारीरिक अपंगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। इच्छुक 25 जनवरी तक रोजगार कार्यालय में पंजीकृत करवाएं।

# कार्यालयों में खाली कुर्सियों के पास लंच टाइम में भी हिटर ऑन

भीम बसेड़ू, महादेव



विद्युत यंत्रों को लेकर बिजली की खपत खूब की जा रही है, मगर सरकारी क्षेत्र में कुछ अधिक ही की जा रही है जिसे अनावश्यक रूप से खर्च करना कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

बिजली को जरूरत के हिसाब से जलाने से संबंधित सरकार की ओर से कोई सख्त दिशा निर्देश न देने का नाजायज फायदा उठाते हुए कुछेक कार्यालयों आदि में लंच के समय में भी बाबूगिरी करने वाले अधिकारी तथा कर्मचारी बिजली के मीटर बुरी तरह घूमने के प्रति लापरवाही दिखाते हुए हिटर इत्यादि को जलती हालत में छोड़कर मस्ती में निकल जाते हैं।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि सरकारी दफ्तरों आदि में बड़े हिटर जरूरत न होने पर भी जलते रहते हैं। सरकारी प्रांगण में दिन में भी ट्यूब आदि जलते रहते हैं जो बिजली की भारी कमी करने का काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# 'खेलो भारत' के तहत नगर महाकुंभ के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन

अनंत ज्ञान, मंडी



जानकारी देते विद्यार्थी परिषद मंडी के पदाधिकारी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडी इकाई द्वारा 'खेलो भारत' अभियान के अंतर्गत नगर खेलकुंभ के उपलक्ष्य पर प्रेस वार्ता की गई, जिसमें खेल आयोजन की विस्तृत जानकारी साझा की गई। इस दौरान नगर महाकुंभ का आधिकारिक पोस्टर विमोचन भी किया गया।

'खेलो भारत' प्रदेश संयोजक चिराग ठाकुर ने बताया कि नगर महाकुंभ के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इस नगर खेलकुंभ का आयोजन 15-17 जनवरी को किया जाएगा। 'खेलो भारत' जिला सह-संयोजक तरनदीप सिंह ने बताया कि इस खेलकुंभ में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## बच्चों को संस्कारों की शिक्षा देना जरूरी

अनंत ज्ञान, बरोट। बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की शिक्षा का ज्ञान होना अति आवश्यक है। बच्चों की शिक्षा चाहे जितनी भी उच्चस्तर की क्यों न हो, मगर उनके अंदर अगर अच्छे संस्कारों की शिक्षा का कोई भी ज्ञान नहीं है तो उसकी शिक्षा का ज्ञान होना किसी काम का नहीं है या यूं कहे कि अच्छे संस्कारों के बिना बच्चों की शिक्षा बिल्कुल अधूरी है। चौहार घाटी के समाज सेवक व पूर्व सूबेदार रामसरन चौहान ने कहा कि आज के इस आधुनिक दौर में सभी पाठशालाओं में शिक्षा के साथ संस्कारों से भरे विषयों को पढ़ाना अति अनिवार्य हो गया है।

# मजदूरों की मांगों पर विधानसभा का घेराव करेगी सीटू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

सीटू मजदूर संगठन मंडी जिला कमेटी का मध्यवती समीक्षा अधिवेशन मंडी में कामरेड तारा चंद भवन में भूपेंद्र सिंह, बिमला शर्मा, इंद्र सिंह, सुरेंद्र व गुरदास वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। पिछले दो साल की रिपोर्ट महासचिव राजेश शर्मा ने पेश की और राज्य महासचिव प्रेम गौतम ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सीटू से जुड़ी हुई आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, रेहड़ी-फहड़ी, मनरेगा, निर्माण, फोरलेन, सीवरेज ट्रीटमेंट, सफाई मजदूर यूनियनें मांगों को लेकर आगामी विधानसभा सत्र के दौरान शिमला में प्रदर्शन करने जा रही है।

राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड से मनरेगा व निर्माण मजदूरों के लाभ जारी न होने पर 20 जनवरी को शिमला में प्रदर्शन किया जाएगा। आंगनबाड़ी यूनियन के 13 फरवरी को दिल्ली में हो रहे राष्ट्रीय सम्मेलन में मंडी जिला से 50 प्रतिभागी जाएगी।

जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने कहा कि धर्मपुर कोटली मंडी की ओर बन रहे राष्ट्रीय उच्च मार्ग में कंपनी द्वारा निकाले गए दो मजदूरों को जल्द काम पर लेने की मांग उठाई और ऐसा नहीं किया गया तो 17 जनवरी से साइट पर प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। बैठक में प्रेम गौतम, भूपेंद्र सिंह, राजेश शर्मा, गुरुदास वर्मा, बिमला शर्मा, अंजुला शर्मा, नागो देवी, सुदर्शना शर्मा, इंद्र सिंह, बिमला आदि मौजूद थे।

**आर्थिक लाभ** गोबर समृद्धि योजना से किसान पशुपालक होने लगे लाभान्वित

# करसोग में 3 रुपए प्रति किलो की दर से गोबर खरीद शुरू

लक्की, करसोग

राज्य सरकार की महत्वकांक्षी, जनहितैषी इस गोबर खरीद गारंटी को प्रदेश में मुख्यमंत्री कृषि संवर्द्धन योजना के अंतर्गत गोबर समृद्धि योजना के नाम से धरातल पर उतारा गया है। योजना के अंतर्गत किसान पशुपालकों से सीधे तौर पर कृषि विभाग के माध्यम से 3 रुपए प्रति किलो ग्राम की दर से पशुपालकों से गोबर की खरीद की जाने लगी है ।

मंडी जिला के करसोग उपमंडल में भी गोबर समृद्धि योजना के तहत किसान पशुपालकों से गोबर की खरीद की जा रही है। करसोग की



ग्राम पंचायत भडारनू की रहने वाली प्रोमिला देवी और राधू देवी ने गोबर समृद्धि योजना के अंतर्गत कृषि विभाग के करसोग स्थित कृषि फार्म को गोबर बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित किया है। दोनों लाभार्थी पशुपालक महिलाओं द्वारा लगभग 8 क्विंटल गोबर कृषि विभाग को बेचा गया है। (अनंत ज्ञान)

### प्रोमिला बनी पहली लाभार्थी

**भडारनू** निवासी प्रोमिला देवी और राधू देवी योजना के अंतर्गत राज्य सरकार को पशुओं का गोबर उपलब्ध करवाने वाली करसोग क्षेत्र की पहली लाभार्थी भी बनी हैं। प्रोमिला देवी ने कृषि विभाग को 3 रुपए प्रति किलो की दर से साढ़े चार क्विंटल गोबर प्रदान किया, जिससे उन्हें लगभग 1350 रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि पैसों का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया गया है, जबकि राधू देवी ने लगभग साढ़े तीन क्विंटल गोबर बेच कर लगभग 1050 रुपए की धनराशि प्राप्त की है।

### लोग किए जाएंगे जागरूक

**कृषि** फार्म करसोग के प्रभारी नरेश चंदेल ने बताया कि गोबर खरीद योजना के अंतर्गत करसोग में पशुपालकों से गोबर की खरीद शुरू कर दी गई है। क्षेत्र का कोई भी किसान पशुपालक कृषि फॉर्म में संपर्क कर योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर पर अपने पशुओं का गोबर बेच कर लाभ अर्जित कर सकता है। उन्होंने बताया कि योजना के बारे में लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया जा सके।

# युवाओं की पढ़ाई के साथ खेलों में दिलचस्पी होना जरूरी : राजेश

अभिषेक, जोगिंद्रनगर



खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि देते हुए मुख्यातिथि।

जोगिंद्रनगर में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज मंडल जोगिंद्रनगर के सौजन्य से 10 जनवरी से 12 जनवरी तक खेल स्टेडियम में किया जा रहा है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ समाज सेवी मंडी निवासी राजेश कपूर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में 17 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें से दो महिला टीमें भी हैं। इस अवसर पर राजेश कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी दिलचस्प होना जरूरी है खेलों से जहां छात्रों का शारीरिक विकास भी होता है। इस दौरान महिला टीमों के बीच मैच का आनंद भी उन्होंने उठाया विजय टीम को 1200 व उप विजेता टीम को 700 रुपए राशि के रूप में प्रदान किया। (अनंत ज्ञान)

# अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खराब मौसम बना बाधा

संजीव पुरी, ऊना

**ऊना ने पहले दिन बनाए पांच विकेट पर 128 रन**

अंडर-14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला ऊना और शिमला के बीच में स्थानीय इंदिरा स्टेडियम ऊना में तीन दिवसीय मैच आरंभ हुआ। खराब मौसम के कारण मैच देर से आरंभ हुआ और ऊना की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 128 रन बनाए, जिसमें पारस शर्मा ने 21 रन बनाए।

समीर सिंह शानदार बल्लेबाजी करते हुए 62 रन बनाकर खेल रहे है, अपनी पारी में समीर सिंह ने 10 चौके लगाए, तेजस शर्मा 11 रन बनाकर खेल रहे हैं। सर्वेश ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, एस मेहता ने एक खिलाड़ी को आउट किया, वत्सल ठाकुर ने एक खिलाड़ी को आउट किया, अर्थव आर्य ने एक खिलाड़ी को आउट किया, वहीं, जवाहर नवोदय विद्यालय ऊना पेखुवेला में सेमीफाइनल मुकाबला अंडर -14 मंडी और बिलासपुर के बीच में तीन दिवसीय मैच आज आरंभ हुआ, जिसमें मंडी की टीम ने पहले खेलते हुए 8 विकेट पर दिन का खेल खत्म होने तक 118 रन बनाए। खराब रोशनी के कारण मैच को बीच में ही बंद करना पड़ा।

शुभम कुमार ने 20 रन बनाए, रजत ठाकुर ने 13 रन बनाए, अदीश मिन्हास ने 16 रन बनाए, अंश ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, प्रतीक ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि मयंक शर्मा ने दो खिलाड़ियों और प्रिंस ने 1 खिलाड़ी को आउट किया। (अनंत ज्ञान)

## सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी समिति बैंक टकोली शाखा द्वारा पलोह गांव में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक कृष्ण पाल सिंह बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, की जानकारी दी गई।

# झावराणी से सड़क सुविधा से जुड़ा बगलामुखी मंदिर

## कुटलैहड़ विस क्षेत्र में लिंक सड़क सुविधा देने के लिए किए जा रहे 6 करोड़ खर्च, युद्धस्तर पर कार्य शुरू : विवेक शर्मा

अनंत ज्ञान, बंगाणा



विधायक विवेक शर्मा संपर्क मार्ग का लोकार्पण करते हुए।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र की मुच्छाली पंचायत के माता बगलामुखी मंदिर से झवराणी तक 6.51 लाख से निर्मित सड़क का उद्घाटन शनिवार को विधायक विवेक शर्मा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह सड़क विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो इस क्षेत्र के लोगों के जीवन में सुगमता और समृद्धि लेकर आएगा। यह परियोजना हमारे क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिकों की भलाई के लिए हमारे सरकार के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विकास पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि सड़कों की खराब स्थिति से जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। विधायक शर्मा ने कहा हमने कुटलैहड़ क्षेत्र की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाओं को मंजूरी और सरकार से स्वीकृति ली है। क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण और पुरानी सड़कों का सुधार तेजी से किया जा रहा है। इससे न केवल क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी, बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार से विशेष बजट आवंटित करवाया गया है। स्थानीय लोगों ने विधायक के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इससे क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी। कुटलैहड़ के लोग सड़कों के साथ-साथ अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास की भी उम्मीद कर रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि हम जानते हैं कि सड़कें किसी भी स्थान के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह न केवल यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाती हैं, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक संपर्क के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार करती हैं। शर्मा ने कहा कि झवराणी में इस सड़क का निर्माण ग्रामवासियों के लिए एक नई उम्मीद और अवसर लेकर आया है, जिससे यहां के लोग अब बेहतर परिवहन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के मार्गदर्शन में हम हर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सड़क का निर्माण सिर्फ एक भौतिक कार्य नहीं, बल्कि यह समाज की प्रगति और हमारे लोगों के लिए बेहतर जीवन की ओर एक कदम है। इस सड़क के बनने से झवराणी के निवासियों को न केवल कनेक्टिविटी में सुधार मिलेगा, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा देगा।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों से निवेदन करता हूं कि वे इस सड़क का सही तरीके से उपयोग करें और इसका रखरखाव भी करें। इस सड़क झवराणी के निवासियों को इस नई सुविधा का पूरा लाभ उठाने की शुभकामनाएं देता हूं और यह आशा करता हूं कि हम सभी मिलकर अपने क्षेत्र के विकास में और अधिक योगदान देंगे।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, सचिव देसराज मोदगिल, तहसीलदार अमित शर्मा, थाना प्रभारी रोहित चौधरी, स्थानीय प्रधान विजय शर्मा, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, ज्ञान चंद, अमित कुमार, जेई सचिन शर्मा, सुरेशकुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कार्य शुरू होने पर भूमि विवाद न करे जनता

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हर गांव को सड़क सुविधा देने पर बल दिया जा रहा है और दर्जनों गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए धरातल पर लिंक सड़कों का कार्य युद्धस्तर पर चला हुआ है, लेकिन कुछ जगहों पर भूमि विवाद को लेकर कार्य लंबित हो रहे हैं। विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ की जनता से आग्रह किया कि सड़क रास्ते आदि के विकास कार्यों को हम प्राथमिकता से करवा रहे हैं। कार्य शुरू होने पर जनता भूमि विवाद न करें और जहां सड़क रास्ते का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू होकर जनता को सुविधाएं दी जा रही है, उन कार्यों को बिना विवाद से पूरा होने दें, ताकि जनता को सड़क रास्ते की सुविधा मिले और सरकार के धन की बर्बादी होने से बच सके।

# हरोली में युवती से मोबाइल छीनने वाला तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल

**हरोली पुलिस की अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई जारी**

करीब 2 महीने पहले हरोली की एक युवती सुबह के समय अपने घर से ऊना जाने के लिए पैदल बस स्टैंड हरोली की ओर आ रही थी, जिस दौरान तीन अंजान युवकों ने एक बाइक पर सवार होकर युवती का पीछा किया व अकेला पाकर एक युवक ने चाकू निकाल कर युवती को डराया तथा युवती का एक 18 हजार कीमत का मोबाइल डरा-धमकाकर छीन लिया व भाग गए।

युवती डर के मारे पहले घर गई व बाद में हिम्मत जुटाकर रिपोर्ट करने थाना पहुची, जहां पर थाना प्रभारी सुनील संख्यान ने तुरत कार्रवाई करते हुए अंजान बाइक सवारों पर अभियोग दर्ज किया, जिसकी जांच का जिम्मा पहले उपनिरीक्षक प्रकाश तथा बाद में सहायक उपनिरीक्षक दीपक को दिया गया। पुलिस के लिए आरोपियों की पहचान करना आसान काम नहीं था। पुलिस ने युवती से सारी जानकारी जुटाकर पहले आरोपियों का रूट पता किया, फिर सभी रूट पे कैमरे चेक करना शुरू किए।

घटना के दिन आरोपियों ने अपनी बाइक पर कोई नंबर प्लेट भी न लगा रखी थी तथा अपने मुंह को भी कपड़ों से ढकने का प्रयास किया था, जिस कारण आरोपियों की पहचान किसी भी तरह न हो पा रही थी । पुलिस ने पिछले कई दिनों के कैमरे खंगालकर एक पुरानी फुटेज से बाइक का मिलान करते हुए व आरोपियों का हुलिया पता लगाया। फिर बाइक के मालिक की पहचान करके थाना प्रभारी के नेतृत्व में हरोली पुलिस टीम ने पंजाब के होशियारपुर जिला के विंजो गांव में दबिश देकर दो आरोपियों को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा व बाइक को भी कब्जा में लेकर हरोली पहुंचाया। पुलिस टीम ने अब तीसरे आरोपी की भी पहचान कर ली और आज आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पे कस्टडी ट्रांसफर करवाकर गिरफ्तार किया गया और 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

इस वर्ष हरोली क्षेत्र में लगातार इस तरह की 10-12 वारदातें हुई हैं,ि जिन्हें हरोली पुलिस ने कुशलतापूर्वक सुलझाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

उपपुलिस अधीक्षक मोहन रावत ने बताया कि हरोली में कोई भी वारदात अभी तक अनसुलझी न रही है। पुलिस ने सभी वारदातों को सुलझाया है व किसी भी क्रिमीनल को भागने का मौका नहीं दिया है। थाना प्रभारी ने आम जनता से अपील की है कि निश्चित होकर इलाका में रहें।

## रेल विस्तार को लेकर प्रस्ताव भेजा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा बंगाणा ब्लॉक अध्यक्ष के नवदीप महे द्वारा जिला उपायुक्त जतिन लाल के माध्यम से रेलवे को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मांग रखी कि जिसमे नंगल डैम पंजाब से अमृतसर को चलने वाली दैनिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी का विस्तार ऊना हिमाचल स्टेशन से किया जाए।

नवदीप महे ने बताया कि जिला ऊना और आसपास के क्षेत्रों के लोगो सहित विद्यार्थियों को इस ट्रेन के चलने से सहूलियत मिलेगी, वहीं पंजाब और हिमाचल दोनों राज्यों के तीर्थयात्रियों को भी इसका फायदा मिलेगा क्योंकि ऊना जिला व अन्य जिले के लोगों को इस ट्रेन का सफर करने बस का सफर कर उन्हें नंगल डेम स्टेशन पर जाना पड़ता है । इस ट्रेन से गुरु की नगरी अमृतसर जाने के लिए यह ट्रेन वरदान साबित होगी।

# आज होने वाले रोजगार मेले में विधायक होंगे मुख्यातिथि

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**युवाओं को रोजगार देने के लिए खंड बंगाणा में लगेगा रोजगार मेला**

उपमंडल बंगाणा के मुख्यालय खंड बंगाणा में 12 जनवरी को विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयासों से एक बड़े रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करना और क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या को कम करना है।



इस महत्वपूर्ण आयोजन में बंगाणा के विधायक विवेक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। रोजगार मेले का आयोजन स्थानीय विधायक विवेक शर्मा के सहयोग से किया जा रहा है। मेले में कई प्रमुख कंपनियां और संस्थान भाग ले रही हैं, जो युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की नौकरियां लेकर आई हैं। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों जैसे आईटी, बैंकिंग, निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र से जुड़ी नौकरियों की पेशकश की जाएगी।

विधायक विवेक शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए कई प्रयास किए हैं। रोजगार मेले का आयोजन उनके इन्हीं प्रयासों का एक हिस्सा है। रोजगार मेले जैसे कार्यक्रम न केवल युवाओं को बेहतर करियर विकल्प प्रदान करते हैं, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी योगदान देते हैं।

रोजगार मेले में भाग लेने वाले युवाओं के लिए विशेष काउंसिलिंग सत्र और करियर गाइडेंस कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही, मेले में युवाओं को रिज्यू मे लिखने, साक्षात्कार की तैयारी और सही करियर चुनने के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को पहले से पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की जा रही है। इसके अलावा, मौके पर भी पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी।

### स्थानीय युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**विधायक विवेक शर्मा के निजी सचिव ने बताया कि यह रोजगार मेला स्थानीय युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जहां वे सीधे विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलकर अपनी योग्यताओं के अनुसार नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। आयोजन समिति ने बताया कि इस मेले में करीब 700 से अधिक युवाओं के शामिल होने की उम्मीद है। बंगाणा में इस आयोजन को लेकर स्थानीय जनता और युवाओं में खासा उत्साह है। मेले के आयोजकों का मानना है कि यह कार्यक्रम रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा।**

### सुबह दस बजे होगा रोजगार मेले का शुभारंभ

**बंगाणा के खंड विकास भवन में रोजगार मेले का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा और इसमें भाग लेने के लिए स्थानीय युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। विधायक विवेक शर्मा के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने से इस आयोजन को और भी अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके विचार और मार्गदर्शन युवाओं को प्रेरित करने में सहायक होंगे।**

# स्वस्थ शरीर के लिए खेल अत्यंत महत्वपूर्ण : ठाकुर

अनंत ज्ञान, अंब



तीसरे खेल महाकुंभ का के अवसर पर पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के साथ खिलाड़ी व आयोजक।

भारत सरकार में पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा तीसरे खेल महाकुंभ का आयोजन श्री चिंतपूर्णी विधानसभा में शुरू हुआ। इस अवसर पर गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

खेल महाकुंभ का उद्घाटन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ नशों से दूर रखना है। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और मानसिकता के लिए खेल अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेलों में अपनी भागीदारी बढ़ाएं और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। इस महाकुंभ में विभिन्न जगहों पर अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, वहीं चुरूरू में तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता होगी, जिनमें स्थानीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजक इस खेल महाकुंभ को सफल बनाने में महत्वपूर्ण अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री शाम मिन्हास, चिंतपूर्णी लोअर मंडल अध्यक्ष विनय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंदर द्विवेदी, बीडीसी वाइस चेयरमैन संदीप ठाकुर व कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दिल्ली में रमेश के लिए प्रचार करेंगे अरुण



**अनंत ज्ञान, ऊना।** आगामी दिनों में दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा तारीखों का ऐलान भी कर दिया गया है, जिस में दिल्ली की कालका जी विधानसभा सीट से पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने टिकट देकर प्रत्याशी घोषित किया है। इसमें जिला ऊना के युवा नेता अरुण कौशल उनके लिए प्रचार करते नजर आएंगे। वीरवार देर शाम भाजपा प्रत्याशी रमेश के पारिवारिक सदस्यों द्वारा अरुण कौशल को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

# श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर हटली में किया भजन-कीर्तन

अनंत ज्ञान, बंगाणा



श्री राम नाटक क्लब हटली में शनिवार को श्री राम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भव्य-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन की अध्यक्षता प्रधान ज्योति वर्जाता ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं एवं भक्तगण उपस्थित रहे और भक्ति भाव से ओतप्रोत माहौल में भगवान श्री ाम की आराधना की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:काल भगवान श्री राम के भव्य पूजा-अर्चना और प्राण प्रतिष्ठा के विधि-विधान से हुई। इसके पश्चात कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें हिमुडा कीर्तन भजन मंडली ने अपनी प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं ने तालियों और झूमते हुए भजनों का आनंद लिया। प्रधान ज्योति वर्जाता ने कहा भगवान श्रीराम के आदर्श हमारे जीवन को एक नई दिशा देते हैं। उनका जीवन हमें सत्य, धर्म और मर्यादा का पाठ पढ़ाता है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को संस्कृति से अवगत कराने का एक सशक्त माध्यम हैं।

ज्ञात रहे बीते वर्ष श्री अयोध्या से आए अक्षित फल को क्लब की प्रधान ज्योति वर्जाता एवं उनकी मंडली ने केवल घर घर जाकर अक्षित वितरण किए थे, बल्कि हर गांव में श्रीराम जी का कीर्तन दरबार सजाया था और श्री राम नाटक क्लब हटली के कलामंच पर प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा पर भजन-कीर्तन के बाद भंडारे का भी आयोजन करवाया था।

इस मौके पर क्लब की महामंत्री बबीता साई, माया राणा,अंजू शर्मा, बिंदू कुमारी, नीलम शर्मा, अंजू शर्मा, रेखा, पूजा रानी, सरोती देवी, हटली के सुरेंद्र हटली, कमलदेव शास्त्री, सुशील रिकू, अजीत सिंह के अलावा अन्य मौजूद रहे।

## ईको पार्क बंगाणा में मनाया जाएगा लोहड़ी उत्सव





अनंत ज्ञान, बंगाणा। उपमंडल बंगाणा मुख्यालय पर ईको पार्क बंगाणा में 13 जनवरी को बंगाणा लोहड़ी उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। बंगाणा के कार्यकारी उपमंडलाधिकारी नागरिक अमित शर्मा ने बताया कि 13 जनवरी को बंगाणा लोहड़ी उत्सव में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए लोहड़ी पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने सभी कुटलैहड़ वासियों को बंगाणा लोहड़ी पर्व में आने का निमंत्रण और आवेदन किया है। अमित शर्मा ने बताया कि लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने लोहड़ी उत्सव में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लेने की अपील की है, ताकि स्थानीय विधायक विवेक शर्मा के साथ मिलकर त्योहार की खुशियां साझा किया जा सके।

**आयोजन** कुटलैहड़ में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने खिलाड़ियों में भरी नई ऊर्जा

# सांसद अनुराग के प्रयासों से खिलाड़ियों को मिल रहा बेहतर मंच : कंवर

अनंत ज्ञान, बंगाणा



कुटलैहड़ में सांसद खेल महाकुंभ के शुभारंभ पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर व अन्य।

सांसद खेल महाकुंभ युवाओं के विकास और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम मानते हुए कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कार्यक्रम का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर ने किया। उनके साथ बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, खिलाड़ी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में वीरेंद्र कंवर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, दृढ़ता और टीम भावना का माध्यम है। यह हमारे समाज के युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है।

सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए एक मंच है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का भी माध्यम बनेगा। कंवर ने कहा कि भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से सांसद खेल महाकुंभ में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें कबड्डी, वॉलीबाल, एथलेटिक्स, कुश्ती, फुटबाल और तीरंदाजी प्रमुख हैं। आयोजन में लगभग 1200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें युवा और वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल हैं। यह प्रतियोगिता दो दिनों तक चलेगी और विजेताओं को सम्मानित करने के लिए एक विशेष समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

**स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन :** पूर्व मंत्री ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की धरती हमेशा से खेल प्रतिभाओं को जन्म देती आई है। हमारे ग्रामीण इलाकों में ऐसी प्रतिभाएं हैं, जिन्हें सही मंच और अवसर मिलने पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर सकती हैं। सांसद खेल महाकुंभ इन युवाओं के सपनों को पंख देने का कार्य करेगा।

कार्यक्रम के दौरान खेल मैदान में स्थानीय जनता की भारी भीड़ देखी गई। खेलों के प्रति लोगों की उत्सुकता और समर्थन ने यह सिद्ध किया कि इस तरह के आयोजन समाज को एकजुट करने का माध्यम भी हैं। स्थानीय नागरिकों ने वीरेंद्र कंवर के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के युवाओं को प्रोत्साहित करेगा और खेल संस्कृति को बढ़ावा देगा।

इस बार खेल महाकुंभ में महिला खिलाड़ियों की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। कबड्डी और एथलेटिक्स जैसे खेलों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वीरेंद्र कंवर ने कहाकि महिलाओं का खेलों में भाग लेना समाज के सकारात्मक बदलाव का संकेत है। इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। सांसद खेल महाकुंभ का यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा शक्ति और स्थानीय संस्कृति का उत्सव है। वीरेंद्र कंवर द्वारा इस महाकुंभ का शुभारंभ करना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यह आयोजन युवाओं को उनके लक्ष्य तक पहुंचने की प्रेरणा देगा और हिमाचल प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, मदन राणा, राजेंद्र ठाकुर रिंकू, सुनील शारदा, मन्नू बांका, मदन गोपाल के साथ बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

### 82 प्रतियोगताओं में टीमें ले रही भाग

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि संसद खेल महाकुंभ में विभिन्न प्रतियोगताओं में 82 टीमें भाग ले रही हैं और उपमंडल स्तर पर विजेता ओर उपविजेता टीमों को बड़े स्तर के इनाम साथ में विशेष खिलाड़ी एवं मेन ऑफ द मैच के साथ खिलाड़ियों को टीशर्ट वितरित की जा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक अनुराधा राणा 12 से स्पीति प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** जिला लाहौल एवं स्पीति की विधायक अनुराधा राणा 12 से 14 जनवरी तक स्पीति प्रवास पर रहेंगी। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। इस दौरान विधायक 12 जनवरी को दोपहर 12 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोसर का निरीक्षण करेंगी और उसके उपरांत लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह लोसर में जनसमस्याएं भी सुनेंगी। 13 जनवरी को काजा में अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति के बैठक कक्ष में प्रातः 11 बजे परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगी और उसके पश्चात दोपहर बाद लोक निर्माण विभाग के पुराने विश्राम गृह काजा में लोगों की समस्याएं भी सुनेंगी तथा 14 जनवरी को प्रातः 11 बजे काजा के आइस रिंग में आयोजित होने वाले चार दिवसीय आइस हॉकी कप प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि होंगी।

### स्वास्थ्य शिविर में जांचा लोगों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान पतलीकूहल।** हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट 2 ने खखनाल गांव में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य गांववासियों को उनके घर-द्वार पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में सामान्य ओपीडी के साथ-साथ ईएनटी और गायनी से संबंधित सेवाएं भी प्रदान की गईं। शिविर में पहुंचे गांववासियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। जिसमें 80 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया और 200 से अधिक लैब टेस्ट किए गए। हंस फाउंडेशन ने इस शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने और लोगों को मुफ्त और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखा है।

### तांदी पहुंचे यूथ एनलाइटनमेंट सोसायटी के सदस्य



**अनंत ज्ञान बंजार।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार के तांदी गांव में यूथ एनलाइटनमेंट सोसायटी के सदस्यों ने दौरा किया और आगजनी से प्रभावित लोगों से भी मुलाकात की गई। इस दौरान सोसायटी के सदस्यों ने आगजनी से पीड़ित लोगों को राशन, कंबल, बर्तन सहित अन्य जरूरी वस्तुएं उपलब्ध करवाई गईं। सोसायटी के अध्यक्ष तेजेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, महासचिव कुंज खन्ना, संयुक्त सचिव हिमांश मेहरा, जिला समन्वयक शैव्या चौहान, राहुल शर्मा, रूप सिंह, योगी वर्मा उपस्थित थे। तेजेंद्र ने बताया कि आगजनी की घटना के बाद यहां सैकड़ों लोग खुले टेंट में रह रहे थे। ऐसे में उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सोसायटी ने ग्रामीणों से मुलाकात की और उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध करवाई। उन्होंने बताया कि आगामी समय में अग्निकांड से प्रभावित लोगों को अधिक राहत दी जाएगी।

### एचएएस अधिकारी बने अंकुश को दी बधाई



**अनंत ज्ञान, मनाली।** एचएएस अधिकारी बने जिला कुल्लू के आनी निवासी अंकुश कुमार का मनाली में स्वागत किया गया। मनाली के विभिन्न संगठनों द्वारा अंकुश को मनाली में सम्मान देकर अपनी खुशी जाहिर की। एनजीओ लाइफ लाइन, नगर परिषद मनाली, व्यापार मंडल मनाली, होटल एसोसिएशन मनाली आदि ने अंकुश को हिमाचल प्रदेश में कुल्लू का नाम रोशन करने पर बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस नेता गौतम ठाकुर, नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज कुमार लारजे, उपाध्यक्ष संजीव ठाकुर, कुवेर अवस्थी, होटल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर, टैक्सी यूनियन के प्रधान पूर्ण चंद ठाकुर ने अंकुश व उनके पिता अशोक कुमार को मनाली में सम्मानित किया।

### पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर संघ ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, आनी।** पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर संघ की निरमंड इकाई की बैठक निरमंड के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस परिसर में संघ के प्रधान गुरदयाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सेवानिवृत पुलिस पेंशनर्स ने पिछले दो वर्षों से डीए, एरियर, पुलिस कैंटीन का लाभ और मेडिकल बिलों की रीइंबर्समेंट का पैसा नहीं मिलने पर चिंता जताई। इसके अलावा कई अन्य मांगों और समस्याओं पर भी गहन चर्चा की गई। सभी पुलिस पेंशनर्स ने सरकार से बकाया राशि जल्द जारी करने की मांग की है। पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर संघ ने संघ के सदस्य हरि सिंह को कुर्पन खड्ड में आई बाढ़ से हुए नुकसान की सहायता स्वरूप संघ की ओर से पांच हजार रुपए की राशि भी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपप्रधान लच्छी राम, ईश्वर सिंह, जिया लाल, कश्मीर राम, भूप सिंह, सुरज मनी, सुंदर सिंह, हरी सिंह, लक्ष्मण दास, मदन लाल, मस्त राम और सुरत राम आदि मौजूद रहे।

# सिस्सू में माइनस डिग्री तापमान में बच्चे आइस स्केटिंग कर बहा रहे पसीना

## खेलो इंडिया आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी सिस्सू में ले रहे प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

23 से 27 जनवरी तक लेह में आयोजित होने वाली खेलो इंडिया आईस स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी माइनस डिग्री तापमान में सिस्सू में पसीना बहा रहे हैं। हिमाचल व हरियाणा के बच्चे सिस्सू में आइस स्केटिंग के गुर सीख रहे हैं ताकि वह खेलो इंडिया आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकें। हिमाचल की ओर से टीम में 22 खिलाड़ी हैं जो बर्फ से जमी सिस्सू झील में आयोजित की जा रही चार दिवसीय आइस स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर में कड़ा अभ्यास कर रहे हैं।



यह सभी खिलाड़ी लेह में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। इस प्रतिभगियों सहित चार दिवसीय आईस स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर में 80 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह शिविर जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति और हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन मनाली के संयुक्त तत्वावधान में चल रहा है। शिविर के दूसरे दिन सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षकों से गुर सीखे। हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 14 जनवरी तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभगियों ने दिनभर गुर सीखे ओर लेह के लिए चयनित खिलाड़ियों ने कड़ा अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को निखारने के बेहतर प्रयास जारी है।

> **जिला** में शीतकालीन खेलों स्केटिंग, स्की व आइस हॉकी की अपार संभावनाएं हैं और जिला प्रशासन इस ओर निरंतर प्रयास कर रहा है कि जिला के विभिन्न स्थानों पर शीतकालीन खेलों का आयोजन किया जाए। जिला में दूसरी बार आयोजित आइस स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर में जिला व हिमाचल प्रदेश तथा हरियाणा के बच्चों को आइस स्केटिंग सीखने व पार्टिसिपेट करने का एक बेहतरीन अवसर प्राप्त हुआ है। इस प्रकार के आयोजनों से घाटी के बच्चों को अपना हुनर दिखाने व निखारने व सीखने का अवसर भी प्राप्त होता है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि भविष्य में राष्ट्रीय स्तर का आइस स्केटिंग या आइस हॉकी का इवेंट जिला में आयोजित किया जाए ताकि बच्चों को एक अच्छा मंच मिल सके।
>
> **-राहुल कुमार, उपायुक्त लाहौल-स्पीति**

# अटल टनल सहित चोटियों में फिर गिरे बर्फ के फाहे

**कमलेश वर्मा, केलांग/मनाली**



सोलंगनाला में बर्फ के बीच अठखेलियां करते पर्यटक।

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में शनिवार सुबह से मौसम का मिजाज बिगड़ गया है और सभी दर्रों सहित ऊंची चोटियों में भी बर्फ के फाहे गिरे हैं। वहीं, कुल्लू जिले के सभी निचले क्षेत्रों और मनाली सहित लाहौल घाटी में सुबह से शाम तक आसमान में बादल छाए रहे, जिससे बर्फबारी की उम्मीद बढ़ी है।

घाटी में सुबह मौसम ने करवट बदली और चोटियों में बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया। रोहतांग दर्रा सहित कोकसर व अटल टनल के दोनों पोर्टल के आसपास बर्फ के फाहे गिरे, जिससे लाहौल व कुल्लू जिला में कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। उधर, वीकेंड पर कुल्लू-मनाली घूमने आए हुए पर्यटकों ने बदले हुए मौसम का आनंद लिया। वहीं, मौसम के हालात को देखते हुए शनिवार को सामान्य वाहनों के लिए अटल टनल बंद रही। फोर बाई फोर वाहनों को ही सोलंग नाला से आगे जाने की अनुमति रही। सामान्य वाहनों को सोलंग नाला तक ही जाने दिया जिससे सोलंगनाला से वाहनों की पलचान तक दो किमी लंबी लाइन लग गई। इस बीच पर्यटकों को ट्रैफिक जाम की समस्या से भी दो चार होना पड़ा। सोलंगनाला की ढलानों सहित लाहुल के सिस्सू में पर्यटकों ने साहसिक खेलों का आनंद लिया।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि शनिवार को अटल-टनल फोर बाई फोर पर्यटक वाहनों के लिए बहाल रही, जबकि सामान्य वाहनों के लिए टनल बंद रही। सोलंग नाला में पर्यटक वाहनों की आमद बढ़ने से कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम भी लगा लेकिन पुलिस जवानों ने जल्द ही ट्रैफिक सुचारु कर दी। (अनंत ज्ञान)

# अपनी ही कमाई को तरस रहे ठेकेदार

**अनंत ज्ञान, आनी**

> **दो महीने से ट्रेजरी बंद होने पर आईटी संयोजक आशीष शर्मा ने घेरी सरकार**

पिछले दो महीने से ट्रेजरी बंद होना सुक्खू सरकार की विफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है और बताता है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की क्या दुर्दशा वर्तमान सरकार ने करके रख दी है। भाजपा मंडी संसदीय क्षेत्र के आईटी विभाग संयोजक आशीष शर्मा ने प्रदेश के लगातार बिगड़ रहे आर्थिक हालातों पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि आनी विधानसभा क्षेत्र के हजारों ठेकेदार जो लोक निर्माण और अन्य विभागों में छोटे-छोटे काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, आज अपनी ही कमाई को तरस रहे हैं। पिछले लगभग दो महीनों से ट्रेजरी से किसी का भी भुगतान नहीं हो पा रहा है और बैंकों से कर्ज लेकर कार्य कर रहे लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार अनेक आर्थिक और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसका एकमात्र कारण प्रदेश की सुक्खू सरकार और उसका उदासीन रवैया है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ तो राज्य सरकार एक के बाद एक टैक्स लगाकर जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है तो दूसरी तरफ जनता को मिलने वाली सुविधाओं पर कैंची चलाकर हर वर्ग के साथ छल और ठगी कर रही है। जनता इन जन विरोधी सरकार के निर्णयों से आहत और ठगा हुआ महसूस कर रही है। इसका जवाब प्रदेश की जनता आने वाले दिनों में अवश्य देगी।

# 2 वर्ष से सरकार की अनदेखी का दंश झेल रहा बंजार विधानसभा क्षेत्र : सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान बंजार**



बंजार विकास खंड के अंतर्गत थाटीबीड़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का बीते एक वर्ष से उद्घाटन न होने को लेकर स्थानीय जनता में भारी रोष है।

सरकार की ओर से इस भवन के उद्घाटन में की जा रही देरी को लेकर शनिवार को बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा नवनिर्मित पीएचसी भवन के समक्ष स्थानीय जनता के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। साथ ही इस भवन का सांकेतिक उद्घाटन भी विधायक द्वारा किया गया। इस तरह का यह उद्घाटन कर स्थानीय विधायक ने सरकार के इस व्यवस्था परिवर्तन पर कड़ा प्रहार किया है।

इस अवसर पर विधायक ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि थाटीबीड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन को बनकर एक वर्ष से भी अधिक का समय हो चुका है, परंतु फिर भी सरकार इस भवन का उद्घाटन करने को तैयार नहीं है। बंजार बस अड्डे के साथ तैयार हो चुकी पार्किंग का भी यह सरकार उद्घाटन नहीं कर पा रही है।

सरकार के नुमाइंदे इन उद्घाटनों के लिए मुख्यमंत्री व मंत्रियों की राह देख रहे हैं और मुख्यमंत्री दो वर्षों से बंजार के लिए समय ही नहीं दे पा रहे हैं। वर्तमान मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का पता इसी बात से लग जाता है कि बंजार घाटी के अंतर्गत इतना भीषण अग्निकांड होने के बावजूद अभी तक वह बंजार के लिए समय नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता की मांग व समस्याओं को देखते हुए इन नवनिर्मित भवनों का सांकेतिक उद्घाटन कर सरकार का इस ओर ध्यान खींचने का प्रयास किया गया है।

# गोमाता की हो रही अनदेखी से देवी-देवता खफा

**अनंत ज्ञान, मनाली**

- जगतसुख में माता संध्या गायत्री के दरबार में हुआ देव समागम
- देवताओं ने चेताया, गोरक्षा करो अन्यथा भुगतने होंगे परिणाम



गोमाता की हो रही अनदेखी से देवी देवता खफा हो गए हैं। देवताओं ने घाटी के लोगों को चेताया कि गौ रक्षा नहीं कि तो परिणाम भुगतने को तैयार रहें। आज जगतसुख गांव में आयोजित देव समागम में ग्रामीणों ने देवी देवताओं से बारिश व बर्फबारी को लेकर फरियाद की।

गायत्री माता ने अपने प्रतिनिधि मोहन लाल के माध्यम से जानकारी दी की गोमाता की रक्षा करो अन्यथा महामारी या प्रलय का सामना करने के लिए तैयार रहें। शीर्घन नाग के प्रतिनिधि जालफू राम शर्मा ने कहा कि गोमाता की रक्षा को लेकर लोग गंभीरता दिखाएं अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहें। उन्होंने कहा कि पांच दिन के अंदर बारिश और बर्फ हो जाएगी। देवी देवताओं के सभी प्रतिनिधियों ने मनाली घाटी के लोगों से गौ रक्षा को गंभीरता से लेने की बात कही।

# सैंज घाटी में मकान-गोशाला जलकर राख

**अनंत ज्ञान सैंज**



> **गैस सिलेंडर फटने से 2 लोग घायल**

कुल्लू जिला की सैंज घाटी की दुर्गम पंचायत शैंशर के खईण गांव में एक अढ़ाई मंजिला मकान आग की भेंट चढ़ गया है। इस दौरान घर में रखा राशन, कपड़े व अन्य सभी सामग्री जलकर नष्ट हो गई है। वहीं, गैस सिलेंडर फटने से 2 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इसके अलावा घर के साथ लगती एक गोशाला भी आग की चपेट में आ गई है। इस घटना में प्रभावितों को लाखों रुपए का नुक्सान हुआ है।

जानकारी के अनुसार प्रताप सिंह व अनिरुद्ध पुत्र रामसरण के मकान में सुबह करीब 4 बजे अचानक आग लग गई। जैसे ही गांव में इस घटना का पता चला तो लोग तुरंत मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए तथा अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी। लोग जब राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए थे तो अचानक घर में रखे गैस सिलैंडर ने आग पकड़ ली, जिसके बाद जोर का धमाका हुआ। इस दौरान 2 लोग वेद प्रकाश पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गाव खईण व कर्मसिंह पुत्र ओम प्रकाश निवासी गांव मनाहरा घायल हो गए। वहीं मकान के साथ लगती एक गऊशाला जोकि डोभा सिंह, रमेश सिंह और दीप सिंह पुत्र डाबे राम की थी, आग की भेंट चढ़ गई।

प्रारंभिक जांच में इस घटना में घर जलने से करीब 20 लाख रुपए का नुक्सान हुआ बताया गया है, जबकि गोशाला जलने से 5 लाख रुपए का नुक्सान हुआ है। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। प्रभावितों को राहत सामग्री व अन्य सहायता उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नायब तहसीलदार हीरा लाल नलवा ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेज दी है। नुक्सान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रभावितों को फौरी राहत प्रदान की जाएगी।

# डिप्टी सीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शनिवार को एकदिवसीय कुल्लू दौरे पर पहुंचे। इस मौके पर मौहल में प्रोफेसर शशिकांत शर्मा के घर पहुंचकर उनके पिता के देहांत पर शोक व्यक्त किया और परिवार को ढांढस बंधाया।

उसके बाद उन्होंने मौहल विश्राम गृह में लोगों से उनकी समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लोगों द्वारा रखी गई मांग को लेकर कहा कि भाषा विभाग में रिक्त पदों का मामला उनके संज्ञान में है तथा शीघ्र ही इनको भरा जाएगा। इस बार का उनका दौरा जल्दी में तय हुआ तथा यहां पर वह अपने सहयोगी रहे प्रोफेसर शशिकांत के पिता के देहांत पर शोक व्यक्त करने के लिए आए थे। उन्होंने कहा कि यहां पर विकास कार्यों की समीक्षा के लिए वह फिर से एक दौरा बनाएंगे। इस अवसर पर उपायुक्त तोरुल रवीश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिराज कप क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी।** उपमंडल मुख्यालय आनी के मेला मैदान में करीब एक माह तक चलने वाले क्रिकेट के महाकुंभ सिराज कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हो गया है। अब अगले एक माह तक आनी के मेला मैदान में 3 लाख के पहले इनाम के लिए 128 टीमें भिड़ेंगी। शुभारंभ अवसर पर एसडीएम आनी नरेश वर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। मुख्यातिथि नरेश वर्मा ने मौजूद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बेहतर खेल खेलने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेलों का हमारे जीवन मे बेहद महत्व है। उन्होंने टूर्नामेंट के आयोजक स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब को इस बेहतरीन पहल के लिए बधाई दी। टूर्नामेंट के शुभारंभ पर पहला मैच लीडिंग चैलेंजर्स लगौटी और रघुपुर स्ट्राइकर्स बीच खेला गया जिसे रघुपुर स्ट्राइकर्स की टीम जीता।

# डॉ. अशोक गुप्ता जटिल ईएनटी विकार से पीड़ित मरीजों को दे रहे नया जीवन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**





फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के डायरेक्टर ईएनटी और हेड एंड नेक सर्जरी डॉ. अशोक गुप्ता नेतृत्व में ईएनटी विभाग अब तक 1000 से ज्यादा कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी की है। यह बात शनिवार को कुल्लू जिला मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक गुप्ता ने कही।

उन्होंने बताया कि फोर्टिस अस्पताल मोहाली के ईएनटी विभाग ने दुनिया के सबसे उन्नत चौथी पीढ़ी के रोबोट-दा विंची एक्सआई के माध्यम से जटिल कान, नाक और गले (ईएनटी) विकारों से पीड़ित कई रोगियों का इलाज किया है। उन्होंने बताया कि कान, स्ट्रेप थ्रोट, साइनसाइटिस और स्लीप एपनिया के जटिल संक्रमणों में रोबोट-सहायक सर्जरी को स्वर्ण मानक उपचार माना जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में अपनी तरह का एक अनोखा 'बहरापन-मुक्त भारत' अभियान शुरू किया है। इसे देश के कोने-कोने तक ले जाने का लक्ष्य है। अभियान के तहत, बहरेपन और सुनने की हानि के संबंध में जागरूक करने के लिए हिमाचल प्रदेश में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि जटिल ईएनटी विकारों वाले कई रोगियों का भी इलाज किया है। उन्हें संक्रमण से पूरी तरह ठीक किया है। बताया कि ऐसे ही एक मामले में एक 6 वर्षीय लड़की द्विपक्षीय बहरापन (जन्मजात श्रवण हानि जो दोनों कानों को प्रभावित करती है), टिनिटस (कानों में बजना) से पीड़ित थी और उसके कान से स्त्राव हो रहा था। उसकी सर्जरी की गई, सर्जरी के दो दिन बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और वह बेहतर ढंग से सुन और आवाज समझ पा रही हैं। डॉ. गुप्ता ने कहा कि कॉक्लियर इम्प्लांटेशन उन लोगों के लिए एक वरदान है जिन्हें सुनने में कठिनाई होती है।

**असर** | समाचार प्रकाशित होने पर विभाग ने की कार्रवाई, ब्लीचिंग पाउडर डाला

# छौंटीनाला-माथवी पेयजल योजना के टैंक की हुई सफाई

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

मुहान पंचायत के चार गांवों के ग्रामीण अब मटमैला पानी नहीं पियेंगे। समाचार प्रकाशित होने के बाद जलशक्ति विभाग हरकत में आया है। विभाग के कर्मचारियों ने सिंचाई योजना के सिल्ट से भरे इंटेक टैंक को साफ कर दिया है। साथ इसमें ब्लीचिंग पाउडर भी डाला है।

जलशक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता कृष्ण ने बताया कि सिंचाई योजना के इंटेक टैंक में सिल्ट भरी थी, जिसे साफ करवा दिया गया। उन्होंने कहा कि पेयजल योजना के पानी का हर सप्ताह सैंपल भरा जाता है, जिसमें कभी कोई दिक्कत नहीं आई, बल्कि इंटेक टैंक में सिल्ट भरने के कारण बारिश के दौरान कभी कभार पानी मटमैला हो जाता होगा। उन्होंने बताया कि योजना दो वर्षों पहले आपदा के दौरान बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन लोगों को पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गयी थी।



पांच साल से मटमैला पानी पीने को मजबूर मुहान पंचायत के चार गांव

जितेंद्र गुप्ता, आनी

- ग्रामीणों में जलशक्ति विभाग के प्रति पनप रहा रोष

मुहान पंचायत के चार गांवों के ग्रामीण बीते करीब 5 वर्षों से ...ने को मजबूर हैं। ...के लिए इन गांवों ...लाई करने वाली छौंटीनाला-माथवी पेयजल योजना की खस्ताहालत को सुधारने में

ग्राम पंचायत मुहान के प्रधान संतोष ने भी ग्रामीणों का समर्थन करते हुए इस योजना की खस्ताहालत पर चिंता जताते हुए इसे समय रहते दुरुस्त करने और उनकी

अनंत ज्ञान में प्रकाशित समाचार की फोटो।

उन्होंने बताया कि योजना की बह गई जीआई पाइप लाइन के लिए पाइपें मंगवाई है, लेकिन जलशक्ति विभाग द्वारा रबड़ की पाइपें लगाकर पेयजल आपूर्ति सुचारु रखी है, ताकि लोगों को परेशानी न हो। कनिष्ठ अभियंता कृष्ण का कहना है कि जलशक्ति विभाग जनता की सुविधा के लिए हमेशा तत्पर है।

आपको बता दें कि मुहान पंचायत के गांव माथवी, मदूट, बढनेरला और कोलूधार के ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें मटमैला पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि योजना का इंटेक टैंक काम नहीं कर रहा, जबकि दो साल पहले 10 पाइपें बह जाने के बाद उन्हें रबर की पाइप से पानी दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग से इस पाइप लाइन को जल्द सुधारने की मांग की थी।

> **लोगों** को पाइप लाइन बह जाने के बावजूद रबर पाइप जोड़कर पेयजल की समस्या जलशक्ति विभाग ने आने नहीं दी है। जबकि इंटेक टैंक में सिल्ट भर गई थी जिसे हटाकर साफ कर दिया है।
>
> **-किशोर कुमार, अधिशासी अभियंता, जलशक्ति मंडल आनी**

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूली छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर




**अनंत ज्ञान, नाहन।** बाल विकास परियोजना अधिकारी ने शनिवार को बताया कि महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत बाल विकास परियोजना नाहन द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किशोरियों के लिए तीन दिवसीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाल कालाआंब में किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 11वीं व 12वीं कक्षा की 48 छात्राओं ने भाग लिया। पुलिस विभाग की मुख्य आरक्षी कीर्ति ने बतौर प्रशिक्षक प्रतिभागियों को आत्म रक्षा हेतु विभिन्न प्रकार की तकनीक की जानकारी दी तथा लड़कियों की सुरक्षा संबंधी विभिन्न कानूनी जानकारी भी प्रदान की। इस शिविर में लड़कियों ने आत्म रक्षा गुर सीखे और उसका अभ्यास किया। इस अवसर पर वृत पर्यवेक्षक त्रिलोकपुर सुनीता शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के समापन अवसर पर प्राचार्य चमन सिंह, कुमारी नंदनी, सोनिया, शिवानी, तानिया महक, लक्ष्मी, अंबिका आईशा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सीमा की 'झुलदा रहेया झंडेया' एल्बम रिलीज



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** गीत संगीत की दुनिया में अपना लोहा मनवा चुकी अर्की उपमंडल के दाड़लाघाट के गांव कोठी (दाड़लामोड़) की सीमा शुक्ला की नई एल्बम 'झुलदा रहेया झंडेया' शनिवार को रिलीज हो गई है। सीमा की यह एल्बम दाड़लामोड के समीप अप्सरा होटल में उपप्रधान सन्याडी मोड भीम शर्मा व स्थानीय लोगों की मौजूदगी में रिलीज हुई। सीमा ने बताया कि एल्बम में सुंदर भजन को प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि भजन के माध्यम से अर्की क्षेत्र के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थानों को दर्शाने का प्रयास किया गया है, ताकि यहां की सांस्कृतिक विरासत से सब रू-ब-रू हो सके। एल्बम को संगीतबद्ध किया है टीकम भारद्वाज ने, जबकि वीडियो का सुंदर चित्रण किया है पाल क्रिएशन ने। वीडियो को डायरेक्ट किया है पंकज ने, जबकि ओडियो मिक्सिंग की भूमिका पिरमजीत पम्मी ने नभाई है। इस वीडियो एल्बम को कोठी गांव के जालपा मंदिर व बाड़ीधार में शूट किया गया है। वीडियो एल्बम में स्थानीय बेटियों ने डांस के साथ अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उनका एक पंजाबी सांग भी रिलीज होने वाला है।

### पारनू के सरडमरास गांव में भालू का आतंक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** उपतहसील दाड़लाघाट की ग्राम पंचायत पारनू के गांव सरडमरास में भालू का आतंक एक महीने से जारी है, जिससे स्थानीय महिलाएं डरी हुई हैं। रोजाना किसी न किसी महिला को भालू मिलता है और वे डराता भी है। इससे महिलाएं पशुओं को चारा लाने और लकड़ियां इकट्ठा करने में डर महसूस कर रही हैं और अकेले जंगल में जाने से कतरा रही हैं। इस समस्या के कारण गांव की महिलाएं अपने दैनिक कार्यों में भी परेशानी का सामना कर रही हैं। वे अपने पशुओं



को चारा लाने और लकड़ियां इकट्ठा करने के लिए जंगल में जाने से डरती हैं। इससे उनके दैनिक जीवन में भी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों में अनुपमा,कौशलया देवी, ममता देवी, हेमराज, गीता देवी, परसरास, ध्रुव, रीना, राम कला आदि ने गांव सरडमरास में भालू के आतंक से सुरक्षा प्रदान करने और भविष्य में होने वाले नुकसान को रोकने के लिए मांग उठाई है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे इस समस्या का समाधान करें और गांव की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस बारे वन परिक्षेत्र अधिकारी दाड़लाघाट सुदर्शन का कहना है कि सरडमरास गांव में भालू के दहशत की सूचना मिली है। स्थिति का जायजा लेने के लिए वन विभाग की टीम मौके पर जाएगी। उन्होंने बताया कि भालू अगर गांव की ओर रुख कर ले तो ग्रामीणों को जोर-जोर से शोर मचाना चाहिए, पटाखे फोड़कर या फिर ऊंची ध्वनि के जरिये भालू को भगाया जा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से रात को घर से बाहर न निकलने और सावधानी बरतने की अपील की है।

# सलोगड़ा डंपिंग साइट से निकले आरडीएफ को उठाने के लिए कंपनी ने मांगी मोहलत

## कूड़े से अलग किया 8400 टन आरडीएफ भेजा जाएगा सीमेंट प्लांट्स

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश पर सलोगड़ा डंपिंग साइट में कूड़े की प्रोसेसिंग से निकले करीब 8400 टन आरडीएफ को उठाने के कार्य में लगी कंपनी ने निगम से 10 दिन का समय मांगा है। इसके बाद यहां से रोज 4 से 5 गाड़ियों से आरडीएफ उठाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

सनटन कंपनी के कॉन्ट्रैक्टर ने नगर निगम मेयर उषा शर्मा, डिप्टी मेयर मीरा आंनद सहित अधिकारियों को डंपिंग साइट का विजिट करवाकर वस्तुस्थिति से भी अवगत करवाया। कॉन्ट्रैक्टर का तर्क है कि आरडीएफ को नियमानुसार सीमेंट कंपनियों को भेजा जाता है। कंपनी अभी तक आरडीएफ को गाजियाबाद, पानीपत और चितौड़गढ़ की सीमेंट कंपनी को भेजती आई है, पर अभी प्रोडक्शन बंद होने से आरडीएफ को नहीं उठाया गया, अब 20 जनवरी के बाद इससे उठाने का कार्य शुरू किया जाएगा। आरडीएफ को ठिकाने लगाने के लिए इसका प्रयोग सीमेंट प्लांट में फ्यूल के तौर पर किया जाता है। (अनंत ज्ञान)



सलोगड़ा डंपिंग साइट पहुंची मेयर व अन्य।

### अंतिम चरण में पहुंचा कार्य

**नेशनल** ग्रीन ट्रिब्यूनल के दिशा निर्देश पर नेशनल हाईवे-5 स्थित सलोगड़ा में तीन दशक से डंप सोलन शहर के पुराने कूड़े (लिगेसी वेट) की प्रोसेसिंग का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। अभी तक करीब 70 हजार पुराना कूड़ा निकाला जा चुका है। 3 से 4 हजार टन पुराना कूड़ा यहां निकलने का बाकी है, जिसका कार्य चल रहा है। कूड़े को प्रोसेस कर निगम ने रिफ्यूज्ड डेराइविड फ्यूल (आरडीएफ) निकाला है। कंपनी शहर से रोज निकल रहे 24 से 25 टन कूड़े को प्रोसेस कर ट्रकों में भरकर ठिकाने लगा रही है। सलोगड़ा में यह कूड़े का पहाड बन गया था जिससे यहां गंदगी व बदबू फैलने साथ पर्यावरण और प्राकृतिक जलस्त्रोत भी दूषित हो रहे थे। बदबू फैलने से हाईवे से गुजरते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने संज्ञान लिया और डंपिंग साइट से पूरा कूड़ा उठाने के निर्देश निगम को दिए हैं। यह कार्य पूरा होते ही इसकी स्टेटस रिपोर्ट एनजीटी को सौंपी जाएगी। पुराना कूड़ा उठने से स्थानीय लोगों को भी प्रदूषण से निजात मिलेगी।

> सलोगड़ा स्थित डंपिंग साइट में मौजूद आरडीएफ को उठाने के लिए कंपनी ने कुछ दिनों की मोहलत मांगी है। 20 जनवरी से आरडीएफ को उठाने का कार्य शुरू हो जाएगा। मौके की स्थिति का निरीक्षण किया गया है। डंपिंग साईट में रेटेनिंग वॉल लगाकर यहां पौध रोपण कर स्वच्छ व सुंदर बनाया जाएगा।
>
> **उषा शर्मा, मेयर, सोलन नगर निगम**

### कैसे बनाया जाता है आरडीएफ

**डंपिंग** साइट पर पड़े कूड़े को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर या काटकर और हाइड्रेट कर आरडीएफ में बदला जाता है। इसका इस्तेमाल कई उद्योग में फासिल फ्यूल के विकल्प के तौर पर किया जाता है। कई लिगेसी वेस्ट सीमेंट उद्योग भी आरडीएफ का प्रयोग करते हैं। कंपनी का दावा है कि बचे हुए लिगेसी वेस्ट को जल्दी उठा लिया जाएगा। इसके बाद क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य होगा। साथ ही स्थानीय लोगों को भी बरसो से फैली गंदगी निजात मिलेगी। सलोगड़ा डंपिंग साइड में पिछले करीब पांच दशक से सोलन शहर का हजारों टन पुराना कूड़ा डंप हुआ है। डंपिंग साइट का एक हिस्से में भूस्खलन से हो गया था। जिससे कूड़ा उठाने में दिक्कत आई। अब इस जगह पर रेटेनिंग वॉल लगाकर पार्क के रूप में विकसित करने की योजना है।

# मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी पानीपत में गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



मोटरसाइकिल चोरी मामले में गिरफ्तार आरोपी।

पुलिस ने सोलन के बेर गांव से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक व्यक्ति को पानीपत से गिरफ्तार किया है।

एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक चमन निवासी गांव शगली कलां जिला सोलन ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 23 दिसंबर 2024 की रात इसका मोटरसाइकिल नं. एचपी-98-0883 जिसे इसके साथ काम करने वाले व्यक्ति ने बेर गांव चंबाघाट में अपने किराये के कमरा के बाहर खड़े किया था, को कोई नामालूम शख्स चोरी करके ले गया, जिसकी तलाश इसने अपने तौर पर भी की परंतु कही पर भी पता न चला। जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में चोरी की धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान चोरी हुए मोटरसाइकिल की तलाश सोलन शहर व अन्य स्थानों पर की गई तथा सोलन शहर व राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करके उसका विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान करके 9 जनवरी 2025 को पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा आरोपी अमनदीप (27) पुत्र गुरपाल सिंह निवासी सिथाना जिला पानीपत हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भंज दिया, जिससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है।

# 300 युवाओं और 100 दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति को दी त्रिशूल दीक्षा

**अनंत ज्ञान, परवाणू**



परमाणु में त्रिशूल दीक्षा समारोह में पहुंचे सदस्य।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग ने जिला सोलन के परमाणु में त्रिशूल दीक्षा समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय मंत्री इंद्रप्रस्थ क्षेत्र से लेखराज राणा, जबकि विशेष अतिथि के रूप में तुषार डोगरा ने शिरकत की।

इस मौके पर साध्वी डॉ. अमृता, सतगुरु बाल योगी जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी विश्वामित्रानंद गिरी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि ने सैकड़ों युवाओं को त्रिशूल दीक्षा देकर शपथ दिलवाई गई। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सहजल, जिला भाजपा अध्यक्ष रतन पाल सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मपुर मदन मोहन मेहता, प्रधान नरेंद्र, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष मनोज ठाकुर व अन्य विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल एवं सोलन के चारों प्रखंडों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला रोजगार कार्यालय में 40 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 14 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला रोजगार कार्यालय सोलन में मैसर्ज नैना सिस्टम प्राइवेट लिमिटिड परवाणू में 40 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 14 जनवरी, 2025 को आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता आईटीआई से मैकेनिकल, फिटर डिप्लोमा व आयु 22 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इन पदों की विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस से प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभाग के पोर्टल पर कैंडिडेट लॉग इन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते है। आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार अपने प्रमाण-पत्र व दस्तावेजों सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में 14 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे पहुंच जाएं। अधिक जानकारी के लिए आवेदक कार्यालय के दूरभाष नंबर 01792-227242 तथा मोबाइल नंबर 78768-26291 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कार्य पूरा होने के बावजूद ठेकेदारों को पैसे नहीं दे रही सुक्खू सरकार : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**



**पंजीकृत ठेकेदारों को करना पड़ रहा कठिनाइयों का सामना**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि सरकारी ठेकेदारों को काम करके भी पिछले एक साल से पैसे नहीं मिल रहे हैं, जिसकी वजह से लोक निर्माण विभाग एवं जल शक्ति विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

रावत ने बताया कि जिन लोगों ने अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए ठेकेदारों के पास काम किया है, उनको भी पैसे नहीं मिल रहे हैं, जबकि गिरीपार क्षेत्र में 11 जनवरी से माघी त्योहार होता है और इस मौके पर भी कामगारों को पैसे नहीं मिल रहे हैं। इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है। यदि सरकार के पास पैसे की इतनी ज्यादा कमी है तो मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को भी अपने खर्चे कम करने चाहिए।

रावत ने बताया कि सरकार ने दो साल का कार्यकाल पूर्ण करने पर बिलासपुर में जश्न मनाया, जिसमें सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए हैं, फिर वह पैसे कहां से आए, प्रदेश की जनता सरकार से जानना चाहती है। रावत ने सीएम सुक्खू से आग्रह करते हुए कहा है कि आपको ठेकेदारों के पैसे का भुगतान समय रहते हुए करना चाहिए, ताकि ठेकेदार भी कामगारों के पैसे समय रहते हुए निपटा सके।

# एचएमपीवी वायरस को लेकर सोलन अस्पताल अलर्ट

**अनंत ज्ञान, सोलन**



**घबराने की नहीं सतर्क रहने की जरूरत**

ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के खतरे से निपटने को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। वहीं क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में कोरोना काल में लगाए गए वेंटिलेटर की स्थिति को भी जांच लिया गया है और अस्पताल में दवाओं की खेप पूरी कर दी गई है। एचएमपीवी वायरस को लेकर अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह से सतर्क है, साथ ही लोगों को भी सतर्क रहने का आग्रह किया है।

कोरोना काल के दौरान क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में 10 वेंटिलेटर अस्पताल प्रबंधन ने लगवाए थे। जिन्हें कोरोना के दौरान ही प्रयोग में लाया गया था। इसके बाद से वेंटिलेटर धूल फांक रहे थे। अस्पताल में इन वेंटिलेटरों को कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है। इनको केवल जांच के लिए चलाया जाता है जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाती है। चिकित्सको का मानना है कि एचएमपीवी पिछले वर्षों के मुकाबले इस बार अधिक असर दिखा रहा है। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अधिक प्रभावित करता है। उधर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवाड़ ने बताया कि लोगों को वायरस से घबराना नहीं है। वायरस पहले से ही देश में है। लक्षण आने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

> क्षेत्रीय अस्पताल में सभी वेंटिलेटर वर्किंग में है। इसकी जांच हर माह की जाती है और रिपोर्ट बनाई जाती है। अस्पताल में एचएमपीवी को लेकर अलर्ट मोड पर रखा गया है।
>
> **-डॉ. संदीप जैन, कार्यकारी एमएस सोलन अस्पताल।**

# बिजली दरों में बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**स्टील उद्योग संघ ने सीएम को पत्र लिख कहा, इस्पात उद्योग पड़ जाएगा खतरे में**

हिमाचल प्रदेश स्टील उद्योग संघ ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री सुक्खू से बिजली दरों में वृद्धि पर राहत दिए जाने की मांग की है। इस्पात उद्योग को बनाए रखने के लिए बिजली दरों में वृद्धि पर राहत के अनुरोध को लेकर स्टील उद्योग संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

संघ का कहना है कि हिमाचल प्रदेश में इस्पात उद्योग का दो दशकों से राज्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पिछले 20 वर्षों से हिमाचल में प्रतिबद्धता और गर्व के साथ काम कर रहे हैं और राज्य के विकास में योगदान दे रहे हैं। हमारा उद्योग सामूहिक रूप से एक लाख से अधिक व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करता है। इस्पात उद्योग जीएसटी, एजीटी और अन्य करों के रूप में राज्य के खजाने में सालाना 1,000 करोड़ रुपए से अधिक का योगदान भी करते हैं।

संघ का कहना है कि बिजली दरों में हाल ही में हुई तीव्र वृद्धि ने हमारी इकाइयों को अव्यवहारिक बना दिया है। यह तीव्र वृद्धि हमारे उद्योगों के अस्तित्व को खतरे में डालती है, जिससे हम पर निर्भर हजारों परिवारों की आजीविका खतरे में पड़ जाएगी। संघ ने मुख्यमंत्री से बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की है। संघ ने मुख्यमंत्री से बिजली शुल्क संरचना को संशोधित करके राहत प्रदान करने का आग्रह किया है।

# किसान सम्मान एवं न्याय यात्रा में शामिल होंगे रवि शर्मा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



उत्तर प्रदेश में 18 जनवरी से किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा होने जा रही है। यात्रा की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय करेंगे।

इस यात्रा में हिमाचल प्रदेश के अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के ज्वाइंट को-ऑर्डिनेटर एवं हिमाचल किसान कांग्रेस इकाई के वर्किंग प्रेजिडेंट रवि शर्मा (नोनी) भी शामिल होंगे जो कि जिला सोलन के नालागढ़ के निवासी है। रवि शर्मा हिमाचल एक मात्र युवा नेता है जो इस यात्रा में शामिल होने जा रहे है। किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा को उत्तर प्रदेश में सुनियोजित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न करने के लिए हेतु अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटरों को समन्वयक बनाकर भेजा गया है।

रवि शर्मा का कहना है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा व उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ल की ओर से जो जिम्मेदारी दी गई है उसे सच्ची निष्ठा से निभाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान की केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों व मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। रवि ने कहा कि किसान आंदोलन के समय केंद्र सरकार ने देश के सभी किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा किया था आज उस पर सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों व मजदूरों के हकों की लड़ाई लड़ रही है जिसके लिए किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा पूरे उत्तर प्रदेश में निकाली जाएगी।

उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान प्रत्येक जनपद से 300 किसान न्याय योद्धा बनाएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा के समापन के बाद उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के 22,500 किसान योद्धाओं का सम्मेलन किया जाएगा।

# जल शक्ति विभाग की पैरा वर्कर्स यूनियन ने उठाई वेतन वृद्धि की मांग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**सत्र के दौरान सरकार को घेरने की दी चेतावनी**

जल शक्ति विभाग में तैनात पैरा वर्कर्स ने मांगों को लेकर बजट सत्र के दौरान सरकार को घेरने की चेतावनी दी है। पैरा वर्कर्स का कहना है कि वेतन और पॉलिसी की मांग को लेकर सरकार से कई बार मिले लेकिन सरकार ने उन्हें अनसुना किया। पैरा वर्कर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो बजट सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव किया जाएगा। महेश शर्मा ने कहा कि जल शक्ति विभाग में लगे पैरा वर्कर्स को न के बराबर वेतन दिया जा रहा है जिससे इस महंगाई में परिवार के एक सदस्य का गुजारा तक नहीं हो पा रहा है।

पैरा वर्कर्स को किसी भी प्रकार से कोई भी छुट्टी नहीं दी जाती है। छुट्टी का प्रावधान किया जाए और विभाग द्वारा उन्हें 6 घंटे के लिए रखा था लेकिन उनसे 8 से 10 घंटे ड्यूटी ली जा रही है, जिसे 8 घंटे किया जाए।

उन्होंने बताया कि 2017 से पैरा वर्कर्स की नियुक्ति शुरू की गई थी। तीन श्रेणियों में 7 से 8 हजार पैरा वर्कर्स रखे गए है जिन्हें महज पांच हजार सैलरी दी जा रही है। बावजूद इसके हमे दूरदराज क्षेत्रों में दराज क्षेत्रों में भेजा जा रहा है, जहां इतनी कम सैलरी में गुजारा कर पाना मुश्किल हैं।

उन्होंने कहा कि सोलन और सिरमौर सहित कुछ अन्य जिलों में पैरा वर्कर्स को पिछले तीन से चार महीने की सैलरी नहीं मिली है। उन्होंने मांग की है कि सरकार वेतन को कम से कम 9 से 10 हजार तक बढ़ाए और एक स्थायी पॉलिसी बनाई जाए ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके।

# गौठ स्कूल की टीम ने लोक नृत्य प्रस्तुत कर लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, सोलन**




आंध्र प्रदेश के कुरनूल में आयोजित तीन दिवसीय साउथ एशियन पीस कांफ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर शिमला जिले के सीनियर सेकेंडरी स्कूल गौठ के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर वाहवाही लूटी। हिमाचल के लिए गौरव की बात है कि प्रदेश के युवा आंध्र प्रदेश में अपनी समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन किया।

आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित इंडस इंटरनेशनल स्कूल में देश के 18 राज्यों के युवा सहित नेपाल, अफगानिस्तान, भूटान के 300 से युवा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस मौके पर इंटरनेशनल यूथ कल्चरल फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया, जिसमें पूरे भारत और साउथ एशियन देशों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने प्रोग्राम में चार चांद लगाए। इस अद्भुत महा संगम में शिमला जिले के गौठ स्कूल के छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हिमाचल की नाटी, हारूल, माला नृत्य प्रस्तुत किया। हिमाचल टीम लीडर पहले दिन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए कहा कि साउथ एशियन पीस कॉन्फ्रेंस एकता और भाईचारे को समर्पित कार्यक्रम है। इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों में मैत्री और सद्भावना का विकास होगा, जिससे धरा स्वर्ग बन सकती है। उन्होंने नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के संस्थापक डॉक्टर एसएन सुब्बाराव और उनकी शांति के प्रति नीति और कार्यक्रमों पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हर किसी को शांति की जरूरत है। गांधी जी द्वारा शांति के लिए दिखाए गए मार्ग पर चलकर हम विश्व में शांति स्थापित कर सकते हैं।

**परंपरा** | क्षेत्र की स्मृद्ध संस्कृति का परिचायक है यह माघी त्योहार, हजारों की संख्या में काटे जाते हैं बकरे

# सिरमौर के गिरीपार क्षेत्र का सबसे बड़ा माघी पर्व शुरू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर जिला के गिरीपार क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्र शिलाई, रेणुका व पच्छाद की लगभग 145 पंचायतों पोष महीने के 28 प्रविष्टे से लेकर 30 प्रविष्टे तक एक ऐसा पारंपरिक पर्व मनाया जाता है, जिसका नाम ही त्योहार है। मगर समय परिर्वतन के साथ इस त्योहार का नाम माघी का त्योहार भी पड़ने लगा है, मगर इसका पौराणिक नाम माघी नहीं बल्कि त्योहार ही है।

इस त्योहार को मनाने के लिए कोई तिथि या दिन निश्चित नहीं है अलग-अलग क्षेत्र या इलाके मे इसे अलग-अलग दिन मनाया जाता है। बस पौष महीने के 28 से 30 प्रविष्टे तक यह पर्व मनाया जाता है। यह त्योहार इस क्षेत्र का सबसे बडा त्योहार माना जाता है और शायद सबसे खर्चीला पर्व भी यही है। इस त्योहार को मनाने की परंपरा कब से आरंभ हुई, इस बारे मे कोई लिखित या ठोस प्रमाण नहीं है। मगर लोगों का अलग-अलग मत है। मान्यता है कि प्राचीन काल में लोगों ने यहा राक्षसों से बचने के लिए व उनके नाश के लिए काली माता को खुश करने के लिए बकरा काटने की परंपरा आरंभ हुई। चाहे कुछ भी कहा जाए, मगर इस क्षेत्र के लोग सैकड़ों साल से इस त्योहार को मनाते आ रहे है। हर घर में एक बकरा अवश्य कटता है। एक अनुमान के अनुसार इस पर्व के लिए लगभग 15 से 25 हजार बकरे कटते हैं। सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस क्षेत्र के लोग खाली बकरों की खरीद पर ही करोड़ों रुपए खर्च करते हैं। यह पर्व यहा तीन दिनों तक तक चलता है। जिसे स्थानीय भाषा मे खडियांटी, डिमलांटी, उतरांटी व अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग नामो से पुकारा जाता है।


मकर संक्राति के दिन को छोड़ कर यहां पूरा महीना मांसाहारी दावतों का दौर चलता है। लोग मौज-मस्ती व मेहमानबाजी में अपना समय बिताते हैं। इस त्योहार मे मदिरा सेवन भी खूब होता है। रात्रि के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है, जिसमे नाटी, रासा, हार, हारूल, गीह, करियाला आदि प्रमुख हैं। इतना ही नहीं यहा शाकाहारी मेहमानों का भी पूरा इंतजाम होता है।

अब यहा प्रश्न उठता है कि आखिर यहां इतने बकरे आते हैं। इस त्योहार के लिए हर घर में एक बकरा एक साल तक बड़े शौक से पाला जाता है। अपनी आवश्कता अनुसार कुछ घरों में एक से अधिक बकरे भी पाले जाते है। पंजाब हरियाणा, राज्यस्थान से काफी मात्रा मे बकरे खरीदे जाते है। यहां सबसे मंहगा व सबसे बड़ा बकरा काटना अपनी शानो-शौकत का प्रतीक माना जाता है। गिरीपार क्षेत्र में लगभग 500 के आसपास छोटे-बड़े गांव हैं और हर गांव में हर घर में एक बकरा अवश्य कटता है। यहां कुछ सामाजिक संगठन यहां लोगों को इस त्योहार की हानियों के बारे में लगातार जागरूकता फैलाने मे लगे हैं। जिससे कुछ लोगों ने बकरे काटने बंद कर दिए हैं और लोग सात्विक हो गए हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इस मंहगी परंपरा का कुछ सस्ता विकल्प खोजा जाना चाहिए जिससे कि इस क्षेत्र के गरीब वर्ग को अधिक आर्थिक हानि न उठानी पड़े। इसके अलावा कुछ लोगों का यह भी मानना है कि इस बकरे काटने की परंपरा को पूरी तरह बंद कर देना चाहिए ताकि इन बेजुबान जानवरों को न मारा जाए।

त्योहार का पहला चरण बोश्तो शनिवार से आरंभ हो गया। 11 व 12 जनवरी को प्राचीन परंपरा के अनुसार देवताओं को बकरे समर्पित किए जाएंगे। संस्कृति क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि यह त्यौहार पूरे जौनसार बाबर (उत्तराखंड), शिमला जिले के चौपाल, जुब्बल, कोटखाई, कोटगढ़, जिला सोलन के कुछ क्षेत्रों, जिला किन्नौर तथा मंडी जिले के कुछ क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया जाता है। एक महीना चलने वाला यह हाटियों का सबसे बड़ा सांस्कृतिक उत्सव है।

### बहनों को दिया जाता है हिस्सा

**जानकारी** के अनुसार देवताओं को बकरे समर्पित करने के बाद बहनों के घर हर भाई त्योहार का हिस्सा लेकर जाता है। उसके बाद महीने भर में कभी भी बहनें भाई के घर मेहमान बन कर आती हैं। यह त्योहार हाटी संस्कृति का स्तंभ है। इसके साथ-साथ विवाहिता बेटियों को इस त्योहार में बुलाया जाता है। अगर ये महिलाएं किसी कारण अपने मायके नहीं आ पाती तो उनका हिस्सा उनके घर भेजा जाता है। क्षेत्र के लोगो इस परंपरा को सदियों से निभाते आ रहे है। यह त्योहार इस क्षेत्र की स्मृद्ध संस्कृति का परिचायक है ।




# ड्रग फ्री उत्तराखंड की ओर तेजी से बढ़ रहा है राज्य : सीएम धामी

## मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित सम्मेलन में लिया वर्चुअल भाग

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में वर्चुअल प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में मादक पदार्थों की रोकथाम के संबंध में की गई प्रवर्तन कार्रवाई, विशेष अभियानों और लक्ष्यों की जानकारी दी।




उन्होंने कहा कि 2025 तक ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के अपने संकल्प पर हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं तथा 2047 तक विकसित भारत और नशामुक्त भारत बनाने में सहयोग करने के लिए राज्य में अनेक स्तर पर विविध प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मादक तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों विषय आपस में जुड़े हुए हैं। युवा का नशे की ओर जाना न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा बल्कि सामाजिक विघटन का भी कारण बन सकता है। इसी को देखते हुए राज्य में संस्थागत, प्रवर्तन और जागरूकता तीनों स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

मादक पदार्थों की तस्करी और इसके अवैध व्यापार में लगे हुए पेशेवर अपराधियों पर सक्ति से नकेल कसी जा रही है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के माध्यम से प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। एन.डी.पी.एस. (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकॉट्रॉपिक पदार्थ, अधिनियम) के अंतर्गत नशे में संलग्न अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नशे की जद में आए हुए लोगों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए जनपद में पुनर्वास केंद्रों की स्थापना की गई है। नशे के सौदागरों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान किए गए हैं। नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला मंगल दलों और युवा मंगल दलों को भी साथ लेते हुए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। दुरुस्त क्षेत्रों तक जन-जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। कारागारों और विद्यालयों में काउंसलरों की नियुक्ति की गई है। टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। विगत वर्ष में 2183 जागरूकता रैली, 1050 गोष्ठियां, 75 नुक्कड़ नाटक और 10 मैराथन इत्यादि का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से तीन लाख से अधिक छात्र-छात्राओं और लोगों को सीधे तौर पर जागरूक किया गया। सरकार, विभागों और विभिन्न संस्थाओं के संस्थागत और व्यक्तिगत दोनों तरह के प्रयासों और समन्वय से नशामुक्ति के विरुद्ध वर्तमान समय में भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# 'आप' विधायक की अपनी ही पिस्तौल से गोली लगने से मौत

**एजेंसी, लुधियाना**

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी की गोली लगने से मौत हो गई।

उनके परिवार के सदस्यों और पार्टी के एक शीर्ष पदाधिकारी ने कहा कि उनकी मौत पिस्तौल साफ करने के दौरान गलती से गोली चल जाने के कारण हुई। 'आप' की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने लुधियाना में गोगी के शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और कहा कि वह (गोगी) हर दिन अपनी लाइसेंसी पिस्तौल साफ करते थे। अरोड़ा ने कहा कि वह (गोगी) शुक्रवार रात को भी ऐसा ही कर रहे थे कि गलती से गोली चल गई, जिसके कारण उनकी जान चली गई।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) जसकरण सिंह तेजा ने बताया कि गोली आप विधायक की कनपटी में लगी और उन्हें स्थानीय दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

तेजा ने बताया कि घटना शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे गोगी के घर पर हुई।

# पाकिस्तान में चार उग्रवादी ढेर

**एजेंसी, पेशावर**

पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार को उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया सूचना के आधार पर अभियान के दौरान चार उग्रवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उत्तरी वजीरिस्तान जिले के घारियुम में इस अभियान को अंजाम दिया गया। इस दौरान मारे गए सभी चार उग्रवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चार आतंकवादियों को मार गिराया।

वहीं, एक अन्य घटना में उत्तरी वजीरिस्तान के स्पिनवाम में पानी ले जाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा बलों के एक वाहन को आईईडी से निशाना बनाया गया। इस घटना में एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई।

## न्यूज ब्रीफ

### हिसार में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद हत्या के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

**हिसार (हरियाणा)।** हिसार में पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद उन दो अपराधियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जो एक व्यक्ति की हत्या में कथित रूप से शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान भैणी अमीरपुर निवासी अजय उर्फ अमन और हिसार के पेटवाड़ निवासी राहुल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अजय और राहुल ने कथित तौर पर चार जनवरी को भैणी अमीरपुर गांव के ही निवासी साहिल की हत्या कर दी थी, जिसके बाद आरोपियों की तलाश की जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को गोकुल धाम गेट नंबर एक के पास रोका गया और पुलिस कर्मियों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। आरोपियों ने पुलिस टीम पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी है। एसपी ने बताया कि एक पुलिसकर्मी को गोली लगी, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने के कारण वह बच गया। आरोपियों को इलाज के लिए हांसी सिविल अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि उनके पास से दो पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया गया है।

### आरक्षण नियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सरकार से जवाब तलब

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने आगामी नगर निकाय चुनावों के लिए जारी आरक्षण नियम 2024 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया और सरकार को चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा। इससे पहले, सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि आरक्षण अधिसूचना जारी करते समय राज्य सरकार ने नियमों की अनदेखी की और अधिसूचना जारी होने के बाद उसी शाम चुनाव कार्यक्रम की भी घोषणा कर दी गई। याचिका में कहा गया कि इस कारण याचिकाकर्ताओं को आपत्ति का मौका नहीं मिल पाया।

### आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विस्फोट महादेव घाट इलाके में हुआ, जहां सुबह के समय सीआरपीएफ की 196वीं बटालियन की एक टीम अभियान पर थी। उन्होंने बताया कि गश्त के दौरान सीआरपीए के एक जवान का पैर आईईडी पर पड़ गया, जिससे उसमें विस्फोट हो गया। घायल जवान को बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले शुक्रवार को पड़ोसी जिले नारायणपुर में दो स्थानों पर नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से एक ग्रामीण की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे।

### बीपीएससी ने प्रशांत किशोर को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही है। उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाया था और अभ्यर्थियों के साथ 70वीं प्रीलिम्स परीक्षा को रद्द कराने की मांग उठाई थी। बीपीएससी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाना प्रशांत किशोर को महंगा पड़ गया, इसके लिए उन्हें लीगल नोटिस भेजा गया है। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर कानून पचड़े में फंसे गए हैं। बीपीएससी की ओर से उन्हें लीगल नोटिस भेजा गया है।

### मणिपुर में विस्फोटक सामग्री के साथ एक काबू

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में प्रतिबंधित संगठन 'हमार पीपुल्स कन्वेंशन' (डेमोक्रेटिक) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया और उसके पास से विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि राज्य पुलिस और असम राइफल्स की एक संयुक्त टीम ने बराक नदी के किनारे तुइसोलेन गांव के पास से उसे गिरफ्तार किया। डेमोक्रेटिक सदस्य के पास से बीस विस्फोटक छड़ें, 11 डेटोनेटर, एक मीटर सेफ्टी फ्यूज और साबुन के 44 डिब्बे बरामद किए गए, जिनमें 457 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर थी। प्रतिबंधित संगठन का यह सदस्य (48) फेरजाल जिले के लुंगथुइलियन गांव का रहने वाला है।

### तमिलनाडु में वीसीके को मिला पार्टी का दर्जा

**चेन्नई।** विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) को निर्वाचन आयोग की ओर से राज्यस्तरीय पार्टी के रूप में मान्यता दे दी है। पार्टी प्रमुख थोल थिरुमावलवन ने कहा कि उनकी पार्टी को आधिकारिक तौर पर 'मटका' चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। उन्होंने निर्वाचन आयोग के पत्र की एक प्रति 'एक्स' पर पोस्ट की। निर्वाचन आयोग कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा से पता चला है कि इसने राज्यस्तरीय पार्टी के रूप में मान्यता के मानदंडों को पूरा किया है, इसलिए इसे राज्यस्तरीय पार्टी की मान्यता दी गई है।

# श्री सनातन धर्म मंदिर में स्थापना दिवस समारोह मनाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-45 चंडीगढ़ द्वारा स्थापना दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बीपी अरोड़ा प्रधान हिंदू पर्व महासभा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्री सनातन धर्म मंदिर में स्थापना दिवस 16 जनवरी तक मनाया जाएगा। इसी उपलक्ष्य दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन भजन संकीर्तन का आयोजन होता है, जिसमें विभिन्न सेक्टरों की महिला संकीर्तन मंडलियां भाग ले रही हैं। आज समारोह में विश्व हिंदू परिषद का प्रतिनिधि मंडल भी शामिल हुआ। आज अयोध्या में श्रीराम मंदिर की



स्थापना का प्रथम वर्षगांठ पर मंदिर में 108 दीपों की आरती की गई। अंत में मंदिर के प्रधान हर्ष कुमार, एमएल गोयल महासचिव, उपवरिष्ठ प्रधान सुभाष पटियाल तथा समूह सदस्य गणों ने आए अतिथियों का स्वागत किया।

# 'खैर' के पेड़ काटने पर मंत्री के बेटे के खिलाफ एफआईआर

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के पुत्र पीयूष अग्रवाल के विरुद्ध बिना अनुमति संरक्षित प्रजाति 'खैर' के दो पेड़ काटने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। शिवालिक रेंज के वन संरक्षक राजीव धीमान ने बताया कि पीयूष अग्रवाल के विरुद्ध लैंसडाउन वन प्रभाग की लालढ़ांग रेंज में 'खैर' के पेड़ काटने के मामले में वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

बताया जा रहा है कि पीयूष ने अपनी निजी संपत्ति को विकसित करने के लिए दो दर्जन से अधिक पेड़ काटने की अनुमति ली थी, लेकिन इनके साथ ही संरक्षित प्रजाति 'खैर' के भी दो पेड़ काट दिए गए। प्रेमचंद अग्रवाल ऋषिकेश से विधायक हैं और पुष्कर सिंह धामी सरकार में वित्त मंत्री हैं।

# जीजीडीएसडी फीमेल एंटरप्रेन्योरशिप इनक्यूबेटर लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारत के महानतम सपूतों में से एक स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होगा, तब तक विश्व कल्याण की कोई संभावना नहीं है, एक पक्षी के लिए केवल एक पंख पर उड़ना संभव नहीं है। यह बात सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने शनिवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जीजीडीएसडी फीमेल एंटरप्रेन्योरशिप इनक्यूबेटर के उद्घाटन के अवसर पर कही।



पंजाब के तत्कालीन नाभा एस्टेट की राजमाता (महाराज हिम्मत सिंह की पत्नी और नाभा के अंतिम शासक महाराजा प्रताप सिंह की पुत्रवधू) उमा देवी इस मौके पर मुख्यातिथि थीं। कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और प्रिंसिपल कार्यालय में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

यह कार्यक्रम कॉलेज की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, शहर की स्वयंसेवी संस्था युवसत्ता (यूथ फॉर पीस) और एसडी एल्युमनी एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया था।

इस मौके पर उपस्थित अन्य प्रमुख लोगों में जीजीडीएसडी कॉलेज सोसाइटी के महासचिव प्रोफेसर डॉ. अनिरुद्ध जोशी, श्रीनगर के रहीम मोटर्स और रहीम ग्रीन्स के सीईओ अब्दुल हामिद भट्ट , वरिष्ठ पत्रकार दीपक धीमान, जीजीडीएसडी एल्युमनी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण जुनेजा और युवसत्ता के संस्थापक प्रमोद शर्मा शामिल थे।

## देश-विदेश

# अमेरिका में आग से करोड़ों की संपत्ति स्वाह सांता मोनिका शहर में कर्फ्यू, 11 की मौत

**एजेंसी, कैलिफोर्निया**



**अमेरिका** के कैलिफोर्निया में लगी आग पर पांच दिन बाद भी पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। राष्ट्रपति बाइडेन का कहना है कि अभी भी बहुत से लोग लापता हैं। इस बीच अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में लूटपाट की खबरों के बीच प्रशासन ने कर्फ्यू घोषित कर दिया है। इन क्षेत्रों में 20 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। आग के संकट के बीच अब कैलिफोर्निया के सांता मोनिका शहर में लूटपाट की खबरों के बीच प्रशासन ने कर्फ्यू लगाया दिया है।

लॉस एंजिलिस में लगी से अब तक 16 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। वहीं, आग बुझाने की कोशिशों के बीच कथित पानी की कमी एक बड़ा मुद्दा बन गया है। गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने कहा कि उन्होंने कुछ फायर हाइड्रेंट में पानी की सप्लाई की कमी और सांता यनेज जलाशय से पानी की आपूर्ति की कथित अनुपलब्धता के दावों की स्वतंत्र जांच की मांग की है।

# कोयला खदान में फंसे तीन और मजदूरों के शव बरामद

**गुवाहाटी।** असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे तीन और मजदूरों का शव शनिवार को बचाव अभियान के दौरान बरामद किया गया। अधिकारी ने बताया कि अब तक दो शव बरामद किए जा चुके हैं। पहला शव बुधवार को खदान से निकाला गया था। दोनों खनिक उन नौ खनिकों में शामिल थे जो सोमवार को उमरंगसो स्थित खदान में अचानक पानी भर जाने के कारण फंस गए थे। बचाव अभियान आज सुबह फिर से शुरू हुआ और फंसे हुए खनिकों की तलाश के छठे दिन एक और शव बरामद किया गया। नेपाल के रहने वाले एक खनिक का शव पहले ही बरामद किया जा चुका है।

# दिल्ली में घना कोहरा, विजिबिलिटी कम होने से ट्रेन सेवा प्रभावित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहने के कारण दृश्यता कम हो गई। इससे रेल परिचालन प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि घने कोहरे के कारण 45 ट्रेन विलंबित हुई हैं।



मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में रात साढ़े 12 बजे से देर रात डेढ़ बजे तक न्यूनतम दृश्यता 50 मीटर रही, जो उसके बाद सुधर कर 200 मीटर हो गई और सुबह साढ़े सात बजे तक भी दृश्यता 200 मीटर रही। सुबह के समय कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम में सामान्य है। मौसम विभाग ने दिन में गरज चमक के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 100 प्रतिशत थी।

# मैं ट्रंप को हरा देता, लेकिन पार्टी की एकजुटता की खातिर पीछे हटा: बाइडेन

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह नवंबर में हुए आम चुनावों में ट्रंप को हरा देते, लेकिन उन्होंने डेमोक्रिटिक पार्टी की एकजुटता की खातिर चुनाव के बीच उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया। बाइडेन से संवाददाता सम्मेलन में कहा कि क्या आपको लगता है कि आपने अपने पूर्ववर्ती (ट्रंप) को अपना उत्तराधिकारी बनने का आसान मौका दिया? मुझे लगता है कि मैं ट्रंप को हरा देता, हरा सकता था। मुझे लगता है कि कमला (हैरिस) ट्रंप को हरा सकती थीं। पार्टी को एकजुट करना महत्वपूर्ण है।

# शिवसेना यूटीबी का कांग्रेस से किनारा, अकेले लड़ेगी चुनाव

**एजेंसी, नागपुर**



**शिवसेना** (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी आगामी निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि विपक्षी गठबंधन और महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए है। उन्होंने कहा कि गठबंधन में अलग-अलग दलों के कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिलते और इससे संगठनात्मक विकास में बाधा आती है। हम अपने दम पर मुंबई, ठाणे, नागपुर और अन्य नगर निगमों, जिला परिषदों व पंचायतों के चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी को संकेत दिए हैं कि उसे अकेले चुनाव लड़ना चाहिए। राज्य विधानसभा में एमवीए की हार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के लिए कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार पर निशाना साधते हुए राउत ने कहा कि जो लोग आम सहमति और समझौते में विश्वास नहीं करते, उन्हें गठबंधन में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन ने लोकसभा चुनावों के बाद एक भी बैठक नहीं की।

# आरएसएस के आठ वर्कर्स दोषी करार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की एक अदालत ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के आठ कार्यकर्ताओं को मई 2013 में यहां आलमकोड के पास एक माकपा कार्यकर्ता की पिटाई और चाकू घोंपकर हत्या करने के मामले में दोषी ठहराया। कोर्ट ने शंभू कुमार, श्रीजीत उर्फ उन्नी, हरिकुमार, चंद्रमोहन उर्फ अंबिली और संतोष उर्फ चंदू को हत्या के अपराध के लिए दोषी पाया।

# एक्टर अल्लू अर्जुन को विदेश यात्रा की अनुमति

**एजेंसी, हैदराबाद**



**अभिनेता** अल्लू अर्जुन को कोर्ट ने फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान भगदड़ मचने के मामले में राहत देते हुए जमानत की शर्तों में ढील दी है और उन्हें हर रविवार को जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने से छूट दे दी है। अदालत ने उन्हें इस शर्त के साथ निर्दिष्ट देशों की यात्रा करने की भी अनुमति दी कि उन्हें आवश्यकता पड़ने पर चिक्कड़पल्ली पुलिस थाने के एसएचओ के समक्ष पेश होना होगा। उन्हें निर्देश दिया कि वह एसएचओ को अपनी यात्रा कार्यक्रम की जानकारी दें तथा आरोप पत्र दाखिल होने तक गंतव्य देश में अपने ठहरने के स्थान का विवरण उपलब्ध कराएं।

### पाकिस्तान में पटाखों में विस्फोट, छह की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक गांव में घर के अंदर रखे पटाखों में विस्फोट होने से एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं और एक नाबालिग बच्चा शामिल है। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना लाहौर से लगभग 250 किलोमीटर दूर मंडी बहाउद्दीन के फलिया में घटी।

### रियल एस्टेट सेक्टर में 11.4 बिलियन डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म सीबीआरई के अनुसार भारत के रियल एस्टेट सेक्टर ने 2024 में 11.4 बिलियन डॉलर का इक्विटी निवेश आकर्षित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 54 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इक्विटी निवेश में वृद्धि, मुख्य रूप से डेवलपर्स और संस्थागत निवेशकों से भूमि अधिग्रहण के साथ-साथ रियल एस्टेट के सभी एसेट क्लास में विकास में प्रवाहित हुई। रिपोर्ट में कहा कि घरेलू निवेश प्राइमरी रहा, जिसकी 2024 कैलेंडर वर्ष में कुल इक्विटी निवेश में लगभग 70 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। सिंगापुर, अमेरिका और कनाडा ने वर्ष के दौरान भारतीय रियल एस्टेट में कुल इक्विटी निवेश में कुल मिलाकर 25 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया।

# भाजपा ने किया 'शीशमहल' पर एक गीत और पोस्टर जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भ्रष्टाचार के मुद्दे पर 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए शनिवार को 'शीशमहल' पर एक गीत व पोस्टर जारी किया।



**केजरीवाल ने अपना चरित्र व व्यवहार बदल दिया: सचदेवा**

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के संवाददाता सम्मेलन के दौरान 'शीशमहल आपदा फैलाने वालों का अड्डा' गीत और 'आपदा-ए-आजम'' शीर्षक वाला पोस्टर जारी किया गया। सचदेवा ने कहा कि जो व्यक्ति बदलाव और दिल्ली की सूरत बदलने का वादा करके सत्ता में आया, उसने अपना चरित्र व व्यवहार बदल दिया। दिल्ली के लोग विकास की उम्मीद कर रहे हैं, जबकि केजरीवाल सवाल पूछने पर उन्हें गाली दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह गीत केजरीवाल के 'भ्रष्टाचार' और करदाताओं के पैसे से तैयार 'शीशमहल' की कहानी बयां करता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री रहते हुए केजरीवाल के आवास रहे 6, फ्लैग स्टाफ रोड बंगले को भाजपा 'शीशमहल' कहती है।

# कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन इमारत ढही, 20 से अधिक मजदूर जखमी

**एजेंसी, कन्नौज**

उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रेलवे स्टेशन पर शनिवार को अमृत भारत योजना के तहत निर्माणाधीन दो मंजिला एक इमारत का लिंटर ढहने से मलबे में 20 से अधिक मजदूर दब गए। पुलिस के मुताबिक मलबे में कई मजदूरों के दबे होने की आशंका है। इस घटना के बाद तत्काल बचाव अभियान शुरू क किया गया और छह घायल मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला गया और उन्हें अस्पताल भेजा गया है।



इस घटना में अब तक कुल 23 लोग घायल हुए हैं। बचाव प्रयासों की निगरानी के लिए मौके पर पहुंचे समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि इस हादसे में अब तक 23 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 20 लोगों को मामूली चोटें आई हैं और तीन को गंभीर चोटें आई हैं। घटनास्थल पर बचाव अभियान अभी भी जारी है और इसमें कुछ और समय लगेगा। मंत्री ने कहा कि जो इमारत ढही है, वह कन्नौज रेलवे स्टेशन का नया टर्मिनल है, जिसका निर्माण अमृत योजना के तहत किया जा रहा है। बचाव अभियान पूरा होने के बाद घटना की गहन जांच की जाएगी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता मुक्केबाज निशांत देव बने पेशेवर



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज निशांत देव अपने एमेच्योर करियर को अलविदा कहकर पेशेवर बन गए हैं। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले निशांत ने एडी हर्न और मैचरूम बॉक्सिंग के साथ अनुबंध किया है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी 25 जनवरी को लॉस वेगास में द कॉस्मोपॉलिटन में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत करेगा। उनके प्रतिद्वंद्वी की अभी घोषणा नहीं की गई है। यह आयोजन स्टीव नेल्सन और डिएगो पाचेको के बीच सुपर मिडिलवेट मुकाबले के कारण सुर्खियों में है।

### श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को तीसरे वनडे में 140 रन से हराया

**ऑकलैंड।** असिथ फर्नांडो और महीष तीक्षणा के छह विकेट की मदद से श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 29.4 ओवर में 150 रन पर आउट करके तीसरा एक दिवसीय क्रिकेट मैच 140 रन से जीत लिया। फर्नांडो ने 26 रन देकर और तीक्षणा ने 35 रन देकर 3-3 विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम जीत के लिए 291 रन के लक्ष्य के जवाब में 150 रन पर आउट हो गई। एशान फर्नांडो ने भी 35 रन देकर तीन विकेट चटकाए। न्यूज़ीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2 . 1 से अपने नाम की। पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह उसका आखिरी मैच था। इससे पहले पाथुम निसांका के 66 रन की मदद से श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 290 रन बनाए।

### बैडमिंटन : सात्विक-चिराग की जोड़ी मलेशिया ओपन सेमीफाइनल में हारी

**कुआलालंपुर।** भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के किम वोन हो और सियो सियुंग जाए से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। 7वीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग को 40 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 10-21, 15-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। अब सात्विक और चिराग 14 जनवरी से इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट खेलेंगे।

### जुब्बल में 30 टीमें दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में ले रही भाग



**दशमी रावत, जुब्बल।** हाटेश्वरी यूथ क्लब द्वारा दो दिवसीय अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की गंभीर बुराई के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि के रूप में सैल्यूट तिरंगा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन राठौर मौजूद रहे। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आई 30 टीमें भाग ले रही है। इस अवसर पर हाटेश्वरी यूथ क्लब के प्रधान वंश दुल्टा, उपप्रधान योगेश, सचिव साहिल कुमार चैयरमेन मोहित शर्मा व लवनीश वर्मा मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**महिला क्रिकेट** आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का दूसरा एकदिवसीय मुकाबला आज

# सीरीज जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**एजेंसी, राजकोट**

युवा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से पहले मैच में आसान जीत दर्ज करने वाली भारतीय महिला टीम आयरलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा खेल जारी रखकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। अपेक्षाकृत कम अनुभवी टीम उतारने के बावजूद भारत ने पहले वनडे में छह विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की सीरीज में 1–0 की बढ़त बनाई।

कप्तान स्मृति मंधाना ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखकर 41 रन बनाकर भारत को ठोस शुरुआत दिलाई जबकि प्रतिका रावल और तेजल हसब्निस ने शतकीय साझेदारी निभाकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।

भारत के लिए यह जीत इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाजी की अगुआ रेणुका सिंह को विश्राम दिया गया है और वे इस सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाली रेणुका की अनुपस्थिति में टिटास साधु ने अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि सयाली सतघरे और साइमा ठाकोर ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की। स्पिन विभाग में प्रिया मिश्रा और उपकप्तान दीप्ति शर्मा ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। भारत का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा। उसने लीह पॉल को दो बार जीवनदान दिया, जिससे आयरलैंड चार विकेट पर 56 रन से उबरकर 200 से अधिक रन बनाने में सफल रहा।



फाइल फोटो

**पहले वनडे मैच में भारत का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं था**

आयरलैंड के लिए कप्तान गैबी लुईस ने 92 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन उन्हें मध्यक्रम से सहयोग नहीं मिला। पॉल ने भी जीवनदान का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़ा। आयरलैंड को अगर भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उसके अन्य बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

आयरलैंड के लिए सबसे बड़ी निराशा उसका गेंदबाजी आक्रमण रहा। तीन विकेट लेने वाली एमी मैगुइरे को छोड़कर उसके बाकी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ पाए, जिससे भारत ने 15 ओवर शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर दिया।

**मैच : सुबह 11 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत।** स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे में से।

**आयरलैंड।** गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कूल्टर रीली, अलाना डाल्जेल, लौरा डेलानी, जॉर्जीना डेम्प्सी, सारा फोर्ब्स, अर्लीन केली, जोआना लॉफ्रान, एमी मैगुइरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडरगैस्ट, ऊना रेमंड-होए, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल में से।

### हिमाचल के जामवाल ने पूर्व युवा चैंपियन को हराया

**बरेली।** हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल ने पूर्व विश्व युवा चैंपियन वंशज कुमार को हराकर उलटफेर किया जबकि शिव थापा और सचिन सिवाच ने अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को यहां 8वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

जामवाल ने 63.5 किग्रा वर्ग में 2022 के विश्व युवा चैंपियन सेना के वंशज को 5–0 से हराकर अंतिम–8 में अपनी जगह सुरक्षित की। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता थापा ने असम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया और 60–65 किग्रा वर्ग में हिमांशु सांगवान को आसानी से 5–0 से पराजित किया।

पूर्व विश्व युवा चैंपियन सचिन सिवाच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मणिपुर के किंग्सन पुखरामबम को इसी अंतर से हराया। राजस्थान के देवेंद्र सोलंकी ने 47–50 किग्रा वर्ग में लगातार तीसरी जीत हासिल की। उन्होंने मिजोरम के ज़ोरमुआना को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

## महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरी महाराज ने किया सांसद महाकुंभ 3.0 का शुभारंभ

**एसके ठाकुर, बड़सर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का आयोजन बिझड़ी के लाल स्टेडियम में करवाया जा रहा है। शनिवार को 'खेलेगा हिमाचल जीतेगा हिमाचल' सांसद महाकुंभ 3.0 का शुभारंभ उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ दियोटसिद्ध के महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरी जी महाराज ने बिझड़ी के लाल स्टेडियम में किया।

मुख्यातिथि ने कहा की सांसद अनुराग ठाकुर खिलाड़ियों को एक अच्छा मंच मिल सके इसी उद्देश्य से हर साल खेल महाकुंभ का आयोजन करवाते हैं। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

महाकुंभ 3.0 में कबड्डी का पहला मैच लाल स्टेडियम में शिवा युवा क्लब महारल तथा सौर के बीच खेला गया। महारल ने सौर को 63–26 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दूसरा मैच इंदिरा मेमोरियल भोटा तथा आईटीआई बीड़ू के बीच खेला गया, जिसमें बीड़ू की टीम ने भोटा को 26–9 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। इस टूर्नामेंट में खंड स्तर की 20 टीम में भाग ले रही हैं।



इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ने महंत राजेंद्र गिरी जी को शॉल टोपी पहनकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटियाल, संजीव कुमार, सुरेंद्र कुमार अग्निहोत्री, भाजपा नेता संजीव कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## आरएफसी अंबोटा स्टार फुटबॉल ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



मुख्यातिथि एडवोकेट सोहराव कालिया के साथ खिलाड़ी।

जिला ऊना की प्रतिष्ठित स्टार फुटबॉल ट्राफी का खिताब अपने नाम करने के लिए ठंड के मौसम में भी मैदान में जोर आजमाइश कर रहे खिलाड़ियों के बदन पसीने से भीगे रहे। स्टार फुटबाल ट्राफी के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता के दूसरे दिन विधायक राकेश कालिया के बेटे एडवोकेट सोहराव कालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

एएफसी अंबोटा–ए व आरएफसी अंबोटा के बीच हुए कांटे के मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट में आरएफसी अंबोटा ने सात–छह से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं यूनाइटेड फुटबॉल क्लब अंबोटा ने फुटबाल क्लब अंब को 4–0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। फुटबाल क्लब मवा कहोलां व शिव शंकर क्लब पंजावर के बीच हुए मुकाबले में फुटबाल क्लब मवा कहोलां ने 3–0 से जीत दर्ज की।

**4–0 से फुटबाल क्लब अंब को हराकर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब अंबोटा अगले दौर में**

लाडी इलेवन व बाबा नागनाथ क्लब के बीच हुए मुकाबले में बाबा नागनाथ क्लब ने 5–0 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया।

एडवोकेट सोहराव कालिया ने कहा कि विधायक राकेश कालिया शिक्षा के साथ–साथ खेलों को भी विशेष महत्व देते हैं और अंबोटा के खेल मैदान के लिए उन्होंने 15 लाख रुपए स्वीकृत करवाए हैं।

उन्होंने स्टार फुटबॉल ट्राफी के सफल आयोजन के लिए 11 हजार रुपए भी प्रदान किए।

### कबड्डी टूर्नामेंट का भी हुआ आगाज

**स्टार** फुटबॉल ट्राफी के साथ–साथ अंबोटा के खेल मैदान में कबड्डी टूर्नामेंट का भी विधिवत आगाज हो गया। एडवोकेट सोहराव कालिया ने टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। कबड्डी टूर्नामेंट के पहले दिन अंडर-17 टीमों के मुकाबले हुए, जिसमें युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी व समाजसेवी विश्वनजीत सिंह पटियाल के सहयोग से करवाए जा रहे इस टूर्नामेंट में ओपन वर्ग में विजेता टीम को 71 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कर दिया जाएगा, जबकि अंडर-17 में विजेता टीम को 21 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा।

अनंत Classifieds
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 98168-75517

